e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 85
# प्रभात मंत्र
बुधवार
29.03.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
विज्ञानं हमे सोचना सिखाता है, लेकिन प्रेम हमें मुस्कुराना सिखाता है।

ताजा खबरों के लिए देखें

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

## रोजा का समय
इफ्तार (29/03/23) 06:05
सेहरी (30/03/23) 04:21

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

## रांची का तापमान
अधिकतम 26°
न्युनतम 12°

## महागौरी



श्वेते वृषे समरूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोददा।।
मां दुर्गा के आठवें स्वरूप का नाम महागौरी है। दुर्गा पूजा के आठवें दिन महागौरी की उपासना का विधान है। इनकी शक्ति अमोघ और फलदायिनी है। इनकी उपासना से भक्तों के सभी कलुष धुल जाते हैं।

सीएम की उपस्थिति में कृषक पाठशाला के लिए सूचीबद्ध कार्यकारी एजेंसीज और पशुधन आपूर्तिकर्ताओं के बीच हुआ एमओयू

# किसानों की आय बढ़ाने का हो रहा प्रयास : हेमंत

### कृषि सिर्फ अर्थव्यवस्था ही नहीं, बल्कि मानव व्यवस्था को भी मजबूत करती है

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : कृषि सिर्फ अर्थव्यवस्था ही नहीं, बल्कि मानव व्यवस्था को भी मजबूत करती है। विशेषकर, झारखंड जैसे राज्य की ÷आत्मा÷ कृषि में बसती है , क्योंकि यहां की 70 प्रतिशत आबादी कृषि और पशुधन से जुड़ी है । ऐसे में सरकार का कृषि और किसानों के विकास पर विशेष फोकस रहा है। किसानों- पशुपालकों के स्वावलंबी, सशक्तीकरण और आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं ।इसी कड़ी में किसान पाठशाला के माध्यम से किसानों को उन्नत कृषि और कृषि कार्य के आधुनिक तकनीकों की जानकारी देने के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना -सह- कृषक पाठशाला के लिए सूचीबद्ध एजेंसीज और पशुधन आपूर्तिकर्ताओं के साथ एमओयू और नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ये बातें कही।मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की जरूरतों और आवश्यकताओं को कैसे पूरा किया जाए, इस दिशा में नीति निर्धारण करने के साथ कई योजनाएं शुरू की गई है । सरकार ने बजट में कृषि के लिए चार हजार करोड़ रुपए से ज्यादा राशि का प्रावधान रखा है। किसानों को सशक्त बनाने के लिए हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना और किसान पाठशाला जैसी योजनाओं के साथ तालाब निर्माण, कूप निर्माण और सिंचाई परियोजनाओं को मजबूत किया जा रहा है। वहीं, पशुधन योजनाओं से किसानों को जोड़ा जा रहा है । इसके अलावा वन उपज को बढ़ावा देने के लिए सिदो -कान्हू कोऑपरेटिव फेडरेशन की बनाई गई है। इन सभी का मकसद किसानों को आत्मनिर्भर बनाना है । सरकार ने कृषि उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में भी निरंतर कार्य कर रही है। नए राइस मिल खोले जा रहे हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में लैम्प्स -पैक्स को मजबूत करने के साथ गोदाम तथा कोल्ड स्टोरेज बनाया जा रहा है।

#### कृषि पदाधिकारियों की हुई नियुक्ति
मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 32 वर्षों के बाद कृषि पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इसका मकसद कृषि से जुड़े कार्यों और खेती के लिए किसानों को सहयोग करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज किसान खेतिहर मजदूर बनते जा रहे हैं। ऐसे में किसानों को कृषि से जोड़े रखने के लिए सरकार लगातार कदम उठा रही है।



#### 17 एजेंसियों के साथ एमओयू , 26 पशु चिकित्सकों को मिला नियुक्ति पत्र
मुख्यमंत्री की उपस्थिति में किसान पाठशाला के लिए 17 सूचीबद्ध कार्यकारी एजेंसियों और पशुधन आपूर्तिकर्ताओं के साथ एमओयू हुआ। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 26 पशु चिकित्सकों और 7 कर्मियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

#### इनकी रही उपस्थिति
इस अवसर पर कृषि मंत्री बादल, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना डाडेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीक, और कृषि निदेशक चंदन कुमार सिंह निदेशक उद्यान निसार अहमद कृषि विभाग के विशेष सचिव प्रदीप हजारी और अपर सचिव अंजनी कुमार समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

#### पशुधन योजना के तहत दिए जाने वाले पशुओं का होगा इंश्योरेंस
मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत लाभुकों को दिए जाने वाले पशुओं का भी इंश्योरेंस कराया जाएगा। ताकि, किन्ही वजहों से मवेशियों की मौत होने पर किसानों को किसी प्रकार का आर्थिक नुकसान नहीं उठाना पड़े। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि समृद्ध किसानों - पशुपालकों के पशुओं के इंश्योरेंस के लिए भी बैंकों से बातचीत की जाएगी।

## सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के लिए हेट स्पीच का त्याग मौलिक जरूरत : सुप्रीम कोर्ट



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि देश में सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के लिए हेट स्पीच का त्याग एक मूलभूत आवश्यकता है। हेट स्पीच के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस केएम जोसेफ और बीवी नागरत्ना की बेंच ने यह टिप्पणी की। पीठ ने मौखिक रूप से कहा कि सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के लिए हेट स्पीच का परित्याग करना मूलभूत आवश्यकता है। शीर्ष अदालत ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से यह भी पूछा कि एफआईआर दर्ज करने के लिए क्या कार्रवाई की गई है क्योंकि केवल शिकायत दर्ज करने से हेट स्पीच की समस्या का समाधान नहीं होने वाला है। मेहता ने अदालत को बताया कि नफरत फैलाने वाले भाषणों के संबंध में 18 प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज की आपत्ति के बावजूद इस मामले में अगली सुनवाई के लिए बुधवार को सूचीबद्ध किया गया है। यह मानते हुए कि संविधान भारत को एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में देखता है, शीर्ष अदालत ने पिछले साल 21 अक्तूबर को दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों को नफरत फैलाने वाले भाषणों के मामलों में कड़ी कार्रवाई करने और शिकायत दर्ज होने की प्रतीक्षा किए बिना दोषियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने का निर्देश दिया था। अदालत ने यह भी चेतावनी दी थी कि इस ÷अत्यंत गंभीर मुद्दे÷ पर कार्रवाई करने में प्रशासन की ओर से कोई भी देरी अदालत की अवमानना को आमंत्रित करेगी।

## झुमरीतिलैया में आयकर विभाग ने की छापेमारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा:** आयकर विभाग ने कोडरमा जिले के झुमरीतिलैया शहर स्थित कई प्रतिष्ठानों पर एक साथ छापेमारी की। इसमें मुख्य रूप से ग्रिजली विद्यालय के निदेशक अविनाश सेठ के आवास, कार्यालय, राइस मिल, बीएड कॉलेज के अलावा उनके संबंधी के कन्हैया मिष्ठान सहित अन्य जगहों पर एक साथ रेड मारी गई।

## माफिया अतीक अहमद को उम्रकैद



**एजेंसी**


**प्रयागराज (यूपी)** : 17 साल पुराने उमेश पाल अपहरण केस में प्रयागराज की एमपी-एमएलए कोर्ट ने बाहुबली अतीक अहमद समेत 3 आरोपियों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई. कोर्ट ने अपहरण के इस मामले में अतीक के अलावा हनीफ, दिनेश पासी को भी दोषी पाया है. कोर्ट ने तीनों पर 1- 1 लाख का जुर्माना भी लगाया. जबकि अतीक के भाई अशरफ समेत 7 को बरी कर दिया गया. उमेश पाल 2005 में हुए राजूपाल हत्याकांड में मुख्य गवाह था. उमेश की 24 फरवरी 2023 को प्रयागराज में गोली मारकर हत्या कर दी गई. इस मामले में भी अतीक, उसका भाई अशरफ, बेटा असद समेत 9 लोग आरोपी हैं. इससे पहले सोमवार को अतीक अहमद को गुजरात की साबरमती जेल से प्रयागराज लाया गया. उसके भाई अशरफ को बरेली से प्रयागराज लाया गया. इसके अलावा एक अन्य आरोपी फरहान को भी नैनी जेल लाया गया था. साल 2005 में बसपा विधायक राजू पाल की सरेआम गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी. जब राजू पाल, उनकी पत्नी पूजा पाल और उमेश पाल बीएसपी में थे. जबकि अतीक अहमद और उनके भाई अशरफ समाजवादी पार्टी में हुआ करते थे. साल 2004 में अतीक अहमद यूपी की फूलपुर लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के टिकट पर जीत कर सांसद बन चुके थे. इससे पहले वह इलाहाबाद पश्चिम विधानसभा सीट से विधायक थे. लेकिन उनके सांसद बन जाने के बाद वो सीट खाली हो गई थी. कुछ दिनों बाद उपचुनाव का ऐलान हुआ.

इस सीट पर सपा ने सांसद अतीक अहमद के छोटे भाई अशरफ को अपना उम्मीदवार बनाया. इसी चुनाव में बसपा से राजू पाल को टिकट मिल गया और वो अशरफ के खिलाफ चुनाव मैदान में उतर गए. चुनाव हुआ तो उन्होंने अतीक अहमद के भाई अशरफ को हरा दिया और विधायक बन गए. अतीक और उसका परिवार उपचुनाव में मिली हार पचा नहीं पा रहा था. 25 जनवरी 2005 को राजूपाल की हत्या कर दी गई.

# मजबूत लड़ाई के लिए तैयार रहें भाजपा नेता : पीएम मोदी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** पीएम नरेंद्र मोदी ने भाजपा नेताओं को मजबूत लड़ाई लड़ने के लिए तैयार रहने को कहा है। मंगलवार को संसद परिसर में हुई भाजपा संसदीय दल की बैठक में पीएम ने कहा कि पार्टी जितना अधिक उठेगी और सफल होगी, विपक्ष के हमले उतने ही ज्यादा होंगे। संसदीय बैठक की शुरुआत पीएम मोदी के जोरदार स्वागत के साथ हुई। हाल ही में तीन राज्यों त्रिपुरा, नगालैंड और मेघालय हुए चुनावों में भाजपा की जीत से खुश सांसदों ने पीएम मोदी को धन्यवाद कहा। इस दौरान भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया। बताया गया कि बैठक के दौरान पीएम ने कहा कि भाजपा जितनी सफलता का स्वाद चखती रहेगी, दूसरी ओर से हमले उतने ही बढ़ते जाएंगे। हमें कड़ी लड़ाई के लिए तैयार रहना होगा। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बताया कि पीएम ने सभी सांसदों को 15 मई से 15 जून तक अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में जाने को कहा है। साथ ही सभी सांसदों से भाजपा सरकार के 9 साल के कामकाज का प्रचार करने को भी कहा गया है। पीएम मोदी का ये बयान ऐसे वक्त आया है जब विपक्ष के हंगामे के चलते संसद नहीं चल पा रही है। विपक्षी जल अदाणी मुद्दे पर जेपीसी जांच की मांग कर रहे हैं। साथ ही राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने के मुद्दे पर भी विपक्षी सांसद सरकार को घेर रहे हैं। उधर, बीजेपी राहुल गांधी से लंदन में दिए बयान को लेकर माफी की मांग कर रहे हैं। संसद के दोनों सदनों में मंगलवार को भी जोरदार हंगामा हुआ। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी दलों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। हंगामे के चलते लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही को दोपहर तक स्थगित कर दिया गया है।



पीएम मोदी का ये बयान ऐसे वक्त आया है जब विपक्ष के हंगामे के चलते संसद नहीं चल पा रही है। विपक्षी जल अदाणी मुद्दे पर जेपीसी जांच की मांग कर रहे हैं। साथ ही राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने के मुद्दे पर भी विपक्षी सांसद सरकार को घेर रहे हैं।

## क्विक न्यूज

### नक्सल प्रभावित छह जिलों में लगेंगे मोबाइल टॉवर
**रांची।** चतरा,चाईबासा समेत छह जिलों के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (यूएसओएफ) परियोजना के तहत मोबाइल टॉवर लगाये जाएंगे। इसको लेकर मंगलवार को एडीजी अभियान संबंधित जिले के एसपी के साथ झारखंड पुलिस मुख्यालय में समीक्षा बैठक करेंगे, जिन जिलों के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में मोबाइल टॉवर लगाये जायेंगे, उसमें चतरा, कोडरमा, गिरिडीह, सरायकेला, चाईबासा और गढ़वा शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि मोबाइल टावर के चालू होने से ब्रॉडबैंड की पहुंच बढ़ेगी। इससे कई गांवों को कवरेज प्रदान करने और डिजिटल विभाजन को रोकने में मदद मिलेगी। साथ ही मोबाइल कवरेज इन नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में वामपंथी उग्रवाद से निपटने में गेम चेंजर साबित हो सकता है।

### 24 कैदियों को रिहा करने पर बनी सहमति
**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक में आजीवन सजा काट रहे 50 कैदियों की रिहाई की समीक्षा हुई। इस दौरान अदालतों, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक, जेल अधीक्षक और प्रोबेशन पदाधिकारी के मंतव्य पर विचार -विमर्श के बाद 24 कैदियों के रिहा करने पर सहमति बनी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी कैदी रिहा किए जाते हैं, उनका डाटा बैंक बनाया जाए। जेल से निकलने कर बाद इन कैदियों की गतिविधियों की ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग की व्यवस्था होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि समय-समय पर इन कैदियों की प्रॉपर काउंसलिंग भी होनी चाहिए। इसके अलावा इन्हें सरकार की योजनाओं से भी जोड़ा जाए। ताकि वे मुख्यधारा से जुड़े रहे । वहीं, जरूरतमंद कैदियों के पुनर्वास की भी व्यवस्था होनी चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना डाडेल, विभाग के प्रधान सचिव -सह -विधि परामर्शी नलिन कुमार, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, न्यायिक आयुक्त अरुण कुमार राय और कारा महानिरीक्षक उमा शंकर सिंह मौजूद थे।

# विश्व को शिक्षा देने के लिए हुई थी विश्व भारती की स्थापना : राष्ट्रपति मुर्मू

**एजेंसी**

**कोलकाता।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने भारत को ज्ञान के मुख्य केंद्र के तौर पर देखा था। पूरे विश्व को ज्ञान देने के लक्ष्य के साथ ऐतिहासिक विश्व भारती विश्वविद्यालय की स्थापना हुई थी।

मंगलवार को बीरभूम जिले के शांति निकेतन स्थित विश्वभारती विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंची राष्ट्रपति ने विश्वविद्यालय की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का स्मरण करते हुए कहा कि यहां आना तीर्थाटन से कम नहीं है। अपने संबोधन में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि मुझे कई शिक्षण प्रतिष्ठानों का दौरा करने का सौभाग्य मिला लेकिन विश्व भारती की मेरी यह यात्रा बहुत खास है क्योंकि यह दुनिया के सबसे महान विचारकों में से एक गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की स्मृतियों से जुड़ी हुई है। गुरुदेव ने भारत को ज्ञान के केंद्र के रूप में देखा था और इसी ज्ञान से पूरे विश्व को शिक्षित करने के लक्ष्य के साथ विश्व भारती की स्थापना हुई थी। उन्होंने कहा कि भारत और पड़ोसी बांग्लादेश के राष्ट्रगान जन गण मन और आमार सोनार बांग्ला की रचना इसी ज्ञान की ओर संकेत देती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को भविष्य में बेहतर कार्य करने की शुभकामनाएं दी और राष्ट्रीय कर्तव्य बोध को ध्यान में रखने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में उपस्थित राज्यपाल डॉक्टर सीवी आनंद बोस और विश्वविद्यालय के कुलपति विद्युत चक्रवर्ती ने भी समारोह को संबोधित किया। दौरे के दूसरे दिन मंगलवार सुबह राष्ट्रपति सबसे पहले बेलूर मठ गईं। उसके बाद एक राष्ट्रीयकृत बैंक के 80 साल पूरे होने के कार्यक्रम में शिरकत करने के बाद विश्वभारती के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होने शांति निकेतन पहुंची थी। इस समारोह के बाद राष्ट्रपति पश्चिम बंगाल का दो दिवसीय दौरा समाप्त कर दिल्ली लौट गई हैं।



## पैन को आधार से लिंक करने की समय-सीमा 30 जून तक बढ़ी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने पैन कार्ड को आधार से लिंक करने की समय-सीमा को तीन महीने बढ़ाकर 30 जून कर दी है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी है। सीबीडीटी के मुताबिक करदाताओं को राहत देने के लिए पैन कार्ड के साथ आधार को लिंक करने की समय-सीमा को 31 मार्च से बढ़ाकर 30 जून, 2023 कर दिया गया है। इससे पहले भी पैन-आधार लिंक करने की आखिरी तारीख दो बार बढ़ाई जा चुकी है। पहली बार इसे 30 जून, 2022 तक बढ़ाया गया, जिसके बाद बढ़ाकर 31 मार्च, 2023 कर दिया गया था।

बयान के मुताबिक आयकर कानून 1961 के तहत एक जुलाई, 2017 तक जिस भी व्यक्ति को पैन कार्ड जारी किया गया है। उसे अपने आधार के साथ पैन को लिंक करना अनिवार्य है। सरकार ने एक अप्रैल, 2022 से पैन-आधार लिंक करने की फीस 500 रुपये रखी थी, जिसे एक जुलाई 2022 से बढ़ाकर 1,000 रुपये कर दिया है। इससे पहले तय फीस का भुगतान कर 31 मार्च, 2023 तक पैन को आधार नंबर से जोड़ना था, जिसे तीन महीने और बढ़ा दिया गया है।



## संक्षिप्त खबरे

### माता हीरामणि कांवरिया का भंडारा 30 को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** माता हीरामणि देवी निःशुल्क कांवरिया सेवा शिविर के सेवा सदन डालटनगंज स्थित कार्यालय में संध्या 7 बजे माता हीरामणि सेवा टीम, डालटनगंज और अग्रवाल क्लब, डालटनगंज की संयुक्त बैठक किया गया। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि श्रीरामनवमी पूजा के उपलक्ष्य में दोनों की सहभागिता से हर साल की भांति इस साल भी दिनाँक 30-03-2023 दिन (गुरुवार) को दोपहर 11बजे से अम्बेडकर पार्क, थाना रोड के निकट भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा।जिसमें पूड़ी, सब्जी, बुंदिया, आचार, पानी का वितरण किया जाएगा।साथ ही साथ यह भी निर्णय लिया गया कि 30-03-2023(गुरुवार) को रात्रि 8बजे से छःमुहान चौक पर भव्य भंडारा किया जाएगा।जिसमें खास्ता कचौड़ी, छोला, फल, जूस बोतल तथा पानी बोतल का वितरण किया जाएगा।

# उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को समाहरणालय स्तिथ अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया.जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया.जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया. जनता दरबार में चैनपुर से आयी नेहा कुमारी ने उपायुक्त के समक्ष अपने ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ित किये जाने को लेकर शिकायत किया.उन्होंने डीसी से कहा कि दहेज की मांग को लेकर उनके ससुराल वाले उससे मारपीट करते हैं इसकी शिकायत उसने चैनपुर थाने व महिला थाने में की लेकिन अबतक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गयी है इसपर



उपायुक्त ने महिला थाना प्रभारी को कॉल कर एफआईआर दर्ज करने की बात कही। इसी तरह लघु सिंचाई मेदनीनगर प्रमंडल के रिटायर्ड जंजीरवाहक दिनेश प्रसाद सिंह ने उपायुक्त को बताया कि महालेखाकार रांची द्वारा उनको सेवानिवृत्ति के उपरांत उपादान की स्वीकृति प्रदान किया गया है परंतु कोषागार पदाधिकारी पलामू द्वारा स्वीकृति आदेश की कोषागार प्रती गुम हो जाने के कारण उनका भुगतान लंबित है.अतः उन्होंने उपायुक्त से अपने उपादान भुगतान करवाने हेतु अनुरोध किया इसपर उपायुक्त ने कोषागार पदाधिकारी को अपने कार्यालय में बुलाकर रिटायर्ड कर्मी के उपादान भुगतान सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। इसी तरह छतरपुर से आयी मालती देवी ने कहा कि उनका एकमात्र मकान एनएच 98 के नवनिर्माण सड़क के क्षेत्र में आ गया है जिसका पुनः मूल्यांकन की आवश्यकता है उन्होंने डीसी से इस विषय पर पुनः मूल्यांकन हेतु अनुरोध किया इसपर उपायुक्त ने त्वरित कार्रवाई करते हुए भू-अर्जन विभाग के अमीन को बुलाकर उचित कार्रवाई करने की बात कही। इसी तरह सेवानिवृत्ति शिक्षक उमेश प्रसाद चौधरी ने भी उपायुक्त से रिटायरमेंट के पश्चात पेंशन व अन्य पावना नहीं मिलने की शिकायत की जिसके बाद उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधीक्षक को उचित कार्रवाई करने की बात कही

**उपायुक्त ने विभिन्न मामलों को लेकर कई बीडीओ-सीओ को किया फोन :** जनता दरबार में आये विभिन्न फरियादियों के मामलों के निष्पादन हेतु उपायुक्त ने सदर सीओ,जिला शिक्षा अधीक्षक, मनातू सीओ, हुसैनाबाद एसडीओ विभिन्न अंचलाधिकारी समेत कई पदाधिकारियों को ऑन स्पॉट फोन कर मामलों का तेज़ गति से निष्पादित करने हेतु निर्देशित किया। इसी तरह आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, वृद्धा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज से जुड़े आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## हुसैनाबाद एसडीओ ने अधुरा आवास योजना को पूर्ण कार्य करने का दिया निर्देश



**हुसैनाबाद (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक हुई इस बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी रतन कुमार सिंह, पंचायत सेवक रोजगार सेवक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण ने कहा कि अपने अपने क्षेत्रों अधुरे पड़े हुए पीएम आवास योजना को जल्द पूरा करने के लिए तेजी लाएं। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रतन सिंह ने कहा कि पीएम आवास योजना लापरवाही के कारण अधुरे पड़े हुए हैं अपने कार्यशैली में तेजी लाने की जरूरत है मौके पर पंचायत सेवक सुर्यदेव राम, वशिष्ठ तीवारी, रोजगार सेवक अजय कुमार यादव, धर्मेंद्र कुमार, अशोक कुमार, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## पीएम आवास योजना को लेकर की गई समीक्षा बैठक



**पांडू, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के पांडू प्रखंड कार्यालय में पीएम आवास योजना को लेकर की गई समीक्षा बैठक। समीक्षा बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव ने सभी पंचायत के पंचायत स्वयंसेवकों के साथ पीएम आवास के कार्यों की समीक्षा की। इसके अंतर्गत जिन पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना का कार्य धीमा है और जहां पर आवास पूर्ण नहीं हो रहा है वहां तत्काल आवास पूर्ण कराने की बात की. उन्होंने कहा जो लाभुक कार्य नहीं कर रहे है उनकी सूची कार्यालय में जमा करें। आगे उन्होंने कार्य नहीं करने वाले लाभुकों पर सर्टिफिकेट केस करने की भी बात कही है। मौके पर आवास समन्वयक संतन कुमार गुप्ता, के साथ सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# हुसैनाबाद के नदीघाटों पर आस्था के महान चैती छठ पर्व उदीयमान सूर्य को अर्घ्य साथ हुआ संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** हुसैनाबाद के विभिन्न क्षेत्रों में आस्था के महान चैती छठ लंगर कोट त्रिवेणी सरोवर छठ घाट, छठ पोखरा जपला, दगवार सोन नदी घाट, देवरी सोन नदी घाट, एवम अन्य जलासयो पर उदीईमान सूर्य को श्रद्धालुओ द्वारा अर्घ्य दिया ओर अपने परिवार के सुख शांति के लिए प्रार्थना किया उपासना का महापर्व छठ पूजा पूरे भक्ति भाव के साथ श्रद्धापूर्ण माहौल में मनाई गई ।वहीं जपला जेपी चौक स्थित छठ पोखरा, दिनेश चौक के समीप उत्तर कोयल नहर स्थित जमुहारी माई छठ घाट, दंगवार के सोन तट स्थित ऐतिहासिक सूर्य मंदिर छठ घाट, देवरी सोन नदी आदि अन्य जगहों पर छठ पूजा की गई। व्रती अपने स्वजनों के साथ पारम्परिक छठ गीत व गाजा बजा के साथ तो कई व्रती दण्डवत देते हुए छठ घाट पहुंचे। स्नान ध्यान कर उगते हुए भगवान सूर्य को अर्ध्य अर्पित किया। सुख, शांति, समृद्धि व



स्वस्थ जीवन की कामना किया। इस दौरान पारम्परिक छठ गीत से घाट गुंजयमान रहा। मंगलवार को उदयीमान सूर्य को अर्ध्य देने के साथ ही चार दिवसीय सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा संपन्न हो जाएगा। मान्यता के अनुसार उदईममान सूर्य को अर्घ्य देने का विशेष महत्व है। मान्यताओं के अनुसार उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने से आयु, आरोग्यता, यश, संपदा और आशीष की प्राप्ति होती है। वहीं उगते सूर्य को अर्घ्य देने से आरोग्य, आयु, विद्या, यश और बल की प्राप्ति होती है। दोनों अर्घ्य का विशेष महत्व है। दोनों दिन व्रती तालाब, नदी या अन्य सरोवर में खड़ा होकर भगवान भास्कर को अर्घ्य देते हैं। मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ छठन पासवान नगर उपाध्यक्ष ज्ञयासुदीन सिद्धिकी आर्चाय द्रोणाचार्य चार धाम अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता शिवपूजन प्रसाद गुप्ता मुकेश कुमार पटेल शिक्षक मनोज कुमार चौधरी पवन कुमार चौधरी सहित अन्य व्रतधारियों मौजूद थे।

# एसडीओ ने बंशीधर महोत्सव को लेकर किया बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** बंशीधर महोत्सव को लेकर अनुमंडल कार्यालय के सभागर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महोत्सव को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीओ आलोक कुमार ने महोत्सव की तैयारियों के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दिया। बताया कि महोत्सव के लिए इवेंट कंपनी का चयन कर लिया गया है। प्रशासन महोत्सव की तैयारी में लगी है। इसमें आम लोगो का सहयोग भी जरूरी है। बैठक में एसडीओ ने उपस्थित लोगों से बंशीधर महोत्सव को राष्ट्रीय पहचान दिलाने में बढ़-चढ़कर सहयोग करने की अपील किया। उन्होंने कहा कि महोत्सव कराने का उद्देश्य बंशीधर मंदिर को राष्ट्रीय पहचान दिलाना है। प्रशासन की ओर से महोत्सव को लेकर लगातार तैयारी की जा रही है। स्थानीय लोग भी महोत्सव को भव्य और दिव्य बनाने में कोई कोर कसर नही छोड़े। जिससे कि नगर की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर बन सके। इस दौरान सांसद की पुत्री स्मिता आनंद ने भी लोगो से अपनी



महत्वपूर्ण निभाने के साथ-साथ प्रशासन को हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। उन्होंने नगर वासियों से भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील किया। बैठक में व्यवसायियो ने भी बंशीधर महोत्सव को दिव्य बनाने के लिए अपनी तैयारियां की जनाकारी दी। बताया कि महोत्सव के पहले शहर को दीपावली की तरह रोशन करने के लिए दीप का वितरण करने, भवनाथपुर मोड से लेकर मंदिर तक रथ यात्रा निकालने, बांसुरी का वितरण करने, बाहर से आने आने वाले लोगो के लिए शहर में कई जगहों पर पेयजल की व्यवस्था करने की जानकारी दी। नगर पंचायत उपाध्यक्ष लता देवी ने अपनी ओर से मंदिर की पेंटिंग कराने में हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। बैठक में एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी, मजिस्ट्रेट अजय तिर्की, सांसद की पुत्री स्मिता आंनद, बीडीओ श्रवण राम, सीओ अरुण मुंडा, थाना प्रभारी नीतीश सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, बिजली विभाग के इइ सुमन दुबे, एई धीरेंद्र कुमार, नगर पंचायत की उपाध्यक्ष लता देवी, बंशीधर मंदिर के प्रधान ट्रस्टी राजेश प्रताप देव, झामुमो नेता अनुज दुबे, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, विकास पांडेय, झामुमो जिला उपाध्यक्ष निर्मल पासवान, अंजुमन कमेटी सदर तौहिद खान, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, अनूप निराला, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, चैंबर अध्यक्ष शम्भूनाथ सौदागर, गोपाल जायसवाल सहित कई लोग मौजूद थे।

## उग हो सूरज देव अरग के बेर



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमण्डल मुख्यालय सहित आस पास के क्षेत्रों में सूर्योपासना का महापर्व चैती छठ मंगलवार को उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य प्रदान करने के साथ सम्पन्न हो गया.पूरे क्षेत्र में छठ महापर्व हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण मनाया गया। समाचार लिखे जाने तक कही से किसी अप्रिय घटना की सूचना नही है। अनुमण्डल मुख्यालय स्थित बाँकी नदी के तट पर अवस्थित अति प्राचीन सूर्य मंदिर परिसर स्थित छठघाट पर बड़ी संख्या में छठ व्रतधारियों ने उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य प्रदान किया.अनुमण्डल मुख्यालय स्थित सूर्यमन्दिर छठघाट को आकर्षक तरीके से सजाया गया था। प्रभात क्लब द्वारा व्रतधारियों की सुविधा के लिये रोशनी व ध्वनि का व्यापक व्यवस्था किया गया था। सूर्य मंदिर के निकट ही प्रभात क्लब का नियंत्रण कक्ष बनाया गया था। नियंत्रण कक्ष से लगातार छठ गीतों के हो रहे प्रसारण से पूरा वातावरण भक्तिमय हो रहा था.नियंत्रण कक्ष में प्रभात क्लब के अध्यक्ष हजारी प्रसाद, सचिव जयप्रकाश नारायण सिंह, दयावन्त शर्मा कृष्णा राम सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। नगर पंचायत की ओर से पूरे छठ परिक्षेत्र की साफ सफाई व व्रतधारियों के स्नान के लिये टैंकर द्वारा पानी की व्यवस्था किया गया था.विगत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष व्रतधारियों की संख्या अधिक थी.विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय दिख रही थी.छठ परिक्षेत्र में पुलिस बल तैनात थे.थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह दल बल के साथ छठघाट का जायजा लेते दिखे। मौके पर एएसआई रामाशीष पासवान, सशस्त्र बल नीतीश कुमार श्रीवास्तव, शशि पाठक सहित अन्य उपस्थित थे।

# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ चैती छठ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** लोक आस्था का महापर्व चैती छठ हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार की सुबह उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही संपन्न हो गया । शनिवार से प्रारंभ हुए चार दिवसीय इस अनुष्ठान के अंतिम दिन 36 घंटे निर्जला उपवास रख सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रतियों ने अन्न जल ग्रहण कर पारण किया। सुबह क्षेत्र के विभिन्न नदियों सहित तालाबों में अर्घ्य देने के लिए छठव्रतियों के साथ -साथ उनके परिवार के लोग घरों से निकलकर छठ घाट पहुंचे। इस दौरान मुख्य पथों से लेकर गली-मुहल्ले की सड़कों पर छठ के पारंपरिक गीत गूंजते रहे । उल्लेखनीय है कि महापर्व छठ साल में दो बार यानी कार्तिक और चैत्र माह में होता है। जिसमें लोग भगवान सूर्य की अराधना करते हैं चैत्र छठ कम ही लोग मनाते हैं। कार्तिक माह में यह महापर्व बड़ी संख्या में लोग मनाते हैं।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य मेला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर, पलामू :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर परिसर में चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर चमन कुमार के नेतृत्व मे एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बीडीओ गिरिवर मिंज, उपप्रमुख सुनील सिंह, बिसुत्री के अध्यक्ष रंजन दुबे, व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर चमन कुमार, डॉक्टर प्रवीण सेठ ,डॉक्टर सुधांशु कुमार, डॉक्टर राहुल कुमार, डॉक्टर अमिता कुमारी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक शशिकांत कुमार ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ किया। स्वास्थ्य मेले में लोगो को विभिन्न तरह की स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। अलग-अलग स्टॉल लगाकर सामान्य चिकित्सा, लैब जांच, नेत्र जांच, कुष्ठ जांच, मातृ स्वास्थ्य, कुपोषित बच्चों की जांच, दवा वितरण, योगा सेशन एव आयुष्मान कार्ड, संबंधित रोग का उपचार एव सलाह, परिवार नियोजन, बीपी जांच, पैथोलॉजी संबंधित जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। मेले में 310से अधिक मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना का स्टॉल लगाया गया था। मौके पर बीडीओ ने कहा कि स्वास्थ्य मेला में उपचार जरूर कराएं, जिससे आप निरोग रहे।

# तोलरा के शोखा बाबा मंदिर में 12 घंटा का हुआ अखंड कीर्तन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा गांव स्थित शोखा बाबा मंदिर प्रांगण में 12 घंटा का अखंड कीर्तन हुआ। जिसमें क्षेत्र के प्रसिद्ध लोक कलाकार प्रमोद पाण्डेय अपने साथियों के साथ हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे और हरे कृष्णा हरे कृष्णा, कृष्णा कृष्णा हरे के जयकारे का कीर्तन किया। इससे पहले तोलरा रामनवमी पूजा कमिटी द्वारा आयोजित अखंड पुजा में यजमान अमित तिवारी सपत्नीक शामिल होकर विशेष पुजा अर्चना किया। इस अवसर पर महावीरी झंडा भी लगाया गया। तत्पश्चात देवकुर के मुख्य पुजारी योगीन तिवारी व सहायक पुजारी गंऊवा पांडेय के निर्देशन में पुजारी संतोष मिश्रा ने पूजा संपन्न कराया। आयोजन कमिटी के अध्यक्ष रामनिवास तिवारी ने बताया कि आगामी 30 मार्च को रामनवमी को भव्य शोभायात्रा निकाला जायेगा और 31मार्च को शाम चार बजे से आयोजित भंडारा में महाप्रसाद का वितरण होगा। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## हरिहरगंज इंटर स्टेट चेक पोस्ट पर पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** वरीय अधिकारियों के निर्देश के आलोक में मंगलवार की शाम को हरिहरगंज थाना के सामने इंटरस्टेट चेकपोस्ट पर एसआई धूमा किस्कू के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क से होकर गुजरने वाले दोपहिया वाहनों की कागजातों के अलावा डिक्की, ट्रिपल लोडिंग एवं हेलमेट की भी जांच की गई। मौके पर एसआई धूमा किस्कू ने बताया कि वाहन जांच के दौरान कोई भी आपत्तिजनक वस्तु नहीं पाई गई। उन्होंने बताया कि एनएच 98 सड़क से गुजरने वाले बाइक व ऑटो चालकों को सड़क सुरक्षा को लेकर हर हाल में सभी कागजात लेकर ही चलने का निर्देश दिया। साथ ही बाइक चालकों को हेलमेट पहनने का निर्देश दिया। जांच अभियान में एसआई घूमा किस्कू के अलावे पुलिस बल के कई जवान शामिल थे।

# चोरी की घटना के 5 दिन बाद भी नहीं मिला किसी भी तरह का सुराग

## व्यवसाई अपना कारोबार समेटने को विवश

- दो बार हो चुकी है व्यवसाई के साथ लूटपाट व चोरी की घटना
- दिनदहाड़े मोटरसाइकिल की भी हो चुकी है चोरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** स्वर्ण व्यवसाई के दुकान में हुई चोरी की घटना के 5 दिन बाद भी अभी तक किसी भी तरह की सुराग नहीं मिल पाया। व्यवसाई प्रत्येक दिन इधर-उधर की दौड़ लगाते हुए न्याय के लिए भटक रहा है। एकमात्र उम्मीद उसे पलामू एसपी से लगा है। जिससे मिलकर अपनी घटना क्रम की जानकारी देगा। विदित हो कि शुक्रवार की देर रात ब्रहमोरिया मोड़ पर अवस्थित नरेश सोनी के सोने की दुकान में अज्ञात चोरों के द्वारा दुकान की दीवार काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसमें दुकान से लगभग दो लाख से अधिक की



सोने चांदी के गहने सहित बर्तन आदि ले भागे थे। इसके पूर्व भी लगभग 6 माह पहले लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसका उद्भेदन पुलिस प्रशासन के द्वारा आज तक नहीं हो पाई है। दोनों ही मामले में व्यवसाई नरेश सोनी के द्वारा समय-समय पर नावा बाजार थाना को सूचना दे दी गई है। बावजूद आज तक किसी भी मामले का उद्भेदन नहीं हो पाया। लगातार हो रही घटनाओं से भयभीत व्यवसाई नरेश सोने ब्रहमोरिया मोड़ से अपना कारोबार समेटने का निर्णय लिया है। व्यवसाई ने बताया कि लगातार सिर्फ इन्हीं के साथ ऐसी घटनाएं हो रही। जबकि आसपास घनी आबादी है और भी कई बड़े कारोबारी का दुकान अवस्थित है, लेकिन उनके साथ ऐसी वारदात नहीं हो रहा। शिकायत के बाद भी स्थानीय पुलिस प्रशासन के द्वारा कभी गंभीरता से कार्रवाई नहीं की गई। बताया कि लगभग छह माह पूर्व दिनदहाड़े दुकान के बगल में खड़े किसी व्यक्ति का एक मोटरसाइकिल भी चोरी हो गई। आज तक उसका भी सुराग नहीं मिला। ऐसे में यहां रह कर कारोबार को आगे बढ़ाना संभव नहीं है। ऐसे में उसके द्वारा अपने कारोबार को समेटकर कहीं अन्य जगह जाने का निर्णय लिया है। बताया कि मामले को लेकर एक बार पलामू एसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाएंगे। पुलिस प्रशासन के द्वारा अगर गंभीरता दिखाई गई तो लूटपाट व चोरी की घटना को अंजाम देने वाले बच नहीं पाएंगे।

# छात्राओं द्वारा शिक्षक पर आरोप लगाए जाने को लेकर विभागीय आदेश के बाद जांच करने पहुंचे बीईओ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उंटारी रोड, पलामू :** जिले के उंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत जोगा पंचायत के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिरजा में बीते 25 फरवरी को छात्राओं ने सहायक शिक्षक संजय कुमार चौधरी पर अश्लील बातें करने का गंभीर आरोप लगाया था, जिसका खबर प्रमुखता से समाचार पत्रों में प्रकाशित भी किया गया था। खबर प्रकाशित होने के बाद 27 फरवरी को जांच करने पहुंचे बीईओ महेंद्र प्रजापति व जोगा पंचायत मुखिया कमला देवी ने स्कूल परिसर में जाकर छात्राओं से बात कर जानकारी भी लिया गया था, जिसमें बीईओ व मुखिया के समक्ष आरोप लगाने वाली छात्राओं ने सभी बातो को दुहराया था, जिसको लेकर मुखिया द्वारा बताया गया था की छात्राओं द्वारा लगाया गया आरोप सही साबित होता है, आरोप लगाने वाली बच्चियां सभी स्कूल में उपस्थिति है।छात्राओं ने सभी बातो



को दुहराया है। वहीं विभागीय आदेश के बाद लगभग एक महीने बाद पुनः जांच करने पहुंचे बीईओ महेंद्र प्रजापति ने स्कूल परिसर में जाकर छात्राओं से शिक्षक पर आरोप लगाए जाने को लेकर पूछा तो आरोप लगाने वाली केवल दो छात्राएं विद्यालय में उपस्थित थी, बाकी दो छात्रा स्कूल नही आई थी। आरोप लगाने वाली उपस्थिति दो बच्चियों ने बीईओ, हेडमास्टर, व आरोपी शिक्षक के समक्ष सभी अश्लील बातें को सही बताया। वहीं इस सम्बंध में बीईओ महेंद्र प्रजापति से बात की गई तो उन्होंने इस सम्बंध में कुछ भी जवाब नहीं दिया। हालांकि आरोपी शिक्षक संजय कुमार चौधरी का कहना है कि मुझे राजनीतिक षड्यंत्र के तहत फसाया जा रहा है। हमने अश्लील बातें नहीं किया है,ऐसा कोई बात नहीं है। जब इस सम्बंध में जोगा पंचायत मुखिया कमला देवी से दूरभाष के माध्यम से सम्पर्क किया गया तो उन्होंने बताई की मुझे बीईओ द्वारा स्कूल जांच को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई है। बिना जानकारी दिए हुए जांच की गई है।

## प्रखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का किया गया आयोजन



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिशुनपुरा प्रखण्ड मुख्यालय के राज राजेंद्र प्रताप देव उच्च विद्यालय के मैदान में आज दिन मंगलवार को प्रखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का किया गया आयोजन। जिसका शुभारम्भ अनुमंडलीय अस्पताल श्री बंशीधर नगर के उपाधीक्षक डॉक्टर सुचित्रा कुमारी, ब्लॉक प्रमुख दीपा कुमारी ने सामूहिक रुप से फीता काट कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। स्वास्थ्य मेला में मुख्य रूप से आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, टीवी नियंत्रण, मोतियाबिंद जांच, कुष्ठ नियंत्रण, कैंसर नियंत्रण, मातृत्व स्वास्थ्य, त्वचा की जांच, टीकाकरण, परिवार नियोजन, मलेरिया, योगा एवं दवा वितरण जैसे अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं का स्टॉल लगाया गया।बिशुनपुरा प्रखण्ड के अनेकों क्षेत्रों से आए ग्रामिणों ने अपना जांच करवाकर स्वास्थ्य संबंधित चिकित्सा का लाभ लिया। वहीं स्वास्थ्य मेला में मोतियाबिंद के जांच भी किया जा रहा था। स्वास्थ्य मेला का आयोजन को लेकर अच्छी तरह से प्रचार प्रसार नहीं होने के कारण स्टॉल पर कम भीड़ भी देखी गई। स्वास्थ्य मेला में बिशुनपुरा प्रमुख प्रतिनिधि चंदन कुमार मेहता, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा, बिशुनपुरा मुखिया प्रतिनिधि प्रवीण कुमार यादव, बिपेश राज तमांग, प्रधान सहायक राजेश कुमार सिन्हा, एसटीएलएस अनिमेश राज, एएनएम नीलम कुमारी, एएनएम अंजू कुमारी, एएनएम कल्पना कुमारी, एएनएम रेशम कुमारी, एमपीडब्ल्यू अस्थाक अहमद, सीएचओ एकता बैंबरवाल, एएनएम तारा गुप्ता, कुष्ठ विशेषज्ञ राजेश कुमार, संतोष ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### राजेश बने महावीर मंडल कांके के अध्यक्ष

रांची । महावीर मंडल कांके रोड की बैठक आयोजित किया गया । जिसमें सर्व सम्मति से राजेश रजक को अध्यक्ष चुना गया। साथ ही महावीर मण्डल कांके रोड के संरक्षक के रूप में अजय घोष, पवन बजाज, रमेंद्र कुमार, वार्ड पार्षद नकुल तिर्की , गोन्द्रा उरांव ,कौशिक डे,साथ ही उपाध्यक्ष के रूप में रमेश सिंह, विश्वनाथ सरकार, गौतम दास, विजय कुमार, मंत्री गौतम गोराई राजू रजक, विनय सिंह ,विनय प्रसाद, सह मंत्री के रूप में,रत्नेश ठाकुर, गोरचन्द्र दास ,विवेक गर्ग,शेखर सहदेव, उत्तम गोराई प्रचार मंत्री राणा प्रताप मित्र ,प्रदीप लकड़ा,कोषाध्यक्ष के लिए राजा भट्टाचार्य बनाया गया हैं। रामनवमी पूजा के इस चुनाव में सभी पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से जयंत नाथ सहदेव को मुख्य संरक्षक मनोनीत किया गया।इस बैठक में महावीर मंडल कांके रोड के सभी अखाड़ा के सदस्य मौजूद थे ।

### रांची में मेगा ट्रेड फेयर 28 अप्रैल से

रांची: रांची में 28 अप्रैल से आठ मई तक मोरहाबादी मैदान में इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर का आयोजन होगा। इसमें झारखंड चेंबर व जीएस मार्केटिंग एसोसिएट्स ने राज्य के व्यापारियों से सहभागिता की अपील की। ट्रेड लाइसेंस के नाम पर व्यापारियों का भयादोहन होने की शिकायतों पर भी चर्चा हुई। निगम की ओर से बहुबाजार चौक स्थित दुकानों को एक सप्ताह में खाली करने के मामले में सरकार से हस्तक्षेप का आग्रह किया गया।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

रांची : तुपुदाना ओपी इलाके में सोमवार देर रात सड़क हादसे में मनोज महतो की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बाइक सवार युवक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया, जिसके बाद युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मामले की जानकारी मिलने के बाद तुपुदाना ओपी प्रभारी घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

## रामनवमी कल, 35 सौ जवानों के कांधे पर रांची की सुरक्षा व्यवस्था



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सरहुल पर्व बेहतर तरीके से संपन्न कराने के बाद रांची जिला प्रशासन रामनवमी के पर्व को भी पूरे सौहार्द और भाईचारे के साथ संपन्न कराने का निर्णय ले चुकी है । जिसका एक रूप मंगलवार को भी देखने को मिला ।

जब जिला उपायुक्त राहुल सिन्हा, एसएसपी किशोर कौशल, ग्रामीण एसपी नौशाद आलम , सिटी एसपी शुभांशु जैन, ट्रैफिक एसपी हारिस बिन जमॉ, कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोंय, रांची शहर डीएसपी दीपक कुमार के अलावा एसडीएम और कोतवाली थाना प्रभारी शैलेश, डेली मार्केट थाना प्रभारी आलोक, लोअर बाजार थाना प्रभारी संजय कुमार, हिंदपीढ़ी थाना प्रभारी विनय, मुख्यालय वन मुमल राजपुरोहित, नामकुम थाना प्रभारी सुनील तिवारी, पिठोरिया, कांके, के रांची जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में भी संबंधित थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला। उपायुक्त राहुल सिन्हा, एसएसपी किशोर कौशल, सिटी एसपी, डीएसपी, संयुक्त रूप से मंगलवार को 12¬00 शहीद अल्बर्ट एक्का चौक पर जमा हुए और पूरे फोर्स के साथ उर्दू लाइब्रेरी होते हुए इकरा मस्जिद तक गए और यहां से मुड़कर कर्बला चौक होते हुए काली मंदिर होते हुए वापस शहीद अल्बर्ट एक्का चौक पहुंचे।

**क्या कहा उपायुक्त ने:**

रांची उपायुक्त राहुल सिन्हा ने कहा कि सरहुल की तरह रामनवमी भी पूरे सौहार्द एकता और भाईचारे के साथ मनाया जाएगा । रमजान का भी महीना चल रहा है ध्वनि प्रदूषण को देखते हुए डीजे पर रोक है, विधि व्यवस्था को लेकर हर बार की तरह प्रशासन अलर्ट है।

**एसएसपी ने कहा :** देखिए हर पर्व में फ्लैग मार्च निकाला जाता है। इसका उद्देश्य ही होता है जो भी असामाजिक तत्व के लोग हैं वे किसी भी घटना या किसी भी तरह का उपद्रव नहीं करें। साथ ही पुलिस सफेद लिबास में भी पूरे रामनवमी के दौरान रहेगी। ड्रोन से भी निगरानी की जायेगी। किसी तरह का कोई लापरवाही नहीं बरती जाएगी , सभी संबंधित थानेदारों को भी निर्देश दिया गया है वह अपने-अपने थाना क्षेत्र में गस्त करें।

**ग्रामीण एसपी ने बताया:** ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि शहर में फ्लैग मार्च किया गया। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र के जितने भी थाने हैं सभी थानेदारों को निर्देश दिया गया कि वह अपने-अपने थाना क्षेत्र में गस्त करें , धार्मिक स्थलों में सुरक्षा का पुख्ता व्यवस्था रखें , किसी भी तरह का कोई लापरवाही नहीं करेंगे यह सुनिश्चित करें।

**एएसपी मुख्यालय वन मुमल राजपुरोहित ने कहा:** रामनवमी पर्व को लेकर नामकुम, कांके थाना क्षेत्र के बाजार टांड, चूड़ी टोला, मिल्लत कॉलोनी, ब्लॉक चौक, अरसंडे, बोड़ेया आदि जगहों पर फ्लैग मार्च किया गया,शाम में पिठोरिया थाना क्षेत्र में भी फ्लैग मार्च किया गया।

## रांची में मनाई गई नीलाम्बर पीताम्बर का शहादत दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** खरवार भोगता समाज विकास संघ रांची जिला समिति के तत्वावधान में मंगलवार को रांची मोरहाबादी के नीलांबर पीताम्बर पार्क में वीर नीलांबर पीताम्बर शाही भोगता का 165 वां शहादत दिवस मनाया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमृत भोगता एव संचालन अमृत खरवार ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में झारखण्ड के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो एव विशिष्ट अतिथि आजसू के केंद्रीय प्रवक्ता डा. देवशरण भगत के द्वारा शहीदों के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रृद्धांजलि अर्पित किया। इस मौके पर इस केंद्रीय कोषाध्यक्ष कोलेश्वर गंझू ,देवनारायण भोगता ,विगन सिंह भोगता,नरेश गंझू,रितिका भोगता ,विश्वनाथ भोगता ,हर्षनाथ भोगता संजय भोगता ,प्रभाकर गंझू,संजय प्रधान अजय भोगता ,सेवाराम भोगता, लहशन भोगता,मनोरंजन भोगता ,शिवदयाल गंझू,हेमलाल गंझ, शिवनाथ भोगता, गुजर भोगता, लालमोहन गंझू,संजय गंझू,लालू भोगता,दिनेश भोगता,मयूर गंझू,बुल्ला गंझूअन्य लोग उपस्थित हुए।

## सीएम से मिले एसबीआई के अधिकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को भारतीय स्टेट बैंक, पटना मंडल ने कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व के तहत 29 लाख 99 हजार एक सौ रुपए का चेक प्रदान किया। इस मौके पर बैंक के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस राशि का इस्तेमाल दुमका, साहिबगंज और पूर्वी सिंहभूम जिले के चयनित एक- एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर स्वास्थ सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी ।

इसके तहत इन तीनो स्वास्थ्य केंद्रों के भवनों का जीर्णोद्धार और आवश्यक मशीन उपकरण की व्यवस्था की जाएगी। यह सभी कार्य अगले महीने की 30 तारीख तक पूरे कर लिए जाएंगे। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में भारतीय स्टेट बैंक, पटना मंडल के मुख्य महाप्रबंधक श्री शिव ओम दीक्षित, एसबीआई नेटवर्किंग-3 झारखंड के महाप्रबंधक श्री मृगांक जैन, एसबीआई रांची अंचल के उप महाप्रबंधक श्री प्रवीण कुमार सिंह और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## ईडी ने दूसरे दिन भी राजीव अरुण एक्का से की पूछताछ

**प्रभता मंत्र संवाददाता**

**रांची।** ईडी प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को दूसरे दिन भी आईएएस अधिकारी राजीव अरुण एक्का को पूछताछ के लिए बुलाया है। ईडी के बुलावे पर सुबह 11 बजे राजीव अरुण एक्का ईडी के सवालों का जवाब देने के लिए हिनू स्थित ऑफिस पहुंचे है। वहाँ पर पत्रकारों ने उनसे बातचीत करने का प्रयास किया, लेकिन किसी सवालों का जवाब नहीं देते राजीव अरुण एक्का सीधे ईडी के कार्यालय के अंदर चले गए। मालूम हो को ईडी के समन के बाद सोमवार को राजीव अरुण एक्का ईडी के कार्यालय पहुंचे थे। वहाँ पर उनसे करीब 10 घंटे



तक पूछताछ चली है।जिसके बाद उन्हें वापस भेज दिया गया था और मंगलवार को फिर से आने को बोला गया था। सूत्रों के अनुसार ईडी ने पूछताछ के दौरान राजीव अरुण एक्का से अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग में विशाल चौधरी की संलिप्तता के बारे में भी पूछा। आरोप लगाया गया है कि विशाल चौधरी ने आर्थिक लाभ के बदले अधिकारियों के ट्रांसफर और पोस्टिंग के लिए अपने रसूख का इस्तेमाल किया। आरोप है कि विशाल चौधरी ने गृह विभाग और झारखंड पुलिस आवास निगम के टेंडर और ठेकों का भी प्रबंधन किया। विशाल चौधरी के आवास से बरामद संदिग्ध नकद लेनदेन से संबंधित कुछ दस्तावेज थे। एजेंसी ने उनसे यह भी बताने के लिए कहा कि क्या उनका विशाल चौधरी के साथ कोई व्यक्तिगत या व्यावसायिक संबंध है।खबर लिखे जाने तक पूछताछ जारी थी।

## रांची सदर अस्पताल का हुआ उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आखिरकार 15 साल के बाद मंगलवार को अत्याधुनिक सेवाओं से लैस सदर अस्पताल के नये भवन का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में सूबे के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, सांसद संजय सेठ और रांची के विधायक सीपी सिंह को आमंत्रित किया गया था लेकिन तीनों कार्यक्रम की व्यवस्था का हवाला देकर नहीं पहुंचे। सीएस डॉ विनोद कुमार और अन्य चिकित्सकों ने औपचारिक रूप से अस्पताल की नयी बिल्डिंग का उद्घाटन किया। सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार ने कहा कि मरीजों के लिए अत्याधुनिक सुविधा से लैस बिल्डिंग का उद्घाटन किया गया है।




यहां ब्लड कैंसर से ग्रसित मरीजों के इलाज की व्यवस्था की गयी है। गाइनेकोलॉजी विभाग में प्रति महीने 600 से 700 महिलाओं का प्रसव सदर अस्पताल में होता है। नयी व्यवस्था के शुरू हो जाने से गर्भवती महिलाओं को विशेष लाभ मिलेगा। इस नयी बिल्डिंग में कुल 17 ओपीडी चलेगी।

## सांसद ने लोस में रिम्स को एम्स के रूप में अपग्रेड की रखी मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रिम्स को एम्स के रूप में अपग्रेड करने से संबंधित मामला सांसद संजय सेठ ने लोकसभा में नियम 377 के तहत रखा। सांसद मंगलवार को सरकार से आग्रह किया कि रांची सहित पूरे झारखंड की जरूरत और बढ़ती आबादी को देखते हुए रिम्स को अविलंब एम्स में अपग्रेड किए जाने की आवश्यकता है। सांसद ने सदन में सरकार से कहा कि रिम्स अस्पताल, रांची की लाइफ लाइन है। इस पर सिर्फ झारखंड की राजधानी रांची ही नहीं, बल्कि पूरे राज्य की निर्भरता है। लोग सामान्य बीमारियों से लेकर आपात स्थिति तक इस अस्पताल में इलाज के लिए आते हैं। सिर्फ झारखंड ही नहीं हमारे सीमावर्ती उड़ीसा, छत्तीसगढ़, बिहार और बंगाल राज्यों से भी मरीज यहां आते हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड बने 22 साल हो गए, इस दौरान आबादी बढ़ी, इस अस्पताल पर दबाव बढ़ा लेकिन उस अनुपात में अस्पताल में सुविधाएं नहीं बढ़ी। आज राज्य सरकार की लापरवाही और अनदेखी एवं अस्पताल में संसाधनों की कमी के कारण कई बार लोग इलाज के अभाव में किसी और परिस्थिति का शिकार हो जाते हैं। राज्य की उम्मीदों के इस अस्पताल में, अब लोगों की उम्मीदें दम तोड़ रही है। लोग बीमारियों के उपचार के लिए दूसरे राज्यों की ओर पलायन कर रहे हैं। निजी अस्पतालों पर उनकी निर्भरता बढ़ रही है। आर्थिक रूप से हमारे नागरिक और भी समस्या ग्रस्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरा सरकार से आग्रह है कि यहां स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जाए। मेडिकल की सीटें बढ़ाई जाए। इसे एम्स के रूप में अपग्रेड किया जाए ताकि रांची का गौरव और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा सके।

## भारतीय रेलवे माल गोदाम में कार्यरत श्रमिकों को रखा जा रहा मुल हक से वंचित : इंदु

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मंगलवार को -लेक गार्डन वर्क बैंक्वेट हॉल , अरगोड़ा रांची में परिमल कांति मंडल, भारतीय रेलवे माल गोदाम , सभापति , के निर्देशानुसार रेलवे गोडाउन वर्कर्स का प्रेस कॉन्फ्रेंस का हुआ आयोजन। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भारतीय रेलवे मेंबर इंदु शेखर ने कहा , ब्रिटिश काल से भारतीय रेलवे माल गोदाम में कार्यरत श्रमिकों को मुल हाक जैसे पीने का पानी टॉयलेट उचित मानदेय स्वास्थ्य इत्यादि से वंचित रहे हैं इनकी मूल



अधिकारों की मांग के लिए भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन कार्य को पूरा करके ही दम थामेगी,अभी तक स्वास्थ्य बीमा 100000 का और गुड सेट मे रहने के लिए विश्राम भवन एवं डायरेक्ट मजदूर का खाता में वेतन रेल मंत्रालय द्वारा देने का योजना पारित हो चुकी है।

डॉ जाकिर हुसैन, अरूप कईबरता, मनकी मिंज, घनश्याम उरांव, दुर्गा उरांव, महेश कुमार, फुलचंद उरांव, प्रमोद कुमार, नेसार अहमद, श्यामा देवी, रंजीत कईबारता, सूरज उरांव, नवल किशोर राय, अजय भगत, सचिन कुमार नाग, प्रीति, अंजू मुंडा ,नेहा अंजलि इत्यादि सैकड़ों की तादात भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन के लीडर एवं रेलवे गोडाउन के वर्कर उपस्थित हुए।

## रंजित कोहली ने गवाह पेश करने के लिए सीबीआई कोर्ट से मांगा समय




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची सीबीआई कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में तारा शाहदेव से जुड़े मामले की मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई में नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव के यौन उत्पीड़न केस में बचाव पक्ष ने गवाह प्रस्तुत करने के लिए कोर्ट से समय मांगा है। कोर्ट ने बचाव पक्ष यानी रंजित कोहली के आग्रह को स्वीकार करते हुए गवाह प्रस्तुत करने के लिए 11 अप्रैल का समय दिया है। इससे पहले सभी आरोपितों के 313 का बयान दर्ज किया जा चुका है। सीबीआई ने इस मामले में 26 गवाह अदालत के समक्ष पेश किए हैं। रंजीत कोहली उर्फ रकीबुल के साथ हाई कोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार (विजिलेंस) बर्खास्त मुश्ताक अहमद व कोहली की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रही हैं। आरोपितों के खिलाफ कोर्ट ने दो जुलाई, 2018 को आरोप गठित किया था। इसके बाद सीबीआई ने इस केस को वर्ष 2015 में टेक ओवर किया था।

## सीएम ने नीलांबर पीतांबर को किया नमन



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अंग्रेज शोषण के खिलाफ विद्रोह करने वाले झारखण्ड की माटी के वीर सपूत, अमर वीर शहीद नीलाम्बर-पीताम्बर जी के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1857 की क्रांति में इन्होंने अपनी वीरता और नेतृत्व क्षमता से ब्रिटिश हुकूमत की नींव हिला दी थी। अमर शहीद नीलांबर -पितांबर जी को शत -शत नमन।

## सड़क दुर्घटना रोकने के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य में सड़क दुर्घटनाओं एवं तदजनित मानव मृत्यु दर के रुझान को कम करने हेतु लीड एजेंसी, सड़क सुरक्षा, परिवहन विभाग द्वारा हितधारक विभागों के लिए कार्य प्रणाली विकसित करने के निमित से सम्बंधित तीन दिवसीय प्रशिक्षिण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमे प्रत्यक जिला से पुलिस पदाधिकारी और जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक उपस्थित थे । आईआईटी मद्रास द्वारा दिया जा रहा। यह प्रशिक्षण 28-03-2023 से 30-03-2023 तक चलेगा।




प्रशिक्षण में दुर्घटना स्थल पर दुर्घटना के फोरेंसिक जांच और सड़क दुर्घटनाओं के मुख्य घटक को ध्यान में रखते हुए व्यापक वैज्ञानिक दुर्घटना जांच विश्लेषण विकसित करने के बारे में बताया गया । आईआईटी मद्रास द्वारा सड़क दुर्घटना के पहले दौरान एवं दुर्घटना के उपरांत किन-किन विभागों द्वारा किस प्रकार से भागीदारी निभाई जा सकती है ।

**सड़क दुर्घटनाओं अधिक प्रभावित 18 से 25 आयु के लोग :** वहाँ मौजूद सभी को यह बताया गया की किस प्रकार वैज्ञानिक प्रवर्तन दृष्टिकोण को लागू कर झारखण्ड में दुर्घटनाओं और उस कारणवर्ष होने वाली मृत्यु दर को कम किया जा सकता है। झारखण्ड में अत्याधिक दुर्घटनाओं का मुख्य कारण ओवरस्पीडिंग है, जिसमे मृतक अधिकतम 18 से 25 आयु के लोग हैं ।

## झारखंड में भी पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने पर होगा विचार : सीएस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।**छत्तीसगढ़ राज्य के तर्ज पर झारखंड में भी पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने के लिए जेजेए के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य सचिव सुखदेव सिंह को ज्ञापन सौंपकर लागू करने की मांग की है। झारखंड मंत्रालय में जेजेए के कार्यकारी अध्यक्ष अमरकांत के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने झारखंड के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से मुलाकात कर उन्हें छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विधान सभा से पारित पत्रकार सुरक्षा कानून की प्रति उपलब्ध कराई गई। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बिना संवैधानिक संरक्षण के पूरी तरह से असुरक्षित है। लोकसभा में पिछले दिनों पेश की गई रिर्पोट के अनुसार देश में पत्रकार सबसे ज्यादा असुरक्षित हिन्दी भाषी राज्यों में हैं। झारखंड में भी समाचार संकलन को लेकर पिछले 5 वर्षों में पत्रकारों की हत्या एवं झूठे मुकदमे बड़ी संख्या में दर्ज किए गए हैं।पिछले सप्ताह छत्तीसगढ़ राज्य में पत्रकारों को संवैधानिक संरक्षण देने के लिए सरकार ने पत्रकार सुरक्षा कानून लागू



किया है। झारखंड के समस्त पत्रकारों की ओर से झारखंड में भी छत्तीसगढ़ राज्य के तर्ज पर पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन इस मांगपत्र के माध्यम से करता है। मुख्य सचिव से बातचीत के क्रम में बीएसपीएस के राष्ट्रीय महासचिव शाहनवाज़ हसन ने झारखंड में डिजीटल मिडिया एक्ट लागू करने पर भी चर्चा की। जेजेए उपाध्यक्ष सुनील बादल ने कहा कि वर्किंग जर्नलिस्ट एक्ट में पत्रकार को परिभाषित किया गया है साथ ही डिजिटल मीडिया के लिए भी केन्द्र सरकार द्वारा नियमावली बनाई गई है यह दोनों कानून का अनुपालन पत्रकार और सरकार द्वारा नामित अधिकारी बेहतर कर सकते हैं। एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल में शाहनवाज़ हसन, अमरकांत, सुनील बादल, निलोय सेन एवं आकाश सोनी शामिल थे।

## एनटीपीसी माइनिंग झारखंड चेस फेस्टिवल आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** हजारीबाग जिला शतरंज संघ (एचडीसीए) एनटीपीसी माइनिंग झारखंड शतरंज महोत्सव 2023 के बैनर तले 21 मार्च 2023 से 22वें झारखंड शतरंज महोत्सव का आयोजन कर रहा है।

यह पहली बार है जब एनटीपीसी कोयला माइनिंग मुख्यालय, रांची ने सह-ब्रांडिंग के लिए पहल की है। शतरंज घटना चैम्पियनशिप। 21 मार्च -28,202 से नमन विद्या, हजारीबाग परिसर में इस टूर्नामेंट में पूरे झारखंड राज्य से लगभग 300 से 400 खिलाड़ी भाग लेने जा रहे हैं।

शतरंज टूर्नामेंट अंडर -7, 9, 11, 13 ओपन और गर्ल्स चेस चैंपियनशिप - 2023 और झारखंड स्टेट सब जूनियर स्न्ढ्ढष्ठश्व (इंटरनेशनल शतरंज फेडरेशन, जो अंतरराष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता और रैंकिंग को नियंत्रित करता है) रेटिंग शतरंज चैंपियनशिप 2023 का आयोजित किया किया जा रहा है ।एनटीपीसी कोयला खनन अपनी सीएसआर पहल के तहत झारखंड में खेल सहित विभिन्न सीएसआर गतिविधियों को करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है जिसमें थ्रोबॉल, बास्केटबॉल, एथलेटिक्स आदि शामिल हैं। एनटीपीसी खनन झारखंड शतरंज महोत्सव का उद्घाटन विद्या भूषण, सदर एसडीएम, हजारीबाग ने किया। यह पहली बार है कि हजारीबाग जिला शतरंज संघ छात्रों के लिए इतनी बड़ी राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता आयोजित किया जा रहा है ।

पार्थ मजूमदार, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) ने खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी और उनसे शतरंज टूर्नामेंट में अपनी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा दिखाने का आह्वान किया।

# विधायक ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान लोगों से किया जनसंपर्क



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** चान्हो प्रखंड अंतर्गत पतरातू पंचायत स्थित राजकीय उत्क्रमित विद्यालय का औचक निरीक्षण मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के द्वारा किया गया। विद्यालय मे समस्याओ को जानने हेतु विद्यालय के प्रभारी एवं शिक्षकों से बैठक किया। बैठक मे प्रबंधन समिति की बैठक की जानकारी ली, आखरी बार प्रबंधन समिति की बैठक कब हुई एवं बैठक मे किन किन मुद्दों पर चर्चा हुई एवं कुछ समस्याओ का समाधान के लिए क्या निर्णय लिया गया। बैठक मे विधायक ने प्रभारी से स्कूल मे विधार्थियों की कुल संख्या पूछी एवं आज कितने उपस्थित है उसकी जानकारी लिया।

इस दौरान विधायक ने स्कूल प्रभारी को स्कूल की जर्ज़र अवस्था को देखकर कुछ दिशा निर्देश दिया कि आप इस समस्याओ को लेकर एक आवेदन बनाये और मुझे सौपे। ताकि मै विभाग को आवेदन लिखकर इसपर जल्द करवाई के लिए कहकर सकूं। इसके तत्पश्चात विधायक पतरातू पंचायत अंतर्गत ग्राम कुर्गा, आरा, चारा एवं तेतर टोली का भी भ्रमण किया। ग्रामीणों से मिलकर उनका हाल चाल जाना। साथ ही ग्रामीणों की गांव की समस्याओ से भी अवगत हुआ। विधायक लोगो से मिल उन्हे सरकारी योजनाओं के बारे मे भी जानकारी दिया एवं उनका लाभ लेने को कहा। मौक़े पर पार्टी प्रखंड अध्यक्ष ईशितयाक आंसरी, विधायक प्रतिनिधि मंगलेश्वर उरांव, अब्दुल्ला अंसारी, इरशाद खान, पतरातू पंचायत अध्यक्ष रमेश जी, पार्टी कार्यकर्ता जल्फेकर आलम, अनुल अंसारी एवं अन्य उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य मेला के उद्घाटन कार्यक्रम मे पहुंची विधायक शिल्पी

**चान्हो :** चान्हो स्वास्थ्य केंद्र मे प्रखंड स्वास्थ्य मेला के उद्घाटन कार्यक्रम मे पहुंची विधायक शिल्पी नेहा तिर्की। विधायक ने फीता काट कर स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन किया। इसके तत्पश्चात विधायक स्वास्थ्य मेला मे लगे पूरे स्वास्थ्य संबंधित स्टॉलो मे जाकर स्वास्थ्य से संबंधित विषय की जानकारी लिया। इस दौरान जरूरतमंद लोगो के बीच हेल्थ किट का भी वितरण किया। साथ ही समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करके सभी चीजों का जयाजा लिया। इसी बीच जेनरल वार्ड मे मौजूद नवजात शिशुओं के माताओ के बीच बेबी किट का भी वितरण किया। मौक़े पर चान्हो स्वास्थ्य प्रभारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता अजीत सिंह, चान्हो प्रखंड कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष इस्तियाक अंसारी, विधायक प्रतिनिधि अब्दुल्ला अंसारी, इरशाद खान, पार्टी कार्यकर्ता एनुल अंसारी एवं अन्य उपस्थित रहे।


## झारखंड सरकार
## महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग

### प्रेस विज्ञप्ति

प्रेस विज्ञप्ति संख्या – /2023 रॉंची, दिनांक – .03-2023

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 की धारा 16 की उपधारा (1) में निहित प्रावधानों के अनुसार अधिसूचना संख्या 842 दिनांक 11-06-2007 द्वारा प्रत्येक प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को "बाल विवाह निषेध पदाधिकारी" नामित किया गया है। बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 को अधिक प्रभावी बनाने हेतु अधिनियम अंतर्गत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए विभागीय अधिसूचना संख्या 645 दिनांक 13-03-2023 द्वारा निम्नलिखित अधिकारियों को बाल विवाह निषेध अधिकारी के रूप में अतिरिक्त रूप से नामित करती है, जिनके क्षेत्राधिकार उनके विनिर्दिष्ट क्षेत्र होंगे ।

| क्रम संख्या | बाल विवाह निषेध अधिकारी के रूप में नामित पदाधिकारी | क्षेत्राधिकार |
|---|---|---|
| 1. | निदेशक, समाज कल्याण, झारखंड | झारखंड राज्य भर में। |
| 2. | प्रमंडलीय आयुक्त | संबंधित प्रमंडलीय क्षेत्र में। |
| 3. | सभी उपायुक्त | संबंधित जिला में। |
| 4. | सभी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी । | संबंधित जिला क्षेत्र में। |
| 5. | सभी अनुमंडल पदाधिकारी | संबंधित अनुमंडल क्षेत्र में। |
| 6. | सभी अंचल अधिकारी/बाल विकास परियोजना पदाधिकारी | संबंधित अंचल/परियोजना क्षेत्र में। |
| 7. | सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी | अपने प्रखण्ड क्षेत्र में। |
| 8. | सभी महिला पर्यवेक्षिका | अपने क्षेत्राधिकार में। |
| 9. | सभी पंचायत सचिव | अपने पंचायत क्षेत्र में। |

ह0/–
संयुक्त सचिव
महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग,झारखंड

PR 293812 Women, Child Development & Social Security(22-23).D


## मंगलवारी जुलूस निकाला गया

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्रीराम वानर सेना टाटीसिल्वे के द्वारा भब्य मंगलवारी शोभा यात्रा निकाला गया। इसमे ढोल, नगाड़ा,, गाजे बाजें, रथ , विभिन्न झांकियो के साथ, नाचते गाते,श्रीराम, वीर हनुमान के जयकारे के साथ भक्तो ने ई ई एफ मंदिर मैदान होते हुए, उषा मार्टिन, सूर्य मंदिर अदर्शनगर होते हुए वापस दुर्गा मंदिर टाटीसिल्वे तक निकाला गया। भब्य शोभा यात्रा में मुख्य रुप गौतम सिंह, मिंटू सिंह,मोहित भट्ट, शुकू,राजा सिंह, विवेक सिंह, राजेश मिश्रा, अमित मुंडा, अमन, आशीष, शिवम, राजन साहू इत्यादि गण मान्य के साथ सैकड़ो भक्त शामिल हुए।

## फ्लैग मार्च निकाला गया

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटीसिल्वे थाना के द्वारा थाना प्रभारी महेंद्र करमाली के नेतृत्व में रामनवमी में शांति सोहार्द बना रहे इसे लेकर फ्लेग मार्च टाटीसिल्वे थाना से बैंक मोड़ होते हुए, बाजार टाँड से वापस थाना तक निकाला गया। इसमें मुख्य रूप से महेंद्र करमाली, रंजित मुंडा, रवि किस्कू, पंकज चौधरी, सी पी पाण्डे, मनीष सिंह, राजकुमार यादव, मनीष कुमार, सिन्हा जी इत्यादि के साथ आरक्षि गन शामिल थे।

## रामनवमी के अवसर पर सुरक्षा की होगी चाक-चौबंद व्यवस्था

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामनवमी के अवसर पर विधि व्यवस्था के संधारण हेतु प्रखंड मुख्यालय में बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार , सीओ सुमंत तिर्की के द्वारा प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारीयों,पुलिस पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी तथा विद्युत विभाग के कर्मियों के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक निर्देश दिया गया। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी अपने प्रतिनियुक्त स्थलों में पुलिस पदाधिकारियों के साथ भ्रमणशील रहेंगे एवं विधि व्यवस्था का संधारण करेंगे। कुल 7 जगहों में सीसीटीवी कैमरा का अधिष्ठापन किया गया है जिसमें करांजी, तुको,केशा मोड़,केशा गांव, टिकराटोली बेड़ो, नरकोपी और महादानी मैदान शामिल है। संवेदनशील जगहों पर 24 घंटे निगरानी की जायगी। सीसीटीवी कैमरे के साथ में ड्रोन कैमरा एवं वीडियो कैमरा से भी निगरानी की जाएगी। पर्याप्त संख्या में जिला से पुलिस व बल प्रतिनियुक्ति किए जाएंगे। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि झांकी के दिन और रामनवमी के दिन मेडिकल की टीम विभिन्न जगहों पर उपस्थित रहेंगे।

## एनुअल अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दतिया स्थित जेएमडी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में एनुअल अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में खूंटी थाना के भजन लाल महतो शामिल हुए कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर प्राचार्य अजय झा बॉर्बी झा एवं मुख्य अतिथि भजन लाल महतो के द्वारा किया गया तत्पश्चात स्कूली बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया एनुअल अवॉर्ड के रुप में कक्षा नर्सरी से आदित्य कुमार प्रथम स्थान आकांक्षा कुजुर द्वितीय स्थान एवं शिवानी नाग तीसरा स्थान कक्षा एलकेजी से शिवम गोप प्रथम ज्योति कुमारी द्वितीय एवं प्रिंस कुमार साहू तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## पिछले आठ साल से विकास के लिए प्रयासरत हूं : विकास कुमार मुंडा

**अड़की (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खूंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड के दक्षिणी क्षेत्र के सूदूरवर्ती घनी पहाड़ीयों के बीच बसे गांवों का दौरा कर स्थानीय विधायक विकास कुमार मुंडा ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी इस दौरान विधायक ने सर्वप्रथम बीरबांकी स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्र को एंबुलेंस प्रदान किया तत्पश्चात विधायक ने ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा बनने वाली मुचिया से सिंजुड़ी भाया चलकद तक 5.65 किलोमीटर लम्बाई की सड़क के सृदृढ़ीकरण के लिए विधिवत नारियल फोड़कर शिलान्यास किया फिर विधायक ने डोल्डा - बीरबांकी मुख्य पथ से चलकद बनने वाली पीसीसी पथ का शिलान्यास किया।इस दौरान पारंपरिक आदिवासी रिति रिवाज के साथ माला टोपी पहनाकर ढ़ोल मांदर की थाप पर थिरकती आदिवासी युवतीयों ने विधायक सहित तमाम अतिथियों का गीत गाकर स्वागत किया।कोचांग पंचायत के कुलहातु गांव में आम ग्रामीणों के साथ विधायक ने एक बैठक की और उनकी मुलभूतू शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य, पेयजल और बिजली को लेकर समस्याएं सुनी तत्पश्चात विधायक विकास कुमार मुंडा ने अपने संबोधन में बारी बारी से तमाम समस्यायों के सामाधान पर बात की उन्होंने बताया कि पिछले आठ वर्षों से दक्षिणी अड़की क्षेत्र के विकास के लिए प्रयासरत हु जब यह क्षेत्र अशांत था उस समय भी हम यहां आने से नहीं घबराए तब बुंडू से यहां पहुंचने कई घंटे का वक्त लगता था पर आज परिस्थितियां बदल चुकी कई सड़क बन चुके हैं आने वाले समय में और बेहतर सुविधाएं हम आप तक पहुंचाएंगे क्षेत्र में मॉडल स्कूल होगा शिक्षा बेहतर होगी।

## जलमीनार की रखी गई आधारशिला

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी पूर्वी क्षेत्र की जिप सदस्य शालया परवीन ने सोमवार को 15वें वित्त निधि से चूरी मध्य पंचायत के मुंडा धौड़ा में जलमीनार का शिलान्यास किया. इसकी कुल लागत 7.53 लाख की होगी. साल 2007 में सीसीएल की ओर से इस गांव को विस्थापित कर बसाया गया था. इसके बाद से लगातार यहां पर पानी की समस्या थी. जिला परिषद सदस्य ने कहा कि क्षेत्र में जल संकट को दूर करना उनकी प्राथमिकता है. मौके पर मुखिया सुनीता देवी, मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी, सुनील सिंह, सोनू पांडे, राजकुमार उरांव, नेहा कुमारी, रोहिता देवी, उर्मिला देवी, मानिया देवी, काजी मुंडा, प्रियंका कुमारी, राजकुमारी, बबीता देवी, सपना कुमारी समेत कई लोग मौजूद थे.

## प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य सरकार के आदेश अनुसार मंगलवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इटकी में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला 2023 का शुभारंभ प्रखंड उप प्रमुख एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया . स्वास्थ्य मेला में सभी तरह का स्वास्थ्य जांच निशुल्क किया जा रहा है. जनरल ओपीडी, आंख, दांत ,एनसीडी ,संतान संबंधित, आयुष्मान कार्ड ,चर्म रोग, मानसिक रोग, बच्चा शिशु रोग सहित सभी तरह का जांच शामिल हैं एवं जरूरतमंदों के बीच दवा का भी वितरण किया जायेगा . मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम प्रसाद साहू, राजन किस्पोट्टा, अबू माज, अबरार इमाम, अहमद अंसारी, डॉक्टर सुमित्रा कुमारी, डॉ अर्चना प्रिया, डॉ कुसुमलता सिन्हा, डॉ मेघा भगत, डॉक्टर सुमन एक्का, डॉक्टर एल एन दास, डॉ राजीव रंजन, डॉ निगार सुल्ताना, डॉक्टर नजमा अंजुम, डॉ रिजवाना खातून, बीपीएम अमिता लाल, प्रेम कुमार, आशीष कुमार, सभी सीएचओ सभी एएनएम सहित अन्य शामिल थे ।

# वीर शहीद नीलाम्बर-पीताम्बर का शहादत दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगढ़ा :** खरवार भोगता समाज विकास संघ प्रखण्ड समिति के तत्वावधान में मंगलवार को खभावन बाजार टांड में वीर शहीद नीलाम्बर- पीताम्बर का शहादत दिवस मनाया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक स्व सावना लकड़ा की धर्म पत्नी सीता लकड़ा एवं विशिष्ट अतिथि अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव, अनगड़ा जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुण्डा, नामकूम जिला परिषद सदस्य विपिन टोप्पो, नवागढ़ पंसस फाल्गुनी शाही , परमेश्वर सिहं, ग्राम प्रधान बालेश्वर बेदिया जलनाथ चौधरी, खरवार भोगता विकास संघ के केन्द्रीय प्रवक्ता विरेंद्र सिंह भोगता कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया आदि उपस्थित थे । कार्यक्रम की अध्यक्षता महेश गंझु,एवं संचालन पंचम भोगता ने किया कार्यक्रम के पूर्व में समाज के पहान द्वारा पूजा की गयी इसके बाद अतिथियों ने नीलाम्बर-पीतांबर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया । उसके बाद सभी अतिथियों को समिति ने माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया उपस्थित वक्ताओं ने नीलाम्बर पीतांबर की जीवन संघर्ष के बारे बिस्तार बताया मुख्य अतिथि सीता लकड़ा ने कहा कि देश की आज़ादी मे नीलाम्बर पीतांबर के योगदान को भुलाया नही जा सकता है । हमे उनके जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेनी चाहिए जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुण्डा ने कहा कि हमें वीर शहीद नीलाम्बर पीतांबर के आदर्शों एवं विचारों को अपनाकर अपने, समाज को आगे बढ़ा सकते है एवं राष्ट्र हित में कार्य करने करने के लिए शपथ लेने की जरूरत है । विशिष्ट अतिथि विपिन टोप्पो ने कहा कि नीलाम्बर पीतांबर सच्चे देश प्रेमी राष्ट्र भक्त थे वे लोग अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद कर अपने जल जंगल जमीन बचाने के लिए कुर्बानी दी कार्यक्रम में करने पवन भोगता, भीखन भोगता, चंद्र मोहन भोगता जयदेव बेदिया, जगरनाथ महतो, अजित महतो,बालेश्वर भोगता प्रेम भोगता,मेघनाथ भोगता,राजेन्द्र भोगता,, हराधन भोगता, बंशीराम भोगता, शिवधन भोगता,आदि उपस्थित थे ।

# जय श्री राम भक्तों का शोभायात्रा संपन्न



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री राम भक्तों के जनसैलाब से मंगलवार को सिल्ली ग्राम विकास स्कूल से शोभायात्रा निकाला गया। यह शोभायात्रा बड़ी धुमधाम से निकाला गया। सभी राम भक्त अपने अपने क्षेत्र से शोभायात्रा मे शामिल होने के लिए ग्राम विकास स्कूल पहुंचे !सभी ने एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाकर शोभायात्र में राम भक्त होने की खुशीयां जाहिर किया !शोभायात्रा में हजारों की संख्या मे महिलाएं, पुरुष एवं इस्कॉन के बच्चे भाग लिए। सभी भगवा झंडा लेकर जय श्री राम, जय हनुमान,जय भोलेनाथ का जयकार लगाते हुए नाचते झुमते शोभायात्रा मे शामिल हुए। शोभायात्रा ग्राम विकास स्कूल से झारखंड मोड़ होते हुए मुरी रेलवे क्लोनी हनुमान मंदिर मे सम्पन्न हुआ। इस शोभायात्रा मे सिल्ली प्रखण्ड के हर जय श्री राम समिति के लोग शामिल हुए।शोभायात्रा को देखने के लिए लोगों की लंबी लाइन की कतार लग गई। सिल्ली थाना एवं मुरी ओपी अपने दल बल के साथ इस शोभायात्रा मे शामिल थे एवं शांति पुर्ण सम्पन्न स्थल तक ले जाया गया।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/47/2022-23

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| ग्रुप सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुमला जिलान्तर्गत **भरनो** प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/ पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्ग कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य। | 5,89,63,860.00 | 11,80,000.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 2 | गुमला जिलान्तर्गत **सिसई** प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/ पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्ग कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य। | 5,85,42,146.00 | 11,70,900.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 3 | गुमला जिलान्तर्गत **चैनपुर** प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/ पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्ग कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य। | 5,92,89,281.00 | 11,86,000.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 4 | गुमला जिलान्तर्गत **रायडीह** प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/ पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्ग कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य। | 5,77,04,046.00 | 11,54,100.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 5 | गुमला जिलान्तर्गत **पालकोट** प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/ पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्ग कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य। | 5,88,78,918.00 | 11,77,600.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 6 | गुमला जिलान्तर्गत **बसिया** प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/ पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्ग कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य। | 5,84,79,916.00 | 11,70,000.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 7 | गुमला जिलान्तर्गत **कामडारा** प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/ पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्ग कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य। | 5,90,82,866.00 | 11,81,700.00 | 10000.00 | 12 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 12.04.2016
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 12.04.2023 से दिनांक 25.04.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 28.04.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :–
   i) ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला/जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला।
   ii) ग्रामीण विकास विशेष अंचल, रॉंची/जिला नियंत्रण कक्ष, रॉंची।
   iii) e-procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, रॉंची।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदी राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान – e-procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, रॉंची।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –29.04.2023 अपराह्न 2:00 बजे
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430377526 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

PR 293749 Rural Development (22-23)_D



## झारखण्ड सरकार
### ग्रामीण कार्य विभाग मुख्य अभियंता का कार्यालय
### 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, रॉंची

### ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- **313/2022-23/RWD/CHAIBASA** दिनांक :- **28.03.2023**

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, रॉंची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ CHAIBASA/14 /SRPKG-02 /2022-23 | (i) दुधबिला चौक से नोवामुन्डी पी0डब्लू0डी0 रोड (रेलवे फलाईओवर) तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 5.800 कि0मी0)<br>(ii) पी0डब्लू0डी0 पथ बड़ा जामदा से नयागाँव भाया पन्ड्रासाली तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 6.000 कि0मी0)<br>(iii) पी0डब्लू0डी0 पथ लोकेसाई से पोखरपी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 5.600 कि0मी0)<br>(iv) हडवाकमान से सिलफोड़ी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.300 कि0मी0) | **14,14,64,174.00** | चौदह करोड़ चौदह लाख चौंसठ हजार एक सौ चौहत्तर रू0 मात्र | 15 माह |
| 2. | RWD/ CHAIBASA/15 /SRPKG-03 /2022-23 | (i) पन्ड्रासाली मुख्य पथ से चीरू तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 4.000 कि0मी0)<br>(ii) बरकेला चौक से मुकुबासा चौक तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 2.500 कि0मी0)<br>(iii) लुपुंगुटू स्कूल चौक से बड़ा गुईरा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.000 कि0मी0)<br>(iv) डॉंगुरपी चौक से भूता तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 1.500 कि0मी0)<br>(v) आर0ई0ओ0 मेन रोड सरडीहा से एटके तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 6.000 कि0मी0) | **8,88,92,619.00** | आठ करोड़ अठासी लाख बानबे हजार छः सौ उन्नीस रू0 मात्र | 15 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– **10.04.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– **20.04.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, रॉंची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **रॉंची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **चाईबासा** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– **21.04.2023** अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, रॉंची, झारखण्ड, पिन– 834001 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (21.04.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– **24.04.2023** अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, रॉंची, झारखण्ड, पिन– 834001
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **चाईबासा** के पक्ष में एवं **चाईबासा** में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR293791 (Rural Work Department)22-23*D



## झारखण्ड सरकार
### ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय
### 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, रॉंची

### ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- **304/2022-23/RWD/CHATRA** दिनांक :- **28.03.2023**

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, रॉंची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ CHATRA/14/ SRPKG- 02/2022-23 | (i) मोकतमा फॉरेस्ट डाक बंगला से ग्राम डहुरा भाया अकौना तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.350 कि0मी0)<br>(ii) आरा से आसानी होते हुए ओमरी (अहुरी) तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 8.500 कि0मी0)<br>(iii) धमनिया मोड़ से ग्राम कारी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 4.500 कि0मी0)<br>(iv) बभने से डाढ़ा भाया पकरिया तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 5.000 कि0मी0)<br>(v) बकचुमा पक्की सड़क से बिरहोर कॉलोनी होते हुए चारू से दुल्हा जिला परिषद तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 1.125 कि0मी0)<br>(vi) धानगिरी से पोस्तिया तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 1.980 कि0मी0) | **10,11,07,507.00** | दस करोड़ ग्यारह लाख सात हजार पाँच सौ सात रू0 मात्र | 15 माह |
| 2. | RWD/ CHATRA/15/ SRPKG- 03/2022-23 | (i) राजेश द्वार (सिमरिया एन0एच0–100) से पचफेरवा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.600 कि0मी0)<br>(ii) सबानो (रानीपोखर) से केन्दु भवानी मठ भाय मंगरदाहा पुल तक पथ का विशेष कार्य (लं– 8.200 कि0मी0)<br>(iii) चौथा से पथलकुदवा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 6.000 कि0मी0)<br>(iv) तेतर मोड़ से डाड़ी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.700 कि0मी0) | **12,67,19,412.00** | बारह करोड़ सड़सठ लाख उन्नीस हजार चार सौ बारह रू0 मात्र | 15 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– **06.04.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– **19.04.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, रॉंची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **रॉंची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **चतरा** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– **20.04.2023** अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, रॉंची, झारखण्ड, पिन– 834001 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (20.04.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– **21.04.2023** अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, रॉंची, झारखण्ड, पिन– 834001
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **चतरा** के पक्ष में एवं **चतरा** में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 293790 Rural Work Department(22-23)#D

## सोनारी दोमुहानी में वीरांगनाओं ने शिविर लगाकर की छठ व्रतियों की सेवा



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंतर्राष्ट्रीय वीरांगना फाउंडेशन की ओर से चैती छठ के महापावन अवसर पर सोनारी के दोमुहानी नदी घाट किनारे शिविर लगाकर वीरांगनाओं ने छठ व्रतियों की सेवा की। यह कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय वीरांगना फाउंडेशन की अंतरराष्ट्रीय महामंत्री भारती सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंगलवार की सुबह अर्ध्य देने के लिए दूध, सिंदूर, अगरबती के साथ-साथ बाद छठ व्रतियों को चाय बिस्किट पानी आदि का वितरण किया गया। मौके पर शिविर का नेतृत्व कर रही भारती सिंह ने कहा की यह पहला मौका था जब चैती छठ में छठ व्रतियों की सेवा के लिए शिविर लगाया गया। इस अवसर पर बिहार बांका जिला के बेलहर पूर्वी की जिला पार्षद प्रीति सिंह ने कहा कि वीरांगनाओं का यह सेवा बहुत ही उत्साह पूर्वक रहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सीमा सिंह, अर्चना सिंह, चित्रलेखा सिंह, प्रतिमा सिंह, गुड़िया सिंह, सुनीता सिंह, सविता सिंह, रिद्धि सिंह, सीमा सिंह, माला सिंह, मंजू सिंह, बिंदु सिंह, खुशबू सिंह, बबली सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## झारखंड फोटोग्राफी एसोसिएशन के एक्सपो पोस्टर की लॉन्चिंग



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड फोटोग्राफी एसोसिएशन की ओर से चतुर्थ फोटो एक्सपो पोस्टर लन्चिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फोटोग्राफर एसोसिएशन ऑफ सरायकेला-खरसावां की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि राज्य के आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री चंपाई सोरेन उपस्थित थे। उनके कर कमलों द्वारा पोस्टर का लॉन्चिग किया गया। इस मौके पर फोटोग्राफर एसोसिएशन के अध्यक्ष आदित्य बेज, सचिव चंद्रशेखर, कोषाध्यक्ष जीतेन्द्र कुमार शर्मा, अनिल पल, सुबोध टोप्पो, अमित बेज, संदीप कुमार, अजीत मण्डल, मंगल, झामुमो नेता दीपक नायक, दिनेश गोराई आदि सदस्य उपस्थित थे।

## सोनारी क्षत्रिय समाज ने महाराणा प्रताप सिंह को दी श्रद्धांजली



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को सोनारी क्षत्रिय समाज के मंडल अध्यक्ष मनोज सिंह, कार्यकारिणी अध्यक्ष रामचंद्र सिंह, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट कल्याण चंद्र सिंह, महामंत्री हरेंद्र कुमार सिंह ने महाराणा प्रताप सिंह के मूर्ति पर फूलों का माला पहनाकर श्रद्धांजली अर्पित किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगो ने महाराणा प्रताप के जीवन के बारे में प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में सोनारी इकाई के जितेंद्र सिंह, संतोष सिंह, एसएन सिंह, राजकुमार सिंह एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यकारिणी अध्यक्ष रामचंद्र सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## महिलाओं को रोजगार से जोड़ने वाली एक्सपोर्ट कंपनी का उद्घाटन 2 अप्रैल को



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्थानीय मां दुर्गा मंडल महिला समूह द्वारा महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया में शीघ्र ही एक्सपोर्ट कंपनी खोलेगी। उक्त कंपनी में महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराए जाने के अलावा निःशुल्क प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए महिला विकास अध्यक्ष छंदा विश्वास सेन और सचिव रंजल देवी ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया के ट्रेनिंग मोड़ के समीप आर एंड सी एक्सपोर्ट कंपनी खोला जाएगा जिसका उदघाटन आगामी दो अप्रैल को राज्य के आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री चम्पई सोरेन के द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर अन्य गणमान्य अतिथि के रूप में विधायक सविता महतो, समीर मोहन्ती, दशरथ गागराई, रामदास सोरेन व पूर्व सांसद सुमन महतो भी उपस्थित रहेंगी। उन्होंने बताया कि फिलहाल कंपनी में विद्यालयों के लिए बच्चों का यूनिफॉर्म और औद्योगिक क्षेत्र के कर्मचारियों की पोशाक निर्माण का कार्य प्रारम्भ किया जाएगा। बताया कि प्रथम चरण में करीब 50-60 महिलाओं को उक्त कंपनी में मासिक वेतन के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि उक्त महिला समूह से करीब 700 महिलाएं जुड़ी है जो कोरोना काल मे भी अपना कार्य कर अपने परिवार को आर्थिक सहयोग की हैं। इस मौके पर सुमन गोड़सेरा, सीमति सोरेन, सोनामुनि बारदा, कविता कुनकर आदि भी मौजूद थी।

## रामनवमी को लेकर उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई

# भुइयांडीह में मिनी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन, 500 लीटर शराब जब्त

**अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध चलाया जा रहा सघन छापेमारी अभियान**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** रामनवमी पर्व के मद्देनजर जिले में अवैध शराब का निर्माण एवं बिक्री के रोकथाम हेतु उपायुक्त विजया जाधव के आदेशानुसार उत्पाद विभाग द्वारा सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा । इसी क्रम में सिदगोड़ा थाना अंतर्गत बाबूडीह, ग्वाला



बस्ती भुइयांडीह में छापामारी कर मिनी अवैध शराब फैक्ट्री का उदभेदन किया गया । मौके पर से अवैध विदेशी शराब बनाने में प्रयुक्त होने वाली विभिन्न सामग्री सहित सप्लाई हेतु तैयार अवैध विदेशी शराब जब्त किया गया। अवैध शराब कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया है। छापेमारी के दौरान करीब 500 लीटर शराब जब्त किया गया है। जब्त शराब में विदेश ब्रांड के उत्पाद के अलावा विभिन्न ब्रांड के स्टिकर्स, विभिन्न ब्रांड के कॉर्क ढक्कन और होलोग्राम स्टिकर्स और एक होंडा एक्टिवा स्कूटर है।

## रामनवमी को लेकर शोभा यात्रा सह बाइक रैली

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चांडिल :** रामनवमी के अवसर पर जिले के चांडिल बाजार में 30 मार्च को विशाल शोभायात्रा सह बाइक रैली निकाली जाएगी। श्रीराम सनातन समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में अंतराष्ट्रीय जूना अखाड़ा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महंत विद्यानंद सरस्वती मुख्य रूप में शामिल होंगे। श्रीराम सनातन समिति के अध्यक्ष आकाश महतो ने चांडिल स्थित एक होटल में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नीमडीह प्रखंड के पितकी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर से कॉलेज मोड़ बजरंग बली मंदिर शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में अलग अलग झांकी रहेगी। शोभायात्रा में भारत माता, छौ नृत्य, अयोध्या राम मंदिर, शिव पार्वती, बजरंग बली की झांकी रहेगी। वहीं, शोभायात्रा की अगुवाई महिलाओं द्वारा किया जाएगा। आकाश महतो ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के हजारों रामभक्त शामिल होंगे। श्रद्धालुओं के लिए चना, गुड़, शर्बत की व्यवस्था रहेगी। समिति की ओर से चांडिल बाजार से स्टेशन तक जगह जगह भगवा ध्वज लगाया जा रहा है। समिति के महासचिव विमलेश मंडल, कोषाध्यक्ष सजल कर्मकार, मीडिया प्रभारी अजय गुप्ता, सह सचिव विद्याधर गोप, सूरज मिश्रा, शांति मोदक, मिथुन रूही दास आदि मौजूद थे।

## मुंडादेव गांव में विकास योजनाओं पर हुआ ग्रामसभा, क्षेत्र के विकास पर जोर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** कुचाई प्रखंड क्षेत्र के पोंडाकाटा पंचायत अंतर्गत मुंडादेव गांव में मंगलवार को चेक डैम व नहर निर्माण एवं विकास योजनाओं को लेकर ग्राम मुंडा परमेश्वर महतो के अध्यक्षता पर एक बैठक आयोजित किया गया। बैठक में मनरेगा के तहत बनने वाले तिलोपदा? पंचायत के गोपीडीह गांव से पोंडाकाटा पंचायत के मुंडादेव गांव तक नहर का निर्माण एवं चेक डैम का निर्माण जल्द से जल्द धरातल पर उतारने को लेकर विचार विमर्श किया गया। मौके पर उपस्थित पंचायत के मुखिया अनुराधा उरांव ने कहा कि क्षेत्र की विकास ही पहली प्राथमिकता है नहर एवं चेक डैम की



निर्माण से किसानों को पानी की असुविधा नहीं होगी साथ ही इसकी सीधी लाभ किसानों तक पहुंच पाएगी। इस मौके पर एपीओ सरिता ओड़िया, खिरोद चातर, पंचायत सचिव राजकुमार साहू, जेई मनोज सोय,पाइकराय मुंडारी, रोजगार सेवक नंदलाल गोप, नागेंद्र तांती, सुमित महतो,सुजीत कुमार महतो, जय किशन दास, संजय हेंब्रम समेत काफी संख्या में गांव के ग्रामीण उपस्थित थे।

## रामनवमी जुलूस रूट का जिला प्रशासन ने किया वेरिफिकेशन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** रामनवमी पर्व के विसर्जन जुलूस के दौरान विधि व्यवस्था के बेहतर संधारण तथा संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा उपायों को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी एहतियातन कदम उठाये जा रहे हैं। उपायुक्त विजया जाधव एवं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देशानुसार बीडीओ, सीओ, डीएसपी एवं थाना प्रभारी द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों में जुलूस मार्ग का सघन वेरिफिकेशिन कार्य किया जा रहा । उपायुक्त द्वारा मानगो नगर निगम, जेएनएसी, जुगसलाई नगर परिषद एवं चाकुलिया नगर पंचायत के कार्यपालक एवं विशेष पदाधिकारी को पूजा अखाड़ों के आसपास एवं चौक-चौराहों में साफ-सफाई कराने तथा महत्वपूर्ण मार्गों में पेड़ों की छटनी कराने का भी निर्देश दिया गया है । उपायुक्त द्वारा नागरिक सुरक्षा के अधीन वॉलंटियर की प्रतिनियुक्ति का निर्देश अनुमंडल पदाधिकारी



धालभूम को दिया गया है। उन्होने कहा कि 30 एवं 31 मार्च को रामनवमी का पर्व मनाया जाना है। जुस्को के महाप्रबंधक को सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर संवेदनशील स्थानों, भीड़ भाड़ वाले चौक-चौराहों, मस्जिद एवं अन्य स्थानों पर गत वर्षो की तरह लोहे की बेरिकेडिंग लगाने तथा सिविल सर्जन को आकस्मिक दुर्घटना से निपटने के लिए चिकित्सा दल की प्रतिनियुक्ति महत्वपूर्ण स्थलों पर करने का निर्देश दिया गया है । इसके अलावा संवेदनशील स्थानों व चौक-चौराहों को चिन्हित कर अस्का लाईट का अधिष्ठापन भी किया जाएगा ।

## सोड़ो व ईचागढ़ बस्ती में नव पत्रिका प्रवेश के साथ बासंती दुर्गा पूजा का हुआ शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सोड़ो व ईचागढ़ बस्ती में बासंती दुर्गा पूजा का शुभारंभ नव पत्रिका प्रवेश व कलश स्थापना के साथ किया गया। मां बासंती दुर्गा पूजा में मंगलवार को महासप्तमी को सोड़ो सोलो आना समिति द्वारा सुवर्ण रेखा नदी से मां का नव पत्रिका को बासंती दुर्गा मंदिर में महा स्नान के बाद प्रवेश कराया गया एवं कलश स्थापना के साथ पंडित घनस्याम ओझा ने महा सप्तमी व प्रतिमा का पुजा अर्चना किया। पूजा समिति द्वारा नव पत्रिका लाने के समय पुरे रास्ते



में श्रद्धालुओं ने जमीन पर लेटकर सस्टांग प्रणाम कर माता रानी से आशीर्वाद प्राप्त लिया। बीच सड़क पर लेटकर आशीर्वाद लेने वालों का तादाद इतनी हुई कि लोगों के ऊपर ही मां की पालकी ढोने वालों को उसके ऊपर पैर रखकर चलना पड़ा। पुजारी घनश्याम ओझा ने बताया कि सोड़ो सोलो आना समिति का यह बासंती दुर्गा पूजा बहुत प्राचीन काल से होता आ रहा है। मौके पर जिप सदस्य सुभाषिनी देवी, मुखिया नयन सिंह मुण्डा, इन्द्रजीत प्रामाणिक आदि उपस्थित थे।

## साकची धालभूम क्लब मैदान में 30 मार्च को मनेगा राजस्थान दिवस

**रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में दिखेगी राजस्थानी संस्कृति की झलक**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा आगामी 30 मार्च गुरूवार की शाम को साकची स्थित श्री अग्रसेन भवन के सामने धालभूम क्लब मैदान में राजस्थान दिवस ( आपणो राजस्थान कार्यक्रम ) धूमधाम से मनाया जायेगा। इस रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं, जिसमें राजस्थानी संस्कृति की झलक दिखेगी। इस आयोजन में प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क है। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए राजस्थान से



कलाकार आ रहे है। संवाददाता सम्मेलन में उपस्थित महासचिव सीए विवेक चौधरी ओर कोषाध्यक्ष मोहित शाह ने संयुक्त रूप से बताया कि बच्चे, महिलाएं, पुरूष और युगल जोड़ी को सर्वश्रेष्ठ राजस्थानी ड्रेस पुरूस्कार से सम्मानित किया जायेगा। संवाददाता सम्मेलन में प्रमुख रूप से निर्मल काबरा, ओमप्रकाश रिंगसिया, उमेश शाह, अशोक मोदी, अरूण बांकरेवाल, बजरंग लाल अग्रवाल, सांवरमल अग्रवाल, अशोक खण्डेलवाल, बबलू अग्रवाल, भोला चौधरी, कविता अग्रवाल, निशा सिंघल, उषा चौधरी, मनीषा संघी आदि मौजूद थे।

## हुलाडेक रिसाइक्लिंग ने बिष्टुपुर में अपना 13वां कलेक्शन सेंटर शुरु किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** अपने इलेक्ट्रॉनिक और बिजली के कचरे के निपटान की बढ़ती आवश्यकता के साथ, जमशेदपुर के निवासियों के लिए डोर टू डोर संग्रह के साथ-साथ ड्रॉप ऑफ केंद्रों के मामले में, हुलाडेक रीसाइक्लिंग ने लगातार सबसे अच्छा विकल्प प्रदान किया है। नवीनतम केंद्र बिष्टुपुर क्षेत्र में स्थित है और वहां के निवासियों की जरूरत को पूरा करेगा। इसी कड़ी में आज जमशेदपुर कॉपरेटिव कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अमर सिंह ने हुलाडेक रिसाइक्लिंग के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में नए केंद्र का उद्घाटन किया। इसके अलावा, हुल्लाडेक ने हाल ही में चाईबासा और घाटशिला में संग्रह



सुविधाओं की स्थापना करते हुए, झारखंड के विभिन्न जिलों में शाखाएं शुरू की हैं। नंदन मल्ल, संस्थापक और प्रबंध निदेशक, हुलाडेक रीसाइक्लिंग ने कहा ई-कचरे को सही तरीके से एकत्र और पुनर्चक्रित करने के लिए हमें झारखंड राज्य की पूरी आबादी तक पहुंचने की जरूरत है। इसलिए हम अपने संग्रह केंद्रों को चरणबद्ध तरीके से बढ़ाने की प्रक्रिया में हैं।

## सीएचसी ईचागढ़ में आयोजित स्वास्थ्य मेला में 300 मरीजों ने कराया जांच

प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईचागढ़ में मंगलवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन विधायक सविता महतो, जिप सदस्य जोती लाल मांझी, प्रमुख गुरू पद मार्डी, बीडीओ किकु महतो ने ने फीता काट कर व दीप प्रज्वलित कर किया। विधायक ने स्टालों का मुआयना भी किया। स्वास्थ्य मेला में टीबी, मलेरिया, सर्दी खांसी, उच्च रक्तचाप,सुगर , महिला संबंधित रोगों सहित कुल 15 स्टाल लगाया गया। स्वास्थ्य जांच,खुन जांच, प्रेशर जांच, आंख



जांच से लेकर कई तरह का जांच किया गया। मरीजों को मुफ्त दवा भी दिया गया। हैम्यूपैथी, आयुस , एलोपैथी व योगा आदि पद्धति के लिए स्टाल लगाया गया। तीन सौ मरीजों का स्वास्थ्य जांच व चिकित्सा किया गया। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी दीपक कुमार मांझी ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए इससे बचाव के जानकारी दिए। विधायक ने कहा कि अनुमंडल स्वास्थ्य केंद्र व ईचागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन भी बनाया जा रहा है। मौके पर डा अनुपम घोषाल, सीडीपीओ हिमाद्रि,झामुमो केन्द्रीय सचिव काबलु महतो, मुखिया राखोहरी सिंह मुण्डा आदि उपस्थित थे।

## टाटा स्टील ने किया दिल के स्वास्थ्य के संबंध में सेफ टॉक का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** डॉ. मंदार महावीर शाह, चीफ कंसल्टेंट और हेड कार्डियोलॉजी, टाटा मेन हॉस्पिटल ने जमशेदपुर वर्क्स के अंदर स्टीलेनियम हॉल में टाटा स्टील सेफ्टी डिपार्टमेंट द्वारा आयोजित सेफ टॉक के हिस्से के रूप में जीवन बचाने में तकनीकी हस्तक्षेप पर प्रमुख वक्तव्य प्रस्तुत किया। अपने संबोधन के दौरान, डॉ. शाह ने कार्डियोलॉजी के विकास में पारंपरिक तरीकों से लेकर डिजिटल रूप से न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रियाओं की वर्तमान विधियों तक की प्रमुख प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने टीएमएच में उपलब्ध नवीनतम नैदानिक और उपचार सुविधाओं और विकल्पों के अलावा टीएमएच में उपलब्ध नवीनतम कैथलैब सुविधाओं के बारे में जानकारी दी।

## पूर्वी सिंहभूम जिले के 10 प्रखंडों में मिलेगी मोबाइल एंबुलेंस की सेवा, सूची जारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन को हंस फाउन्डेशन द्वारा 05 मोबाइल एम्बुलेंस उपलब्ध कराया गया है। एम्बुलेंस के माध्यम से ग्रामीणों क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने हेतु प्रखंडवार सूची जारी करते हुए उपायुक्त विजया जाधव द्वारा सिविल सर्जन एवं संबंधित प्रखडों के एमओआईसी को आपसी समन्वय के साथ जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवायें पहुंचाने का निर्देश दिया गया है । फिलहाल ये 05 मोबाइल एंबुलेंस 10 प्रखंडों में सेवायें देंगी।

**प्रखण्डवार एम्बुलेंस प्रतिनियुक्ति की सूची निम्नवत है-** 1. जेएच05 डीके-3009- (चालक) प्रदीप गौर- 7667073557- पोटका एवं डुमरिया, 2. जेएच05 डीके 2040- (चालक) संजय प्रसाद-



8651772381- पटमदा एवं बोड़ाम, 3. जेएच05 डीके-2906- (चालक) वृकेश कुमार-9060430221- घाटशिला एवं मुसाबनी, 4. जेएच05 डीके 6660- (चालक) राजेश सिंह-9031385833- धालभूमगढ़ एवं गुड़ाबांदा, 5. जेएच05 डीके-2020- (चालक) अंकित गुरूंग-7033748937- बहरागोड़ा एवं चाकुलिया।

## जेजेए ने उपायुक्त से पत्रकारों को चिन्हित करने के लिए समिति गठन की मांग की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन का पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल जेजेए के कार्यकारी अध्यक्ष श्री अमरकांत के नेतृत्व में शनिवार को सरायकेला उपायुक्त अरवा राजकमल से मुलाकात कर सरायकेला जिला में पत्रकारों के लिए प्रेस क्लब, डिजीटल मिडिया के पत्रकारों के लिए मान्यता सहित अन्य मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर उपायुक्त के समक्ष जेजेए के कार्यकारी अध्यक्ष ने बताया कि सरायकेला सहित झारखंड के 2-3 जिलों में प्रेस क्लब के विवाद का निपटारा करने

**छत्तीसगढ़ राज्य के तर्ज पर झारखंड में भी हो समिति का गठन**

के लिए रांची प्रेस क्लब के चुनावी प्रक्रिया को मॉडल मानते हुए निपटारा किया जा सकता है। उन्हों ने बताया कि 5-10 पत्रकार मिलकर सोसाइटी एक्ट में प्रेस क्लब का निबंधन करवा कर अपनी मनमानी नहीं कर सकते हैं। प्रेस क्लब के चुनाव से पूर्व सदस्यता के प्रमाण का सत्यापन करने के लिए 5 सदस्यीय कमेटी का गठन किया जाना चाहिए।



अमरकांत ने बताया कि डिजिटिल मिडिया के पत्रकारों की मान्यता केवल उन्हे दी जा सकती है जिन्हें पीआईबी एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त हो। उन्हों ने बताया कि डिजीटिल मिडिया के नाम पर बड़ी संख्या में यूट्यूबर्स स्वयं को पत्रकार घोषित कर रहे हैं जबकि उन्हें अपने वाहन पर प्रेस लिखने की भी अनुमति नहीं दी जा सकती है। श्री अमरकांत ने कहा कि इस बाबत वे मुख्य सचिव से मिलकर झारखंड के समस्त 24 जिलों के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के तर्ज पर समिति गठन करने की मांग रखेंगे। उन्होंने पत्रकारों को चिन्हित करने के लिए मुख्यालय स्थित वरिष्ठ पत्रकारों की समिति गठन करने का सुझाव दिया। उपायुक्त ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि सभी नियमावली का अध्ययन कर जल्द ही इस बाबत उचित निर्णय लिया जायेगा। उपायुक्त से मिलने वालों में जिलाध्यक्ष भाग्यसागर सिंह, प्रदेश सचिव प्रताप मिश्रा, शेख अलाउद्दीन एवं दीपक दारोगा आदि शामिल थे।

## संपादकीय

## आपसी बहस के मुगालते

**बजट** सत्र की बहस में हम जनता के मुगालते देखें या भ्रम की स्थिति से बाहर निकलते स्पष्टीकरणों पर विश्वास करें। बहस का चरम राजनीति के मर्म तक पहुंचेगा या चर्चाओं की चर्चा में यह सत्र भी गुजर जाएगा। अतीत के महीनों से निकलीं सुर्खियां कितनी काबिल थीं या सदन की काबिलीयत में हिमाचल का भविष्य बात कर रहा है। बहरहाल प्रश्नों के गुबंद से निकलीं हवाएं हिमाचल के विधानसभा बजट सत्र को लोकतांत्रिक पैमाने से माप रही हैं, तो समूचे विपक्ष की प्रश्नावली की हर जिरह से सरकार की भी पैमाइश होगी। सुक्खू सरकार के बजट का मुखर पक्ष अगर आर्थिक नवाचार है, तो कहीं वित्तीय कमजोरियों के बाहुपाश में फंसे प्रदेश के हालात पर विपक्ष की निगहबानी जारी है और यही वजह है कि तुलनात्मक अध्ययन के बीच लाभ की कंदराओं में जाया धन की बात होगी। फिर भी खामोशियां सरकारी तौर पर बंटी रेवडियों पर चर्चा नहीं करतीं या राज्य का वह पक्ष अनसुना रह जाता है, जो गैर-सरकारी है। पक्ष-विपक्ष के बीच सरकारी बहस की आदत बहुत पुरानी है, लेकिन अब वक्त, हालात और आगे बढने की प्रेरणा बदल गई है। हम विधानसभा परिसर के बाहर भी हिमाचली आक्रोश में उठती तरंगों का हवाला लें तो किसी को सरकारी नौकरी के लिए तो किसी को सरकारी नौकरी के बीच शिकायत है, जबकि प्रगति और भविष्य के द्वंद्व में युवा पीढ़ी नए क्षितिज खोज रही है। जब बीबीएन की सुबह में बहता पसीना कुछ युवाओं के संघर्ष की इत्तला देता है, तो बहस के विषय में निजी क्षेत्र की मेहनत को भी तो साधुवाद मिले। जब निजी बसों की सहूलियत में आम जनता का विश्वास टिका रहता है, तो इस सेवा का भी तो एहसास हो। जब राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं में बच्चों का उल्लेख होता है, तो उनके प्राइवेट स्कूलों का भी तो जिक्र हो। जिक्र तो उस संभावना में व्याप्त है जो हिमाचल की वर्तमान स्थिति के बावजूद निजी क्षेत्र को अपने दम पर आगे बढने की प्रेरणा दे रहा है। बेशक व्यवस्था परिवर्तन के व्यावहारिक पक्ष को सुदृढ़ कर रही सुक्खू सरकार ने अपनी कामकाज की रूह बदलने का मंतव्य दिखाया है, लेकिन सुशासन की जिस पतली डगर से गांव जुड़ते हैं, वहां संदेश के वाहक अभी नहीं पहुंचे। प्रदेश के बजट की तर्ज पर जब हर गांव, हर कस्बे और हर शहर का बजट भी मुखातिब होकर आत्मनिर्भर होने की कसम लेगा तब खोज होगी अपने अपने मुस्तकबिल की। बहरहाल सत्र की बहस में व्यक्तित्व का फैसला भी हो रहा है और हम देख रहे हैं कि विपक्ष के नेता के तौर पर पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर अपनी भूमिका को नए शब्द देते हैं, तो पहली बार मुख्यमंत्री बने सुखविंदर सिंह सुक्खू अपने पद की दृढ़ता और निर्णायक भूमिका को उद्धृत करते हैं, लेकिन अभी उनके मंत्रियों के जवाब में विभागीय शक्ति व व्यवस्था परिवर्तन की तासीर को सुना जाना बाकी है। बेशक विधानसभा की बहस का मूड बदल रहा है और इसका श्रेय सत्तापक्ष या बजट की रूपरेखा को जाता है। सुक्खू सरकार ने अपनी इच्छाशक्ति के मंच पर बजट को उतार कर बहस का कुछ तो खालीपन भरा और इसलिए कहीं राज्य के ग्रीन होने की चर्चा है, तो कहीं पर्यटन प्रदेश की निगाहों से मुलाकात होने लगी है। इसी परिप्रेक्ष्य में सबसे बड़ी बहस का दायरा मंडी ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट से कांगड़ा हवाई अड्डा के विस्तार तक फैल गया है। प्रसन्नता का विषय यह है कि सियासी संकीर्णता के बाहर अब बात बड़े परिदृश्य में प्रदेश को निहारने की हो रही है। यहां फोरलेन से एयरपोर्ट के विस्तार तक और झील पर्यटन से हेलिपोर्ट तक दृष्टि अगर खुल जाए, तो हर विधानसभा क्षेत्र अपनी आर्थिकी की जिम्मेदारी ओढना सीख सकता है, लेकिन बड़ी परियोजनाओं को उन्हीं की संभावनाओं में देखने का मतैक्य भी चाहिए। मंडी एयरपोर्ट की लागत के 8304 करोड़ विपक्ष के मार्फत केंद्र से अपील कर रहे हैं, तो राज्यसभा की सांसद इंदु गोस्वामी कांगड़ा की हवाई पट्टी पर लट्टू होती हिमाचल सरकार की मदद कर रही हैं। राज्य के पास अब तक केवल 1372 मीटर की हवाई पट्टी अगर कांगड़ा को व्यस्तम एयरपोर्ट बना देती है, तो अगले 1.9 किलोमीटर के सफर में दो हजार करोड़ का व्यय करके सुक्खू सरकार वर्षों की बहस को अंजाम तक पहुंचा रही है। बहस के किंतु-परंतु अगर मटौर-शिमला तथा पठानकोट-मंडी जैसी फोरलेन परियोजनाओं के बीच टू लेन थ्योरी की ओर मोड़ रहे थे, तो अब सारे प्रोजेक्ट यूं ही तो नहीं पूर्ण रूप से फोरलेन हो रहे हैं। कहना न होगा कि अगर सत्ता और विपक्ष के बीच राज्य की व्यापक दृष्टि का परिचय नहीं मिलता है तो हर बार, 'पहर गुजर जाएगी, तेरी हस्ती के दामन में, निगाह गुजर जाएगी'। ऐसे में सरकार द्वारा रेखांकित मंतव्यों के आसपास विपक्ष को अपने नजरिए का बोध कराने की जरूरत रहेगी, तो सत्ता को अपने आसमानों में पूरे सदन को जगह देनी होगी। अब वक्त यह मांग कर रहा है कि प्रदेश राजनीतिक संकीर्णता से कहीं भिन्न ऐसी इबारत लिखे, जो भविष्य की पैरवी में जनप्रतिनिधियों का कद ऊंचा कर दे।


पक्ष-विपक्ष के बीच सरकारी बहस की आदत बहुत पुरानी है, लेकिन अब वक्त, हालात और आगे बढने की प्रेरणा बदल गई है। हम विधानसभा परिसर के बाहर भी हिमाचली आक्रोश में उठती तरंगों का हवाला लें तो किसी को सरकारी नौकरी के लिए तो किसी को सरकारी नौकरी के बीच शिकायत है, जबकि प्रगति और भविष्य के द्वंद्व में युवा पीढ़ी नए क्षितिज खोज रही है। जब बीबीएन की सुबह में बहता पसीना कुछ युवाओं के संघर्ष की इत्तला देता है, तो बहस के विषय में निजी क्षेत्र की मेहनत को भी तो साधुवाद मिले। जब निजी बसों की सहूलियत में आम जनता का विश्वास टिका रहता है, तो इस सेवा का भी तो एहसास हो। जब राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं में बच्चों का उल्लेख होता है, तो उनके प्राइवेट स्कूलों का भी तो जिक्र हो। जिक्र तो उस संभावना में व्याप्त है जो हिमाचल की वर्तमान स्थिति के बावजूद निजी क्षेत्र को अपने दम पर आगे बढने की प्रेरणा दे रहा है।


## वर्ष 2023 में कुल वैश्विक विकास में भारत 15 फीसदी से भी अधिक का योगदान देगा

# चुनौतियों के बीच भारत की मजबूत आर्थिकी

डा. जयंती लाल भंडारी


चालू वित्त वर्ष 2022-23 में भारत की विकास दर दुनिया में सबसे अधिक करीब 6.8 फीसदी होगी, वहीं आगामी वित्त वर्ष 2023-24 में भी भारत की विकास दर 6.1 फीसदी के साथ फिर दुनिया में सर्वोच्च होगी। वहीं संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक-सामाजिक मामलों के विभाग के द्वारा प्रस्तुत 'विश्व आर्थिक स्थिति और संभावनाएं 2023' रिपोर्ट में भारत को उद्योग-कारोबार और निवेश के मद्देनजर विश्व का प्रमुख और आकर्षक स्थल बताया गया है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि 15 मार्च को वाणिज्य मंत्रालय के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022-23 के पहले 11 महीनों में वस्तु निर्यात 400 अरब डॉलर के पार पहुंच गया है। वैश्विक निर्यात चुनौतियों के बीच भारत से निर्यात भी बढ़ रहे हैं। वर्ष 2021-22 में उत्पाद एवं सेवा निर्यात का जो मूल्य करीब 676 अरब डॉलर था, वह चालू वित्त वर्ष 2022-23 में बढक़र 770 अरब डॉलर से भी अधिक हो सकता है।


**हाल** ही में 18 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक महत्वपूर्ण कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि आज वैश्विक आर्थिक संकट के बीच भी भारत का अर्थतंत्र मजबूत है। दुनिया में भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था का चमकता हुआ देश बताया जा रहा है। इस समय भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। जहां भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) बढ़ रहे हैं, वहीं भारत से निर्यात भी बढ़ रहे हैं। भारत वैश्विक सप्लाई चेन का अहम हिस्सा बन रहा है। प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम (पीएलआई) से देश का मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर और आत्मनिर्भर भारत अभियान आगे बढ़ रहा है। इन दिनों पूरी दुनिया में दो ख्याति प्राप्त वैश्विक संगठनों के द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में हाल ही में प्रकाशित रिपोर्टों को गंभीरतापूर्वक पढ़ा जा रहा है। जहां अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की बढ़ी हुई अनिश्चितताओं के बीच भारत का मजबूत आर्थिक प्रदर्शन दुनिया में भारत की अहमियत बढ़ा रहा है। वर्ष 2023 में कुल वैश्विक विकास में भारत 15 फीसदी से भी अधिक का योगदान देगा। जहां चालू वित्त वर्ष 2022-23 में भारत की विकास दर दुनिया में सबसे अधिक करीब 6.8 फीसदी होगी, वहीं आगामी वित्त वर्ष 2023-24 में भी भारत की विकास दर 6.1 फीसदी के साथ फिर दुनिया में सर्वोच्च होगी। वहीं संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक-सामाजिक मामलों के विभाग के द्वारा प्रस्तुत 'विश्व आर्थिक स्थिति और संभावनाएं 2023' रिपोर्ट में भारत को उद्योग-कारोबार और निवेश के मद्देनजर विश्व का प्रमुख और आकर्षक स्थल बताया गया है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि 15 मार्च को वाणिज्य मंत्रालय के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022-23 के पहले 11 महीनों में वस्तु निर्यात 400 अरब डॉलर के पार पहुंच गया है। वैश्विक निर्यात चुनौतियों के बीच भारत से निर्यात भी बढ़ रहे हैं। वर्ष 2021-22 में उत्पाद एवं सेवा निर्यात का जो मूल्य करीब 676 अरब डॉलर था, वह चालू वित्त वर्ष 2022-23 में बढक़र 770 अरब डॉलर से भी अधिक हो सकता है। एक ओर जहां प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के लिए भारत को चमकता स्थान (स्पाट) माना जा रहा है, वहीं दुनिया के देश भारत से दवाई और कृषि सहित विभिन्न उत्पादों और सेवाओं के निर्यात बढ़ाने की पहल करते हुए दिखाई दे रहे हैं। पिछले 8 वर्षों में 160 से अधिक देशों की कंपनियों ने भारत में अर्थव्यवस्था के 61 क्षेत्रों में निवेश किया है। वित्त वर्ष 2021-22



में भारत के रिकॉर्ड स्तर पर 84 अरब डॉलर का विदेशी निवेश मिला था। यह भी भारत की बढ़ती हुई वैश्विक आर्थिक साख की सफलता है कि रिजर्व बैंक आरबीआई ने जुलाई 2022 में डॉलर पर निर्भरता कम करने के लिए विदेशी व्यापार का लेन-देन रुपए में करने का प्रस्ताव किया था। 15 मार्च तक रूस, मारीशस व श्रीलंका के द्वारा भारतीय रुपए में विदेशी व्यापार शुरू करने के बाद अब तक 18 देशों के बैंकों ने रुपए में व्यापार करने के लिए विशेष वोस्ट्रो खाते खोले हैं। 35 से अधिक देशों ने रुपए में व्यापार करने में रुचि दिखाई है। इससे भारत को कई मोर्चों पर लाभ मिलेगा। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि जैसे-जैसे भारत बौद्धिक संपदा, शोध एवं नवाचार (रिसर्च एंड इनोवेशन) में आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। हाल ही में 4 मार्च को माइक्रोसॉफ्ट के सह संस्थापक बिल गेट्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट की और कहा कि इस समय दुनिया में रेखांकित हो रहा है कि भारत बौद्धिक सम्पदा, शोध और नवाचार की डगर पर आगे बढक़र विभिन्न क्षेत्रों में विकास को अपनी मुठ्ठियों में कर रहा है। अमेरिका के ग्लोबल इनोवेशन पॉलिसी सेंटर के द्वारा प्रकाशित अंतरराष्ट्रीय बौद्धिक संपदा (आईपी) सूचकांक रिपोर्ट 2023 में बौद्धिक संपदा आधारित नवाचार मामले में भारत को दुनिया की 55 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में 42वें स्थान पर चिन्हित किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का आकार और आर्थिक रसूख वैश्विक पटल पर बढ़ रहा है, ऐसी स्थिति में भारत आईपी-प्रेरित नवाचारों की मदद से अपनी अर्थव्यवस्था का कायाकल्प करने की मंशा रखने वाली उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए एक अग्रणी देश बन सकता है। भारत के नवाचार दुनिया में सबसे प्रतियोगी, किफायती, टिकाऊ, सुरक्षित और बड़े स्तर पर लागू होने वाले समाधान प्रस्तुत कर रहे हैं। भारत में इंटरनेट ऑफ थिंग्स, कृत्रिम बुद्धिमता और डेटा एनालिटिक्स जैसे क्षेत्रों में शोध और विकास और जबरदस्त स्टार्टअप माहौल के चलते ख्याति प्राप्त वैश्विक फार्मेसी कंपनियां, वैश्विक फाइनेंस और कॉमर्स कंपनियां अपने कदम तेजी से बढ़ा रही हैं। अमेरिका, यूरोप और एशियाई देशों की बड़ी-बड़ी कंपनियां भारत में तेजी से अपने ग्लोबल इन हाउस सेंटर (जीआईसी) तेजी से शुरू करते हुए दिखाई दे रही हैं। यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि भारत की अर्थव्यवस्था चीन की अर्थव्यवस्था की तुलना में लगातार तेज गति से आगे बढ़ रही है। आईएमएफ के मुताबिक इस वित्त वर्ष 2022-23 में चीन की अर्थव्यवस्था में करीब 3.3 फीसदी वृद्धि होने का अनुमान है और आगामी वित्त वर्ष 2023-24 में चीन की वृद्धि दर 4.4 फीसदी रह सकती है। दो वर्षों की चीन की यह वृद्धि भारत की वृद्धि दर से बहुत कम है। वस्तुतः भारतीय अर्थव्यवस्था चीन से होड़ करने में इसलिए भी सफल होते हुए दिखाई दे रही है क्योंकि जहां कई उभरते हुए वैश्विक आर्थिक परिदृश्य भारत के हित में हैं, वहीं चीन के सामने कई आर्थिक मुश्किलें हैं। इस समय चीन में युवा कामगारों का अभाव है, चीन में अचल संपत्ति गिरावट के दौर में है। चीन में विनिर्माण और वित्त की समस्या है। चीन के प्रति वैश्विक नकारात्मकता और अमेरिका के साथ चीन के व्यापार संबंधों में कड़वाहट का भी चीन की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ रहा है। यद्यपि दुनियाभर में भारत सबसे तेज और आकर्षक अर्थव्यवस्था वाले देश के रूप में रेखांकित हो रहा है, लेकिन अभी वैश्विक सुस्ती के कारण देश के द्वारा निर्यात बढ़ाने और व्यापार घाटे की चुनौती को कम करने के लिए रणनीतिक कदम उठाए जाने की जरूरत बनी हुई है। हमें देश की नई लॉजिस्टिक नीति 2022 और गति शक्ति योजना की अभूतपूर्व रणनीतियों से भारत को आर्थिक प्रतिस्पर्धी देश के रूप में तेजी से आगे बढ़ाकर देश की अर्थव्यवस्था को निर्यात प्रधान अर्थव्यवस्था बनाना होगा। दुनिया के विभिन्न देशों के साथ शीघ्रतापूर्वक मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को आकार देना होगा। शोध और नवाचार पर सकल घरेलू उत्पाद का दो फीसदी तक व्यय बढ़ाया जाना होगा। हम उम्मीद करें कि भारत के द्वारा इस वर्ष 2023 में जी-20 की अध्यक्षता के बीच ऐसे रणनीतिक प्रयत्न बढ़ाए जाएंगे जिनसे चीन प्लस वन की जरूरत के मद्देनजर भारत दुनिया के नए आपूर्ति केंद्र, मैन्युफैक्चरिंग हब, अधिक निर्यात, अधिक विदेशी निवेश और अधिक विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने की डगर पर तेजी से आगे बढने की संभावनाएं मुठ्ठियों में ली जा सकेगी।

# भविष्य का वैकल्पिक ईंधन


ईंधन को ग्यारह राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के चौरासी पेट्रोल पंपों पर उपलब्ध कराया जाएगा। गौरतलब है कि भारत सरकार ने 'इंडिया एनर्जी वीक 2023' में बीस प्रतिशत एथेनाल मिश्रित पेट्रोल को बीते फरवरी महीने में शुरू किया था और उम्मीद जताई गई थी कि इस पहल से पेट्रोल पर निर्भरता को कम किया जा सकेगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि जैव ईंधन को लेकर जितनी सक्रियता आई है, उसके लाभ भी विभिन्न आयामों में विस्तार लेंगे। ई-20 ईंधन कई लाभों से युक्त है, पर चुनौतियों से भी भरा हुआ है। भारत कृषि अर्थव्यवस्था वाला देश है, यहां व्यापक पैमाने पर कृषि अवशेष उपलब्ध हैं। ऐसे में जैव र्इंधन के उत्पादन की संभावना अधिक रहेगी। फलस्वरूप, नई नगदी फसलों के रूप में ग्रामीण और कृषि विकास में यह मदद कर सकता है, बशर्ते नियोजनकर्ता किसानों की सक्रियता और महत्ता को ऊर्जा का केंद्र समझें, न कि महज एक साधन। शहर अकूत अपशिष्ट और कचरे से भरे पड़े हैं इनका उपयोग कर ईंधन में बदलना संभव होगा, जो भोजन और ऊर्जा दोनों प्रदान कर सकती है। ई-20 ईंधन से वाहनों को चलाना तो आसान रहेगा ही साथ ही बड़ा लाभ यह होगा कि जहरीली गैसों से शहर मुक्त भी होंगे।


**सरकार** ने एथेनाल युक्त तेल को 2030 तक जारी करने का लक्ष्य रखा था, मगर इसे अभी शुरू कर दिया गया है। सात साल पहले लक्ष्य तक पहुंचने का जो श्रेय सरकार को जाता है, उसमें एथेनाल के लिए कच्चा माल उपलब्ध कराने वालों को भी निहित समझा जाए। 2013-14 की तुलना में आज एथेनाल का उत्पादन छह गुना तक बढ़ा है, जिससे लगभग चौवन हजार करोड़ रुपए की विदेशी मुद्रा बची है। दुनिया में कच्चे तेल के लिए संघर्ष अपने आप में किसी महायुद्ध से कम नहीं है। यह तमाम देशों के लिए अक्सर चुनौती बनता रहा है। रोचक यह है कि तेल को लेकर अमेरिका जैसे देश कई खेल भी इसी दुनिया में खेलते रहे हैं। गौरतलब है कि अमेरिका भारत का रणनीतिक मित्र है और वर्षों से दोनों के संबंध कहीं अधिक सकारात्मक हैं, मगर ईरान से उसकी दुश्मनी की कीमत भारत को भी तब चुकानी पड़ी, जब उसने मई 2019 में ईरान से कच्चा तेल लेने पर प्रतिबंध लगा दिया था। आखिरकार इस ऊर्जा की भरपाई के लिए भारत को सऊदी अरब की ओर रुख करना पड़ा था, जो ईरान की तुलना में महंगा सौदा था। फरवरी, 2022 से बदले हालात के बाद रूस से भारत सस्ता तेल धड़ाधड़ खरीद रहा है, जबकि रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते अमेरिका और यूरोप के कई देशों के अलग खेमे बने हुए हैं और भारत को ऐसा करने से रोक पाने में सक्षम भी नहीं हैं। भारत कच्चे तेल के मामले में आत्मनिर्भर नहीं है। वह अपनी जरूरत का महज सत्रह फीसद तेल उत्पादन कर पाता है, बाकी के लिए आयात पर निर्भर है। ऐसे में ई-20 ईंधन का स्वरूप इस निर्भरता को कम करने में मदद करेगा, मगर जिस गति से कच्चे तेल की आवश्यकता देश को है, उसे देखते हुए इसे अंतिम उपाय नहीं कहा जा सकता। गौरतलब है कि ई-20 ईंधन का आशय पेट्रोल में एथेनाल के बीस प्रतिशत मिश्रण से है। अभी तक देश में मिलने वाले पेट्रोल में इसकी मिलावट महज दस फीसद होती थी। हालांकि इसे लेकर पेट्रोल के आयात पर असर पड़ेगा, मगर बड़ा असर लाने के लिए इलेक्ट्रानिक वाहन और एथेनाल मिश्रित पेट्रोल को पूरे देश में विस्तार देना होगा। फिलहाल ई-20 ईंधन को ग्यारह राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के चौरासी पेट्रोल पंपों पर उपलब्ध कराया जाएगा। गौरतलब है कि भारत सरकार ने 'इंडिया एनर्जी वीक 2023' में बीस प्रतिशत एथेनाल मिश्रित पेट्रोल को बीते फरवरी महीने में शुरू किया था और उम्मीद जताई गई थी कि इस पहल से पेट्रोल पर निर्भरता को कम किया जा सकेगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि जैव ईंधन को लेकर जितनी सक्रियता आई है, उसके लाभ भी विभिन्न आयामों में विस्तार लेंगे। ई-20 ईंधन कई लाभों से युक्त है, पर चुनौतियों से भी भरा हुआ है। भारत कृषि अर्थव्यवस्था वाला देश है, यहां व्यापक पैमाने पर कृषि अवशेष उपलब्ध हैं। ऐसे में जैव र्इंधन के उत्पादन की संभावना अधिक रहेगी। फलस्वरूप, नई नगदी फसलों के रूप में ग्रामीण और कृषि विकास में यह मदद कर सकता है, बशर्ते नियोजनकर्ता किसानों की सक्रियता और महत्ता को ऊर्जा का केंद्र समझें, न कि महज एक साधन। शहर अकूत अपशिष्ट और कचरे से भरे पड़े हैं। इनका उपयोग कर ईंधन में बदलना संभव होगा, जो भोजन और ऊर्जा दोनों प्रदान कर सकती है। ई-20 ईंधन से वाहनों को चलाना तो आसान रहेगा ही साथ ही बड़ा लाभ यह होगा कि जहरीली गैसों से शहर मुक्त भी होंगे। कच्चा तेल खरीदने में तुलनात्मक कमी आएगी, इससे विदेशी मुद्रा के खर्च में कमी आएगी। यह हरित ईंधन का एक ऐसा उदाहरण है, जिससे कार्बन डाईआक्साइड और हाइड्रो कार्बन आदि के उत्सर्जन में कमी संभव है। पड़ताल बताती है कि वर्तमान में भारत में एथेनाल की उत्पादन क्षमता लगभग एक हजार सैंतीस करोड़ लीटर है, जिसमें सात सौ करोड़ लीटर गन्ना आधारित और बाकी अनाज आधारित है। 2022-23 में पेट्रोल और एथेनाल वाले ईंधन की आवश्यकता पांच सौ बयालीस करोड़ लीटर थी, जबकि 2023-24 में यह बढ़ कर छह सौ अट्ठानबे करोड़ लीटर है। बता दें कि कच्चा तेल दुनिया के किसी देश से किसी भी कीमत पर शायद खरीदा जाना संभव है, मगर एथेनाल के औसत को बनाए रखना कहीं अधिक आवश्यक रहेगा। हालांकि आंकड़े इशारा कर रहे हैं कि एथेनाल के मामले में भारत परिपक्व है, मगर सरकार को यह नहीं भूलना चाहिए कि यह पूरी तरह किसान आधारित है और उन्हें इस ऊर्जा में मदद के बदले आर्थिक शुचिता बनाए रखना होगा। महत्त्वपूर्ण यह भी है कि देश में ऐसी कारें कम हैं, जो ई-20 पेट्रोल से चल सकती हैं। हालांकि कई कंपनियां अपनी गाड़ियां ई-20 ईंधन के अनुरूप बना रही हैं। पूरे देश में जैसे-जैसे ई-20 ईंधन का विस्तार होगा, इससे चलने वाली गाड़ियों का निर्माण भी उसी के अनुरूप होगा। स्पष्ट है कि जैव र्इंधन और हरित ईंधन पर निर्भरता लगातार बढ़ रही है, जिसमें कृषि अर्थव्यवस्था और किसानों को सुदृढ़ करने के संदर्भ निहित रहेंगे। गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जनवरी में राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन को मंजूरी दी, जिसका उद्देश्य भारत को स्वच्छ ऊर्जा का केंद्र बनाना है।



तेल की बढ़ती कीमतें और डालर के मुकाबले गिरता रुपया न केवल कच्चे तेल के लिए मुसीबत बनता है, बल्कि देश के जनमानस को भी इसकी कीमत चुकानी पड़ती है। हालांकि सस्ता कच्चा तेल मिलने के बावजूद देश की जनता को सरकार ने इसका लाभ नहीं दिया है। तेल का खेल सरकारें भी खूब खेलती हैं और इससे अपनी तिजोरी आसानी से भर पाने में सफल होती हैं। जीएसटी लागू होने के बावजूद पेट्रोल, डीजल तथा रसोई गैस समेत ह पदार्थ अब भी इसके दायरे से बाहर हैं, जिसके उतार-चढ़ाव से जनता की जेब ढीली होती रहती है। यह विडंबना ही है कि जो तबका नीतियों से सबसे अधिक प्रभावित होता है और जिसके लिए अधिकांश नीतियां बनाई जाती हैं, वही हाशिये पर है। भारत का किसान अन्न उत्पादन करके इस मामले में देश को आत्मनिर्भर बना रहा है। आज वही, चाहे गन्ना किसान हो या अनाज उत्पादन करने वाला, ई-20 ईंधन को भी बड़ा मुकाम दे सकता है। मगर क्या उसकी आय दोगुनी करना सरकार के लिए संभव है। साल 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य सरकार ने रखा था, मगर इस पर कुछ खास पता नहीं चला। सरकार इस कसौटी को और कस कर देखे, क्या पता किसानों की किस्मत ई-20 ईंधन के ईर्द-गिर्द पलटी मारे और उनकी आय दोगुनी हो जाए? मगर सरकार पहले इस बात की भी पड़ताल कर ले कि उनकी पहले आय क्या थी? हालांकि दिसंबर 2018 से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से प्रति चार महीने पर जो दो हजार रुपए सीमांत किसानों के खाते में जाते हैं, अब वे भी कई नई समस्याओं के चलते मामूली हो गए हैं। गौरतलब है कि सरकार ने एथेनाल युक्त तेल को 2030 तक जारी करने का लक्ष्य रखा था, मगर इसे अभी शुरू कर दिया गया है।

## देश दुनीया से

## गलत निर्णयों का दंश झेलती आबकारी नीति

**प्रदेश** का विकास सरकार की नीतियों और नियत पर निर्भर करता है। नीतियों का निर्माण और उसमें सुधार एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। ऐसे में नीति निर्माण में कमियों की भरपाई संभव है, परंतु गलत नीति अपनाई जाए तो यह विकास की प्रक्रिया पर गहरी चोट करता है। प्रदेश में वित्तीय कुप्रबंधन के लिए भले ही कांग्रेस और भाजपा आज एक-दूसरे पर प्रहार कर रही हैं, परंतु वास्तविकता यह है कि गलत नीतियों की संस्कृति ने आज प्रत्येक हिमाचली के सिर पर लगभग एक लाख रुपए का बोझ चढ़ा दिया है और वर्तमान स्थिति यह है कि पहले से लिए गए कर्ज के ब्याज को चुकाने के लिए भी सरकार को नया कर्ज लेना पड़ रहा है। हिमाचल प्रदेश के कुल राजस्व में आबकारी विभाग एक बड़ा अंशदाता है। राज्य की आय का एक बहुत बड़ा हिस्सा शराब के ठेकों की नीलामी से आता है। आबकारी विभाग इसके लिए तीन तरह की प्रक्रिया को अपनाता रहा है। पहला टेंडर और नीलामी, जिसमें विभाग गत वर्ष में ठेकों की नीलामी में हुई आय में कुछ प्रतिशत वृद्धि करने के पश्चात टेंडर जारी करता है और साथ में नीलामी प्रक्रिया को भी अपनाता है, जिससे उसे किसी भी ठेके की नीलामी की सर्वाधिक कीमत मिल जाती है। यह एक विश्वसनीय प्रक्रिया है जिसमें सरकार कभी घाटे में नहीं रहती है। पर शराब के ठेकेदारों को प्रतिस्पर्धा के कारण यह प्रक्रिया कभी रास नहीं आती है। वर्ष 2018 में सत्ता संभालने के पश्चात जयराम सरकार ने गत वीरभद्र सरकार के दौरान आबकारी नीति में अनियमितताओं के लिए अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की घोषणा की और पूर्व सरकार द्वारा गठित हिमाचल प्रदेश बेवेरेजिस लिमिटिड (एचपीबीएल) को भी भंग कर दिया जो एक सही कदम था और एक नई आबकारी नीति के तहत वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए शराब के ठेकों की नीलामी की जगह एक दूसरी प्रक्रिया अपनाते हुए गत वर्ष की नीलामी में कुछ प्रतिशत की वृद्धि के साथ लॉटरी सिस्टम के द्वारा प्रदेश के सभी ठेकों को आवंटित कर दिया। वर्ष 2019-20 में तीसरी तरह की प्रक्रिया को आजमाया गया जिसमें पूर्व में आवंटित ठेकों को मात्र 4 फीसदी की वृद्धि के साथ नवीनीकरण कर दिया गया। शायद इससे बड़ा धोखा प्रदेश के साथ पहले कभी हुआ हो। वर्ष 2020-21 और 22-23 के लिए कोरोना के नाम पर पुनः नवीनीकरण की प्रक्रिया अपनायी गयी जिसका परिणाम यह निकला कि जो आबकारी विभाग वर्ष 2012 से 2017 के बीच औसतन प्रतिवर्ष 12 फीसदी वृद्धि दर के साथ राजस्व प्राप्त कर रहा था, उसकी आय में वृद्धि दर वर्ष 2018-19 में 4.70 फीसदी, वर्ष 2019-20 में 5.83 और वर्ष 2021 में 3.65 फीसदी तक सिमट कर रह गयी। दूसरी तरफ ठेकेदारों की पौ बारह हो गयी। एक तरफ वो नीलामी प्रक्रिया से बच गए जिसके कारण उन्हें प्रतिस्पर्धा के चलते अधिक कीमत पर ठेके मिलते थे। दूसरा लंबे समय से एक ही जगह पर जमे होने के कारण बन गए एकाधिकार के चलते शराब की कीमतों पर आसानी से नियंत्रण कर पा रहे थे। इतने लाभ की स्थिति में ठेकेदार शायद ही कभी रहे हों। पूर्व सरकार द्वारा टेंडर व नीलामी न करवा कर नवीनीकरण की नीति के कारण प्रदेश के राजस्व को काफी हानि पहुंची। शराब के ठेकों की नीलामी न हो पाने के कारण प्रदेश को अरबों रुपयों का चूना लगा। वर्तमान प्रदेश सरकार ने इस बार नवीनीकरण फार्मूले को दरकिनार करके एक बार पुनः टेंडर और नीलामी की प्रक्रिया को अपनाया, फलस्वरूप प्रदेश के इतिहास में शराब के ठेके पहली बार 40 फीसदी अधिक दाम पर नीलाम हुए। प्रदेश सरकार को इससे गत वर्ष की तुलना में इस बार 518 करोड़ रुपये अधिक मिले। वर्ष 2022-23 में प्रदेश सरकार को जहां 1296.93 करोड़ रुपये प्राप्त हुये थे, टेंडर और नीलामी प्रक्रिया के कारण यह राशि बढक़र 1815.35 करोड़ रुपये पहुंच गयी। पिछले पांच वर्षों में शराब के ठेकों का आवंटन अगर टेंडर व नीलामी प्रक्रिया के तहत हुआ होता तो आबकारी विभाग की वार्षिक आय में वृद्धि 4 फीसदी के बजाय 10 फीसदी के आसपास होती। इस स्थिति में बोली के लिए इस बार रिजर्व प्राइस 1444.27 करोड़ रुपये से कहीं अधिक होता और परिणामस्वरूप अब तक आबकारी विभाग की आय 3000 करोड़ रुपये से कहीं अधिक हो चुकी होती, जो कि प्रदेश की वित्तीय दशा को सुधारने की दिशा में एक बड़ा कदम होता।


प्रदेश में वित्तीय कुप्रबंधन के लिए भले ही कांग्रेस और भाजपा आज एक-दूसरे पर प्रहार कर रही हैं, परंतु वास्तविकता यह है कि गलत नीतियों की संस्कृति ने आज प्रत्येक हिमाचली के सिर पर लगभग एक लाख रुपए का बोझ चढ़ा दिया है और वर्तमान स्थिति यह है कि पहले से लिए गए कर्ज के ब्याज को चुकाने के लिए भी सरकार को नया कर्ज लेना पड़ रहा है। हिमाचल प्रदेश के कुल राजस्व में आबकारी विभाग एक बड़ा अंशदाता है। राज्य की आय का एक बहुत बड़ा हिस्सा शराब के ठेकों की नीलामी से आता है।


## कुछ अलग

## जरूरत के लिए जाति

**मैं** (ईश्वर) सभी प्राणियों में हूं। नाम या रंग चाहे कोई भी क्यों न हो, सबकी काबिलियत एक सी है और सबका बराबर सम्मान है। सब मेरे हैं। धर्मग्रंथों के अनुसार कोई ऊंचा या नीचा नहीं है। पंडित जो कहते हैं वह झूठ है। उच्च और निम्न जातियों के काल्पनिक विभाजन में उलझकर हम अपनी राह से भटक गए हैं। यह विभ्रम दूर किया जाना चाहिए।' ये शब्द हैं हिंदू राष्ट्र निर्माण के प्रोजेक्ट में जुटे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डा. मोहन भागवत के। वे संत रैदास से जुड़े आयोजन के अवसर पर बोल रहे थे। आरएसएस, भाजपा के अलावा अनेक संस्थाओं का पितृ संगठन है और ये सभी उसके लक्ष्य की प्राप्ति में उसकी मदद कर रहे हैं। निःसंदेह दलितों को आकर्षित करने का हिंदू राष्ट्रवादियों का यह सबसे ताजा प्रयास है। आरएसएस की मुश्किल यह है कि एक ओर वह पूर्व-आधुनिक जातिगत और लैंगिक रिश्ते बनाए रखना चाहता है, तो दूसरी ओर उसे अपने एजेंडा को लागू करने के लिए इन वर्गों को अपने साथ जोडऩा जरूरी है। जाति के संबंध में आरएसएस की सोच बदलती रही है। आरएसएस की स्थापना के पीछे एक कारण था, दबे-कुचले तबकों का जमींदार-ब्राम्हण गठजोड़ के बंधन तोडऩे का संघर्ष। गैर-ब्राम्हण आंदोलन, जिसका लक्ष्य जमींदार-ब्राम्हण गठजोड़ का विरोध करना था, की प्रतिक्रिया में ही कुछ कुलीनों ने मिलकर इस संस्था का गठन किया था। जाति के बारे में आरएसएस का नजरिया सबसे पहले उसके द्वितीय सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर ने प्रस्तुत किया था। उन्होंने मनुस्मृति का महिमामंडन करते हुए कहा था कि भारत का अतीत स्वर्णिम था क्योंकि उस समय इस पुस्तक में निर्धारित नियमों का पालन किया जाता था। अपनी पुस्तक 'वी ऑर अवर नेशनहुड डिफांइड' में उन्होंने वर्ण-जाति प्रथा का समर्थन किया। उनके अनुसार इस पवित्र ग्रंथ (मनुस्मृति) में जिस जातिप्रथा का प्रतिपादन किया गया है वह वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित है। संघ के अनाधिकारिक मुखपत्र 'द आर्गनाइजर' में इसे इन शब्दों में प्रस्तुत किया गया, 'यदि एक विकसित समाज को अहसास होता है कि विद्यमान भेदभाव, विज्ञान सम्मत सामाजिक ढांचे के कारण हैं और विभिन्न वर्ग समाज रूपी शरीर के विभिन्न अंगों का प्रतिनिधित्व करते हैं तो इस विभिन्नता (अर्थात जाति व्यवस्था) को विकृति नहीं माना जाना चाहिए।' बाद में एक अन्य प्रमुख आरएसएस विचारक दीनदयाल उपाध्याय, जो जनसंघ के अध्यक्ष भी रहे, ने 'एकात्म मानववाद' का सिद्धांत प्रस्तुत किया। बहरहाल वंचित वर्गों को संघ के एजेंडे की असलियत समझ में आने लगी है।

## नागरिक बोध

## भारत की महान संस्कृति के प्रचारक मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम

**रघुकुल** की महान परम्परा में अयोध्या नगरी में पिता दशरथ और माता कौशल्या के यहा श्रीराम अवतरित हुए। उस समय अयोध्या राज्य में सब और सुख शांति थी। लेकिन सुदूर दक्षिण भारत मे लंकापति रावण आसुरी वृत्तियों को बढ़ाने में लगा था। वह अतिशक्तिमान राक्षसराज धीरे धीरे उत्तर में भी अपना कुप्रभाव फैलाने में सफल हो रहा था। जिसके चलते भारत के दक्षिण में स्थित अनेक राज्य और उनके निवासी राजा रावण के राक्षसी प्रभाव का शिकार बनते नजर आ रहे थे। ऐसे में प्राचीन भारत की महान संस्कृति का प्रचार और प्रसार करने की जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रभु राम को स्वयं श्रीराम के रूप को स्वयं श्रीराम के रूप में अवतरित होना पड़ा। भारत के भौगोलिक राज्यो को एकसूत्र में बांधने का अधिकांश श्रेय भगवान राम को ही जाता है। अपने भाई लक्ष्मण और भार्या सीता के साथ 14 बरस उन्होंने लगभग संपूर्ण भारत का भ्रमण किया। जगह जगह सात्विकता को बढ़ावा देते तामसिक वृत्तियों का संहार किया। एक और ऋषि मुनियों का आदर किया तो दूसरी और राक्षसों को दंडित भी किया। ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य समाज के साथ पिछड़े वर्ग के लोगो को साथ लेकर उन्होंने सामाजिक क्रांति की नींव रखी। ठोस उदाहरण देने को तो आदिवासी सरदार गुह नौका खेनेवाला केवट भक्त शबरी वानर जाति के सुग्रीव और अंगद रीछ जाति के जाम्बुवन्त पक्षी जाति के जटायु आदि सब जन के साथ श्रीराम का प्रेमपूर्ण सद्भाव और मैत्री का व्यवहार रहा। ये सब एकजुट होकर श्रीराम के कार्य मे लगे रहे। सीताहरण और उसके चलते उनकी तलाश में जहा राम लक्ष्मण स्वयं वन में पैदल भटके वही इन सब पिछड़ी जाति के सदस्यों ने उनकी निष्काम भाव से सहायता की। राम सेतु और लंका विजय को सामुहिक और सांधिक एकजुटता की विजय का प्रतीक हम मान सकते है।

# रामनवमी को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** रामनवमी पूजा को लेकर शहरी क्षेत्र में मंगलवार को पुलिस ने निकाली फ्लैग मार्च। उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देशानुसार एसपी अंजनी अंजन के नेतृत्व में रामनवमी पूजा आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च चटनाही से प्रारंभ होकर चरमुहान थाना चौक मुख्य मार्ग होते हुए समाहरणालय परिसर तक पहुंची। फ्लैग मार्च के दौरान एसपी अंजनी अंजन ने कहा कि रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो जिसे लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर हैं। जिला पुलिस त्यौहार के दौरान सभी चौक चौराहों पर सक्रिय रहेगी। सभी जवान को एंटी राइट गियर के साथ सुसज्जित है। इस दौरान सभी जवान हेलमेट शिल्ड वाटर कैनन ,फायर ब्रिगेड के साथ फ्लैग मार्च कर रहे थे। वहीं एसपीडीओ संतोष मिश्रा ने कहा कि निर्धारित रूट से ही विभिन्न अखाड़ा के समितियों को झांकी और शोभा यात्रा निकालने की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि अशांति व सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले लोगों को चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च में उपायुक्त भोर सिंह यादव, एसपी अंजनी अंजन, प्रभारी डीडीसी आलोक शिकारी कश्चप, एसडीओ शेखर कुमार, एसडीपीओ संतोष मिश्रा, बीडीओ मेघनाथ उरॉव, सीओ रूद्र प्रताप, थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## लातेहार में हुआ पलाश हॉस्पिटल का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** लातेहार में पलाश हॉस्पिटल का किया गया उद्घाटन। लातेहार शहर स्थित अंबाकोठी में पलाश होस्पिटल का मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक बैजनाथ राम ने फिता काटकर किया उद्घाटन। वहीं विधायक रामचंद्र सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामनी तिर्की, भाजपा जिला अध्यक्ष हरेकृष्णा सिंह, विशिष्ट अतिथि के रुप प्रशिक्षण प्रमुख, भाजपा नेता मनोज कुमार सिंह एवं सरजू प्रसाद सिंह समाजसेवी समेत, पूर्व सीएस एस पी शर्मा, ज्ञानचंद पांडे, अधिवक्ता राजमणि प्रसाद, अधिवक्ता सुनील कुमार, प्रमोद सिंह, रमेश उरांव, मोहर सिंह यादव,समेत कई गनमान्य एवं सैकड़ों प्रतिष्ठित लोग उपस्थित थे बैजनाथ राम ने संबोधित करते हुए कहा कि आज कि दौर में अच्छे अस्पताल में ईलाज कराना गरीब लोगों की वश में नहीं है। इसको देखते हुए डॉक्टर चन्दन कुमार सिंह ने अपने शहर में अस्पताल खोलने को ठाना था उन्होंने लातेहार शहर में एक अच्छा अस्पताल खोलकर शराहनीय कार्य किया है। वहीं विशिष्ट अतिथि मनोज कुमार सिंह ने कहा कि यह बहुत बड़ी सफलता मानी जाएगी पलाश होस्पिटल में बाहर से बड़े बड़े डॉक्टरों को बुलाकर कैंप के द्वारा ईलाज करवाया जाएगा और अच्छे चिकित्सक 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे जिससे लोगों को बेहतर ईलाज का अवसर मिलेगी।जो बाहर में जाकर बेहतर ईलाज नहीं करा पाते थे।अब इस अस्पताल से बेहतर ईलाज करा पाएंगे। एवं बाहर से आए चिकित्सकों के द्वारा फ्री चेकअप कर इलाज किया गया।

## ह्यूमन ट्रैफिकिंग मामले में तीन गिरफ्तार

**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र में कई ऐसे गांव हैं, जहां आवागमन की सुविधा के लिए सड़क तक नहीं है ऐसे गांव के लोग भी ज्यादा विकसित नहीं है वही स्वास्थ्य एवं शिक्षा व्यवस्था भी पूरी तरह बदहाल है। ऐसे ही क्षेत्रों में ओरसा पंचायत स्थित सुरकईपाठ, चीरोपाठ, जामडीहपाठ आदि जगहों से लंबे समय से 10 से 12 साल के बच्चों को घरेलू व अन्य कार्य के लिए दुसरे जगह ले जाया जाता था जिसकी सूचना के बाद थाना प्रभारी महुआडांड़ आशुतोष यादव ने पहल करते हुए ऐसे ही पंचायतों के मुखिया एवं गांव वालों से संपर्क बनाते हुए ह्यूमन ट्रैफिकिंग को रोकने में सजग हुए। इसी क्रम में 28 मार्च दिन मंगलवार को सूरकईपाठ की रहने वाली 10 वर्षीय एक बच्ची को घरेलू कार्य के लिए डाल्टेनगंज ले जा रहे 3 लोगों को पकड़ा गया। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी आशुतोष यादव ने बताया की बच्ची को काम कराने बाहर ले जाने की सूचना प्राप्त हुई थी जिसके बाद थाना प्रभारी आशुतोष यादव के नेतृत्व में टीम गठित कर स्कॉर्पियो समेत तीन आरोपियों भानु सिंह, रंजन सिंह, दिलरंजन कुमार सिंह, तीनों सदर थाना डाल्टनगंज निवासी एक 10 वर्षीय बच्ची को घरेलू कार्य के लिए अपने साथ ले जा रहे थे जिन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। घटना में उपयोग स्कॉर्पियो को थाना ले जाया गया। वही बच्ची को सीडब्ल्यूसी भेज दिया गया है। छापेमारी टीम में थाना प्रभारी आशुतोष यादव, महिला थाना प्रभारी शोभा टोप्पो, बाल कल्याण पदाधिकारी रतन टूडू, पु0अनि संजय रतन समेत जिला पुलिस बल शामिल थे।

## बाइक से गिरकर युवक घायल रिम्स रेफर

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ-खलारी मुख्य पथ पर मंगलवार को मारंगलोइया ग्राम के समीप एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर पड़ा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया ।घटना के संबंध मिली जानकारी के अनुसार मो0जीशान 17 वर्ष पिता मो0हकीम मियां ग्राम जिलंगा थाना बालूमाथ निवासी अपने घर से बालूमाथ के कस्तूरबा विद्यालय में इंटर की परीक्षा देने आ रहा था। इसी दौरान मारंगलोइया ग्राम के पास अनियंत्रित होकर गिर पड़ा और घायल हो गया ।स्थानीय लोगों के सहयोग से युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार की देखरेख में युवक का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

# शांति पूर्ण पर्व मनाने को लेकर जिले व सभी थाना पुलिस अलर्ट मोड पर

➲ आपके वाट्सएप ग्रुप, ट्विटर, फेसबुक आदि सोशल साइट पर है पुलिस की नजर : एसपी

➲ वाट्स ग्रुप के एडमिन हो जाय होशियार वर्णा होगी कार्रवाई : एसडीपीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा/ सिमरिया :** जिले के सभी थाना क्षेत्रों में रामनवमी पर्व एवं पाक रमजान माह को शांति पूर्ण मनाने को लेकर पुलिस प्रशासन का हर तरफ निगाहें बाज की तरह तेज है। शांति पूर्ण को लेकर चप्पे चप्पे पुलिस की तैनाती रहेगी। वैसे लोगो के साथ साथ सभी अखाड़े के लोगों पर भी विशेष नजर रखी जाएगी चुकी उनकी जबाब देहि बनती है कि वे शांति माहौल में त्यौहार सम्पन्न करावे। जिला कप्तान राकेश रंजन के साथ साथ डीएसपी शम्भू सिंह, डीएसपी अविनाश कुमार, डीएसपी अशोक कुमार प्रियदर्शी, डीएसपी केदार राम ने संयुक्त रूप से कहा है कि टेक्निकल सेल के माध्यम से जिले में जितने भी वाट्सएप ग्रुप एवं फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम आदि शोसल साइट है सभी पर विशेष निगरानी की जा रही है। वाट्सएप्प ग्रुप के एडमिन होशियार हों जाय यदि आपके ग्रुप में कोई भी विवादित तथा भड़काऊ भाषा का पोस्ट किया जाता है तो भड़काऊ पोस्ट करने वाले से लेकर वाट्स एप्प एडमिन तक को भी जेल के सलाखों के पीछे भेजा जा सकता है।

# रामनवमी त्योहार को लेकर की पुनः शांति समिति की बैठक

➲ प्रशासन ने शराब पर लगाए प्रतिबंध व ड्रोन कैमरा से जुलूस की होगी निगरानी प्रशासन का निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना परिसर में रामनवमी त्योहार एवं रमजान को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर मंगलवार 28 मार्च को शांति समिति की बैठक किया गया। जबकि इससे पहले भी 16 मार्च को शांति समिति की बैठक की गई थी।आज की बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने कीया। संचालन थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल ने किया। सरकारी गाइडलाइंन बताने का कार्य अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक ने कीए। रामनवमी त्योहार में प्रशासन ने डीजे नहीं बजाने को कही। सोशल मीडिया पर पैनी नजर होगी,सभी अखाड़ा वाले लोगों को अपने अपनी जगह पानी की व्यवस्था करने एवं लगभग 20 वालंटियर ड्रेस या बैच में रहेंगे इसका भी निर्देश प्रशासन ने दिया। विभिन्न अखाड़ों एवं जुलूस की निगरानी के लिए अपने स्तर से ड्रोन कैमरा इस्तेमाल करने की बात कही। अखाड़े में खतरनाक खेल नहीं खेलने को प्रशासन ने कहा। पूजा के अंदर देसी शराब बंद करवाने की बात प्रशासन ने कही। डीजे सॉन्ग में एक ही ऑपरेटर रहने एवं धार्मिक गीत बजाने की बात प्रशासन ने कही। ताकि शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाया जा सके। मौके पर 20 सुत्री अध्यक्ष विनोद पासवान गांगपुर से प्राणेश गुप्ता प्रखंड के सभी मुखिया, मुखिया प्रतिनिधि राजनीतिक दल के लोग समाजसेवी अखाड़े के अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष एवं डीजे साउंड के मालिक उपस्थित थे।

## नागरिक सुरक्षा अधिनियम के तहत एक दिवसीय सेमिनार का किया गया आयोजन



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड सभागार में मंगलवार 28 मार्च को नागरिक सुरक्षा अधिनियम के तहत 1955ईज़ को लेकर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक एवं संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने किया। उपस्थित प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधियों पदाधिकारी के द्वारा नागरिक सुरक्षा अधिनियम के बारे में बारी बारी से बताएं। साथ ही भीमराव अंबेडकर की जीवनी का व्याख्या किए।एवं उनके द्वारा बताएं और बनाए हुए नियम का पालन करने की बातें की चर्चा किया गया। साथ-साथ महिलाओं का अधिकार का सम्मान करने की भी बातें की गई। मौके पर उपस्थित पंचायत सेवक चितरंजन शर्मा महेश मिस्त्री उज्जवल कुमार सिंह मिथिलेश सिंह मुखिया निर्मला देवी डेगन गंझु जगदीश यादव मुखिया प्रतिनिधि बसंत सिंह दिनेश भारती जेएसएलपीएस से अजय कुमार ममता कुमारी अमरजीत सिन्हा तेजस्विनी परियोजना से प्रखंड समन्वयक एवं अनेकों महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## बीडीओ की माता का निधन

**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह बीडीओ सह सीओ राकेश सहाय के 85 वर्षीय माता जी का मंगलवार की शाम निधन हो गया। वे पिछ्ले कुछ महीने से बीमार चल रही थी। उनके निधन से बरवाडीह के लोग शोकाकुल है। उनका अंतिम संस्कार बनारस में बुधवार को होगा। वही क्षेत्रीय विधायक रामचन्द्र सिंह, अनिल सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष मो नसीम अंसारी, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, सुनील सिंह, जिप सदस्य संतोषी शेखर व सभी पत्रकार गण समेत कई लोगो ने दुःख व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की।

# रामनवमी पुजा को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** प्रखंड में दिन सोमवार को लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजनी एवम् उपायुक्त भोर सिंह के निर्देश पर महुआडांड़ एसडीओ नित निखिल सुरीन के नेतृत्व में पुलिस अधिकारीयों के साथ निकाला गया फ्लैग मार्च जो कि महुआडांड़ थाना परिसर से होते हुए शास्त्री चौंक, महुआडाड बाजार, बिरसा चौक, रामपुर शास्त्री चौक होते हुए थाना पहुंची। सभी जगह शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान लाउडस्पीकर के माध्यम से पुलिस प्रशासन के द्वारा लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। एसडीओ नित निखिल सुरीन ने लोगों से आग्रह किया की सभी धर्मो का सामान करते हुए शांति एवं सौहाद्र साथ त्यौहार मनाए। वही थाना प्रभारी आशुतोष यादव ने कहा कि महुआडांड़ पुलिस प्रशासन पूरी तरह तैयार है कोई भी सामाजिक माहौल को बिगाड़ने का प्रयास करता है तो उसे किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। फ्लैग मार्च में मुख्य रूप एसडीओ नित निखिल सुरीन, दण्डाधिकारी जितेन्द्र कुमार गुप्ता सर्किल इंस्पेक्टर धर्म देव पासवान, बीडीओ अमरेन डांग, थाना प्रभारी आशुतोष यादव, पु0 अनी संजय रतन, रतन टुडू, रोशन कुमार एवम् दल बल के जवान शामिल रहे।

# दो दिवसीय कौलेश्वरी महोत्सव का हुआ आगाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** प्रखंड के कोबना पंचायत के ग्राम बहेरी स्थित राष्ट्र ख्याति कोलुहवा पहाड़ के तलहटी में दो दिवसीय कौलेश्वरी महोत्सव का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर,फूल झड़ी जला कर एवं फीता काट कर बड़े ही धूमधाम से आगाज किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व सदर एसडीओ सह कौलेश्वरी विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मो मुमताज अंसारी कर रहे थे।जबकि इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्षा ममता कुमारी एवं संचालन दूरदर्शन की एंकर झा कर रही थी। महोत्सव का विधिव उद्घाटन सूबे के मंत्री सत्यानंद भोक्ता,चतरा लोक सभा के पूर्व सांसद धीरेंद्र अग्रवाल,जिला परिषद अध्यक्षा ममता कुमारी उपाध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी,बीस सूत्री उपाध्यक्ष प्रभु दयाल यादव प्रमुख ममता कुमारी जिला परिषद सदस्य सुरेश पासवान, निशी कुमारी,राजद जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता, एसडीपीओ अविनाश कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष युगल किशोर सिंह, श्रीनिवास सिंह, राजद प्रदेश महा सचिव चंद्रिका यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष चंद्रदेव यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष अशोक यादव, बीडीओ अभिषेक पांडे, सीओ मिथलेश कुमार अमरेंद्र कुमार केशरी, शमरेश सिंह उर्फ पिंटू सिंह,मुकेश कुमार गुप्ता प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर प्रमोद पाण्डे,थाना प्रभारी सनोज कुमार चौधरी, के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित तथा फीता काट कर किया गया। सभी को फूल का माला एवं चुनरी ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मंत्री ने अपने संबोधन में कहाकी कौलेश्वरी के विकास के लिए सभी दलो को आपसी ताल मेल कर एवं प्राथमिकता तौर पर कामों का चयन कर काम किया जाना चाहिए ताकि विकास नजर आए।भाषण से समय गुजरता जा रहा है।विकास की बातें होती है लेकिन उस पर अमल नहीं हो रहा है।समिति तय करे की किस काम को पहले करना है हमारा सहयोग रहा है और रहेगा।विकास के नाम पर पुल पुलिया स्कूल सड़क,नाली गली का जाल बिछाया जा रहा है।सरकार राज्य के विकास के लिए काफी गंभीर है।राज्य के नवयुवकों को रोजगार मुहैया कराने के लिए कोशिश जारी है।तरक्की की उस मुकाम तक जाना है जहां तक संभव हो।पार्टी और राजनीति से ऊपर उठकर विकास की बात करना है। कोई भी। महोत्सव,मेला और पर्व तेहवार आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने और प्रेम बांटने और एक दूसरे से नफरत को मिटा कर गले मिलने की बात किया जाना चाहिए।तभी कोई भी उत्सव मनाया जाना सार्थक होगा।आज जहां रामनवमी है वहीं पवित्र रमजान है और छठ भी है।इस लिए एक दूसरे को सहयोग कर सामाजिक सौहार्द बनाए रखना हम सब की जिम्मावारी है।पूर्व सांसद धीरेंद्रे अग्रवाल अपने पुराने अंदाज में कहा की सभी धर्मो के पर्वो का सम्मान होना ही चाहिए और रामनवमी, रमजान का हार्दिक बधाई दिया। कौलेश्वरी विकास तथा दंतार के रास्ते सीढ़ी, पहाड़ पर बिजली, पेयजल की व्यवस्था बहाल करने के लिए घोषणा की।

## रामनवमी पर्व को देखते हुए पुलिस ने किया मॉक ड्रिल



**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामनवमी राम नवमी व रमजान पर्व को देखते हुए बालूमाथ पुलिस ने मंगलवार को मॉक ड्रिल किया। मॉक ड्रिल के तहत पुलिस के जवानों ने प्रदर्शनकारियों पर प्रदर्शन न करने, अश्लील व भड़काऊ गाना बजाने से मना करने, प्रदर्शनकारियों द्वारा पुतला फूंकने से मना किए जाने की मना करने की चेतावनी दी। मॉक ड्रिल के माध्यम से प्रदर्शनकारियों ने जब पुलिस की बातों को नहीं माना।तब पुलिस कर्मी द्वारा आंसू गैस के गोले, पानी का बौछार, एवं लाठीचार्ज कर प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा। व माइक के द्वारा लोगों को बताया कि लातेहार पुलिस किसी भी तरह की स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। मॉक ड्रिल का नेतृत्व बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार ने किया जबकि पुलिस स्पेक्टर शशी रंजन, थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, एस आई, के के शर्मा, संजय चौधरी, समेत भारी संख्या में पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

# रामनवमी पर्व व पाक रमजान माह को देखते हुए शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** थाना परिसर में मंगलवार को एक बार अंतिम बैठक रामनवमी पर्व और चल रहे पाक रमजान मुबारक माह को देखते हुए सभी अखाड़े के अध्यक्ष एवं चयनित महासमिति के पदाधिकारियों के साथ शांति व्यवस्था को लेकर पुनः बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नीतू सिंह ने की वहीं संचालन थाना प्रभारी विवेक कुमार ने किया। जबकि मुख्य रूप से एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी, जीप सदस्य देवनन्दन साहू,उप प्रमुख दामोदर गोप, इंस्पेक्टर केपी चौधरी, मौजूद थे। बैठक में बारी बारी से सभी अखाड़े के अध्यक्षों से परिचय के साथ जुलुस में होने वाली समस्याओं से अवगत कराया गया। वहीं दिए गये सुझाव एवं समस्याएं पर त्वरित निवारण करने का भरोषा भी दिया गया। बीडीओ नीतू सिंह ने कही की जुलुस को शांति पूर्ण मनाने के लिए प्रशासन की ओर से हर संभव प्रयास रहेगा किंतु आप अखाड़े के जिम्मेवार लोगों तथा आप सम्मानित बुद्दिजीवीयों से भी हमारे सहयोग में सहयोग करना होगा तभी हम सफल हो पाएंगे। वहीं एसडीपीओ अशोक कुमार ने कहा कि रामनवमी पर्व शांति पूर्ण मनावे हम पुलिस उसके लिए ततपर हैं लेकिन कोई भी त्यौहार में व्यवधान उत्पन करना चाहेगा तो हम कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। रामनवमी पर्व पुरषोतम राम का मर्यादित पर्व है जिसमें हमें चाहिए की उसी तरह मर्यादित तरीके से त्यौहार को मनावे ना की शराब पीकर गलत हरकत कर पुरषोतम राम का नाम बदनाम ना करें। हमारी पुलिस शांति पूर्ण पर्व मनाने के लिए चप्पे चप्पे तैयार रहेगी। साथ हीं पुलिस खुफिया एजेंसी भी आपकी हरकत पर निगरानी रखेगी। वहीं सभी अखाड़े के अध्यक्ष व महासमिति के पदाधिकारियों ने कहा कि यहां इतिहास गवाह है कि हम दोनों समुदायों में कोई भेदभाव नहीं है। हम लोग एक दुशरे के पर्व में सिरकत कर हौसला अफजाई करते हैं। पूर्व के तरह सिमरिया में हर्षोउल्लास एवं धूमधाम तथा नई ऊर्जा के साथ रामनवमी पर्व मनाया जाएगा। जिसमें हमारे सम्मानित मुस्लिम भाई के लोग भी प्रत्येक वर्ष के भातिं इस वर्ष भी रामनवमी में हर जगह मौजूद रहेंगे। मौके पर महा अखाड़ा समिति के अध्यक्ष सुबोध पांडेय,मानव सिंह, सलीम अख्तर, एनुल हक, फारूक अंसारी, दयानिधि सिंह, नरेश सिंह,पारो राम, नित्यानन्द सिंह, रवि कुमार, दीपू सिंह, जीवन सिंह, जवाहर यादव, मनोज महाजन, अमित कुमार साहू के अलावे सभी अखाड़े के चयनित अध्यक्ष सचिव, तथा महा अखाड़ा के चयनित पदाधिकारी के अलावे थाना के एसआई अनिल कुमार सहित सिमरिया पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## चतरा कॉलेज के बीएड संभाग में धूमधाम से मनाया गया प्रकृति पर्व सरहुल

# मांदर की थाप पर थिरके मंत्री सत्यानंद भोक्ता सहित अन्य प्रकृति प्रेमी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला मुख्यालय स्थित चतरा कॉलेज के बी.एड संभाग में प्रकृति पर्व सरहुल धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में श्रम,नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री सत्यानंद भोक्ता, प्राचार्य डॉ. आर. पी. रॉय, बी.एड संभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नंदकिशोर सिंह एवं सभी शिक्षकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। उनके स्वागत में स्वागत गीत एवं स्वागत नृत्य प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में बी. एड. संभाग के शिक्षकों में प्रो. प्रेम बसंत बखला, प्रो. शोभा कुजूर, प्रो. ग्लोरिया ग्रेस होरो, डॉ.मो. मुमताज अंसारी, प्रो. कंचन सोय मुरूम, प्रो.अमित कुमार सिंह, एवं कॉलेज के शिक्षकों में डॉ. मुकेश झा, डॉ. मनीष दयाल, हिरामन एवं अन्य शिक्षक मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में बी.एड. संभाग के 2021-23 के सभी प्रशिक्षु एवं 2022-24 के सभी प्रशिक्षु छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सविंद्र कुमार ने किया। प्रो. प्रेम बसंत बाखला ने प्राकृतिक पर्व सरहुल पर सभी को हार्दिक स्वागत किया एवं अनंत बधाइयां दी। प्रो.शोभा कुजूर ने प्राकृतिक पर्व सरहुल के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। प्राचार्य ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद दिया एवं सरहुल की बधाइयां दी। उन्होंने सरहुल के शाब्दिक अर्थ से रूबरू कराया एवं प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने का आग्रह किया साथ ही साथ हमें पर्यावरण को सुरक्षित एवं साफ साफ सुथरा रखने के लिए प्रेरित किया। मंत्री ने अपने वक्तव्य में इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने प्राकृतिक पर्व सरहुल सरहुल के बारे में विस्तार पूर्वक बताया एवं विद्यार्थियों के लिए अनेक सुविधाएं उपलब्ध कराने का वादा किया एवं सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं।अनेक शैक्षिक कार्यक्रमों के बारे में भी विद्यार्थियों को अवगत कराया एवं प्रेरित किया। उनके वक्तव्य के बाद बी.एड संभाग के विभागाध्यक्ष डॉ नंदकिशोर सिंह ने इस आयोजन के लिए एवं मंत्री के आगमन के लिए उनका और सभी विद्यार्थियों को धन्यवाद दिया एवं सरहुल मिलन समारोह की अनंत बधाइयां दी।डॉ सिंह ने प्रकृति के प्रति झुकाव संवेदना एवं प्यार मानव समाज को हमेशा बनाए रखना चाहिए एवं हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि इसके प्रति हमेशा सजग रहेंगे। साथ ही इस कार्यक्रम में अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए एवं कॉलेज प्रांगण में बने अखाड़ा में भी नृत्य किया गया। सत्र 2021-23 के प्रशिक्षु छात्र छात्राओं के द्वारा आने वाले त्योहार रामनवमी के शुभ अवसर पर सीता स्वयंवर का भी मंचन किया गया। इस कार्यक्रम ने सबका मन मोह लिया।कार्यक्रम के सफल बनाने में आलोक, विक्की, उज्जवल, बसंत, मनीष, संदीप, अमिता, अलीशा, श्वेता, रश्मी, नरेंद्र, शिवम, आदि ने अहम भूमिका निभाई।

प्रभात मंत्र



## संक्षिप्त खबरें

### लोजपा के अध्यक्ष बनें दिलीप पासवान

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास प्रदेश कमेटी की बैठक प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमे जिला अध्यक्ष दिलीप पासवान को बनाया गया बैठक में अल्पसंख्यक के प्रदेश अध्यक्ष बिलाल खान प्रदेश सचिव जयश्री पासवान प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश शर्मा।

### दो दिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में दो दिवसीय वार्षिक आचार्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि भागवत कथा वाचक विजय सैंबाल, विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय के द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्पार्चन कर संयुक्त रूप से किया गया। फिर मुख्य अतिथि विजय सैंबाल को अंग वस्त्र देकर प्रधानाचार्य जी द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यशाला का द्वितीय दिवस पाँच सत्रों में संचालित की गई। प्रथम सत्र का विषय वंदना के उपरांत विद्यालय के सभी अभिलेखों को व्यवस्थित एवं अद्यतन करना एवं अतिथि का उद्बोधन, द्वितीय सत्र में कार्य योजना में बाल विकास, आचार्य विकास, समिति विकास, अभिभावक विकास एवं अन्य प्रकार के कार्यक्रमों पर चर्चा, तृतीय सत्र में नवीन शैक्षणिक तकनीक के प्रयोग पर चर्चा, TLM, PPT, PLM, TLE के प्रयोग, चतुर्थ सत्र में आंग्ल संभाषण (English Spoken) एवं अपना विद्यालय सर्वश्रेष्ठ कैसे बने? और पंचम सत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष्य में चर्चा आदि विषय को शामिल किया गया।

### ग्रामीणों ने सौंपा सात सूत्री मांग पत्र

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ विधानसभा की एमएलए सुनीता चौधरी मंगलवार को अरगड्डा के विमला मंदिर में स्थापित मां चैती दुर्गा और मंगला मंदिर में माता का दर्शन व पूजन कर आशीर्वाद लिया। यहां ग्रामीणों ने भ्रमण के दौरान वार्ड 14 अरगड्डा के सात सूत्री मांगों को लेकर पत्र सौंपा। जिसमें नीचे धौड़ा गोप मोहल्ला में पानी का जल मीनार लगाने, सरगम क्लब का नवीनीकरण करने, रोलर चौक के समीप चबूतरा बनाने, माइनस क्वार्टर क्षेत्र में 50 मीटर नाली बनाने, धोबी मोहल्ला में 250 मीटर नाली बनाने, इंदिरा चौक स्टैंड पर एक जल मीनार बनाने, स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय चुनचुन प्रसाद सिंह के प्रतिमा के समक्ष सुंदरीकरण करने आदि शामिल हैं। वहीं विधायक सुनीता चौधरी ने मांगो को लेकर आश्वासन दिया हैं। मौके पर नप अध्यक्ष युगेश बेदिया, छोटू, सुशील सिंह, गुड्डी देवी, बबीता देवी समेत दर्जनों उपस्थित थे।

### महिला भक्तों ने निकाली भव्य कलश यात्रा

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा रोलर चौक के मां मंगला मंदिर के दूसरी वर्षगांठ पर मंगलवार संध्या 51 महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकली। जबकि इससे पूर्व पुजारी कुणाल बाबा, रितेश करमाली आदि के द्वारा विधिवत पूजन किया गया। गाजे-बाजे के साथ धर्म की ध्वजा थामें भक्तों ने मां मंगला के खूब जय कारे लगाएं। सभी भक्तों ने अरगड्डा नीचे धौड़ा दामोदर नदी तट से जलभरा। सबों ने संसार और अपने जीवन के लिए मंगल कामना मांगी। यह अनुष्ठान महा नवमी के दिन पूजा के साथ संपन्न होगा। मौके पर भक्त प्रसाद मलिक, सुरेश करमाली, प्रिंस करमाली, सुनील राम, सोनी देवी, कुंती देवी, अंजना देवी, आशा देवी, राजा, निरंजन, आरती देवी, विष्णु राम समेत दर्जनों भक्त उपस्थित थे।

### बाइक चोरी होने पर थाना प्रभारी को आवेदन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोला प्रखंड के रायपुरा गांव में श्री श्री 1008 हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा सह सात दिवसीय महायज्ञ रायपुरा में 23/3/2023 से लेकर 29/3/2023 तक हो रही है, गोवर्धन महतो ने बताया कि रात्रि में सहपरिवार प्रवचन एवं जागरण देखने के पश्चात घर वापस आते हैं तो पता चलता है कि घर में गाड़ी चोरी हो गई है, इसी कारण बीते रात 27 दिन 2023 को घर के अंदर से रात्रि लगभग 9ः00 बजे तक गाड़ी गाड़ी का नंबर Jh02W _3104 हीरो स्प्लेंडर एन एक्स जी है और घर से गाड़ी चोरी हो जाती है जब सुबह 28/3/2023 को गाड़ी निकालने चाहे तो गाड़ी घर से ही गायब हो हो गई, इस घटनाक्रम की सुचना थाना प्रभारी को आवेदन देकर खोजबीन करने का अपील किया गया है।

### अरगड्डा के मां विमला मंदिर में बासंती दुर्गा पूजा महासप्तमी पर भक्तों की उमड़ी भीड़

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा के विमला मंदिर प्रांगण में मंगलवार को बासंती चैती दुर्गा पूजा महा सप्तमी पर भक्तों ने माता के चौखट पर मत्थाटेंक कर सुख शांति की कामना किया। पूजा ब्राह्मण लखन बनर्जी, पुजारी गौरांग बनर्जी के द्वारा बंगला रीति रिवाज से किया गया। इससे पूर्व महाष्टमी की पूजा बीते दिन प्रातः 9ः00 व अधिवास हुआ। जबकि महासप्तमी नव पत्रिका प्रवेश 8:41 बजे, सप्तमी पूजा 9ः00 बजे, पुष्पांजलि 10ः30 बजे, आरती संध्या 7ः30 बजे हुई। महाअष्टमी की पूजा आज बुधवार को 8:40 बजे, पुष्पांजलि 10ः30 बजे, आरती संध्या 7ः00 बजे, संधी पूजा 9ः55 रात्रि बलिदान 10ः19 बजे होगी। माता के भक्तों द्वारा मां चैती दुर्गा पूजन फल, फूल, मिष्ठान, बेलपत्र, माला, धूप, दीप प्रज्वलित व भोग निवेदन कर पूरी की गई। इसके बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा समिति में दुर्गेश मिश्रा, बाबूलाल दास गुप्ता, नवीन गुप्ता, कृष्णा चंद्रवंशी, जय दता, शंभू सागर, रितेश सिंह, शंकर, आदर्श मिश्रा, शंटु कपूर, रितिक साव, अंशु, मनोज प्रधान, रोहित पासवान आदि भक्तजन उपस्थित थे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला कारा समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला कारा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिला कारा समिति की बैठक के दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा के द्वारा उपकारा रामगढ़ में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली गई। इस दौरान उपायुक्त ने उप कारा रामगढ़ में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों सहित अन्य सुरक्षा उपकरणों, स्वास्थ्य उपकरणों, लाइटिंग आदि के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को कारा का संचालन नियामानुसार सुनिश्चित करने एवं इससे संबंधित प्रतिवेदन ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।उक्त बैठक के दौरान सचिव डालसा व्यवहार न्यायालय रामगढ़, पुलिस उप अधीक्षक विशेष शाखा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़, कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी सामान्य शाखा, अधीक्षक उपकारा रामगढ़, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, एसएमपीओ सहित अन्य उपस्थित थे।

### कुपोषण को खत्म करने के उद्देश्य से पोषण ट्रैकर मोबाइल एप्लीकेशन पर हुआ प्रशिक्षण का आयोजन

**रामगढ़ :** कुपोषण को दूर करने के उद्देश्य से पोषण ट्रैकर मोबाइल एप्लीकेशन के सफल संचालन के मद्देनजर मंगलवार को समाहरणालय के ब्लॉक बी स्थित सभा कक्ष में बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों एवं महिला सुपरवाइजर्स के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान एनईजीडी की टीम एवं सीनियर न्यूट्रीशनल कंसलटेंट यूनिसेफ श्रीमती अनामिका के द्वारा पोषण ट्रैकर को और भी प्रभावी बनाने एवं वर्तमान में पोषण ट्रैक्टर में जानकारियां अपलोड करने के दौरान आ रही समस्याओं को दूर करने के संबंध में सभी को विस्तार से जानकारी दी गई वहीं सुदूरवर्ती क्षेत्रों में पोषण ट्रैकर मोबाइल एप्लीकेशन का इस्तेमाल कर किस प्रकार से कुपोषित बच्चों की पहचान की जा सकती है व उनकी रियल टाइम मॉनिटरिंग की जा सकती है के संबंध में भी सभी को जानकारी दी गयी।

## रामनवमी पर अरगड्डा के पांच अखाड़े राम मंदिर की निकालेंगे झांकी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** भगवान श्री राम के जन्मोत्सव रामनवमी को लेकर अरगड्डा के पांच अखाड़ा इस बार थर्माकोल से राम मंदिर के मॉडल पर बने मंदिर की झांकी निकालेंगे। इसकी तैयारी लगातार चल रही हैं। इस संबंध में रामनवमी समिति के संरक्षक रंजीत पासवान ने बताया कि रामनवमी को यादगार बनाने के लिए पांच अखाड़ों ने मिलकर राम मंदिर की झांकी निकालने का निर्णय लिया हैं। जिसमें कमेटी के रणधीर गुप्ता, सत्येंद्र महतो, दिलीप पासवान, राजेश गुप्ता, भीमसेन चौहान लगातार ध्यान दे रहे हैं। मौके पर नितेश नायक, गणेश सिंह, अर्जुन चौहान, कारा भुईयां, अनिल भुईयां, ज्ञानी विश्वकर्मा, कार्तिक पासवान, सीताराम पासवान, विनोद चौहान, जुगल सागर, शिवम पिल्ले, बबलू राम, आतिश सागर, बंटी सागर, अमर सागर, अरविंद सिंह, विकास चौहान, भूपेंद्र मैली, भूचनू सिंह, भानु चौहान आदि मौजूद थे।

## चैती छठ महापर्व उगते सूर्य के अर्घ्य के साथ संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड में मंगलवार को लोक आस्था के चैती छठ महापर्व के चौथे दिन प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के साथ जमुनिया नदी के विभिन्न स्थानों सातमाइल, अखाड़ा चौक बाल विकास, हॉस्पिटल चौक नदी,रमुआ नदी,कसेरा मुहल्ला नावाडीह तारा नदी छठ घाटो में उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ के संपन्न हुआ। इस दौरान सभी छठ घाटों में श्रद्धालुओं की भीड़ काफी संख्या देखी गई, लोगो ने यह महापर्व चैती छठ बड़े ही उत्साह एवं श्रद्धा और धूमधाम से मनाया। गाजे-बाजे के साथ डलिया छठ घाट पहुंची, शनिवार से ही पूरे क्षेत्र में छठ गीतों की गूंज सुनाई दे रही थी।छठ गीत बजने से ऐसा लग रहा था मानो कार्तिक माह आ गया है।यह आस्था के महापर्व चार दिवसीय छठ पूजा का नहाय खाय से शुरु हुआ और उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ समापन हो गया। छठ व्रती महिलाओं ने सूर्य की पहली किरण के साथ ही अर्घ्य दिया और अपना 36 घंटे का व्रत पूर्ण किया। छठ घाटों पर सुबह 3-4 बजे से ही व्रतियों का आगमन शुरू हो गया था।बताया जाता है कि इस छठ पर्व के व्रत में सफाई और स्वच्छता का बहुत ही महत्व है, जिससे स्वच्छता और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता जताने का यह पर्व सादगी का संदेश भी देता है।



## रामनवमी त्योहार शांतिपूर्ण मनाने को लेकर प्रशासन ने महासमिति के साथ की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ पंचायत भवन में रामनवमी त्योहार शांतिपूर्ण मनाने को लेकर विष्णुगढ़ पुलिस प्रशासन ने महासमिति के अध्यक्ष एवं अखाड़ों के अध्यक्षो के साथ सोमवार को शांति समिति की बैठक की। इस बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी तथा संचालन ओंमकार नाथ शर्मा ने किया। इस दौरान बैठक में सभी अखाड़ों के अध्यक्ष उपस्थित हुए, बैठक के पूर्व शामिल सभी प्रशासनिक अधिकारियों को भगवा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक के मौके पर विष्णुगढ़ थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने कहा कि नशा मुक्त रामनवमी एवं दूसरे समुदाय के धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए त्यौहार को मनाएं,साथ ही कहा कि जुलूस में निर्धारित रूट एवं सरकारी निर्देशानुसार जुलूस में डीजे एवं शराब की पाबंदी के लिए पुलिस प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। आगे लाउडस्पीकर एवं ताशा बाजे का उपयोग करने का निर्देश दिया गया। इन सारी चीजों पर ध्यान रखें तो पुलिस प्रशासन आपके साथ है। इस दौरान सभी सदस्यों ने एकमत से निर्णय लिया कहा कि त्यौहार को शांतिपूर्ण एवं धूमधाम से मनाएंगे साथ ही सरकारी गाइडलाइन पालन का ध्यान रखा जाएगा। इस मौके पर मुख्य रूप से महासमिति के अध्यक्ष वरुण कुमार,उपाध्यक्ष अनुराग बर्मन,सचिव चेड़रा मुखिया निर्मल कुमार,सह सचिव विनय कुमार दास, संरक्षक ओमकार नाथ शर्मा, मीडिया प्रभारी पवन प्रताप सिंह,जीपीएस रामचंद्र दागी,लखन प्रसाद, अशोक बर्मन समेत कई राम भक्त मौजूद थे।

## स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** लाल बंगला चरही स्थित एकलव्य दी जीनियस माइंड स्कूल का प्रथम बर्षगांठ बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें विद्यालय के नन्हें मुन्ने बच्चों ने अपनी क्षमता को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सुन्दर ढंग से रखते हुए लोगों का दिल जीत लिया। बच्चों ने अपने कार्यक्रम में एक ओर जहां झारखंड की साझी संस्कृति को सरहुल पर्व तो दुसरी ओर देशभक्ति की मिशाल पुलवामा हमले को पुरी तन्मयता और जीवंतता के साथ प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रूप से मिट्टी के दिए को अतिथियों द्वारा प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में बच्चों की प्रस्तुति के बीच मुख्य रूप से मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य बासुदेव करमाली, सम्मानित अतिथि के रूप में रांची विश्वविद्यालय के खोरठा विभाग के प्राध्यापक सह खोरठा साहित्य संस्कृति परिषद के सचिव माननीय डॉ दिनेश कुमार दिनमणि, विशिष्ट अतिथि के रूप में बहेरा मुखिया देवकी महतो, चरही उपमुखिया अभिजीत सिंह, समाजसेवी उमेश सिंह ने अपनी बातों को रखा और विद्यालय की उत्कृष्टता को जगजाहिर किया। निदेशक दिनेश्वर महतो ने

# रामनवमी जुलूस में पूर्ण रूप से डीजे साउंड पर प्रतिबंध है : विनोद तिर्की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के चोपदार बलिया पंचायत भवन में मंगलवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी विनोद तिर्की व संचालन चोपदार बलिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि चंदन कुमार पुरी ने किया। बैठक में रामनवमी के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए एवं अन्य मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि हमें हर धर्म और संप्रदाय के त्यौहार को मिलजुल कर शांति पूर्ण तरीके से मनाना है। उन्होंने आगे कहा रामनवमी जुलूस में पूर्ण रूप से डीजे साउंड पर प्रतिबंध है। अफवाह पर ध्यान नहीं दे ,भड़काऊ गाना ना बजाएं, किसी धर्म के विरुद्ध वाले गाना ना बजाए, नशा मुक्त रामनवमी त्योहार मनाए, सरकार के गाइडलाइन का पालन करें। चोपदार बलिया गांव में सीसीटीवी कैमरा की नजर में आप सभी रहेंगे इस लिए शांतिपूर्वक त्यौहार को मनाएं। मुखिया प्रतिनिधि चंदन कुमार पुरी ने कहा त्यौहार को हम लोग शांतिपूर्ण तरीके से मनाएंगे। सौहार्द बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्व को चिन्हित कर प्रशासन को सौंपेंगे। मौके पर थाना प्रभारी विनोद तिर्की, मुखिया प्रतिनिधि चंदनपुरी, वाहिद हुसैन, अली रजा, नागेश्वर गोप, उपेंद्र मेहता पंचायत समिति सदस्य सांड, बिंदु कुमार दांगी रामनवमी महासमिति अध्यक्ष बड़कागांव, नागेश्वर यादव, सुमन गिरी, सोले नायक ,नंदकिशोर मेहता ,धनु गोप, महेश प्रजापति, नंदकिशोर मेहता,सत्येंद्र कुमार वर्मा ,कमलपुरी, घनश्याम साव, प्रमेश गिरी, प्रमोद गिरी ,प्रकाश प्रजापति, दशरथ चौधरी, सुरेश रजक, संतोष नायक, दीपन साव, पत्रकार बिरेंद्र कुमार ,अमृत रजक , अशोक पासवान, मोतीलाल गिरी, मोहम्मद फारुख, संजर हुसैन ,एवं अन्य दर्जनों ग्रामीण गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### बड़कागांव वन विभाग ने पत्थर लदा एक ट्रैक्टर किया जब्त



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** वन विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर पसेरिया जंगल से अवैध पत्थर लदा एक जॉन डियर ट्रेक्टर जप्त किया। अंधेरे का लाभ उठाकर ट्रैक्टर चालक फरार हो गया। जप्त अवैध पत्थर लदा ट्रैक्टर को वन कार्यालय बड़कागांव लाया गया। मामले को लेकर वाहन मालिक एवं ड्राइवर पर मामला दर्ज की गई। छापेमारी में मुख्य रूप से वनपाल रामचंद्र प्रसाद, वनरक्षी भोला साहू, केशव महतो, कृष्णा प्रसाद महतो, मनोरंजन कुमार, चंदन सिंह, अशोक कुमार के अलावा अन्य वन कर्मी शामिल थे।

### भाजपा नेत्री ने रामनवमी शोभा यात्रा के लिए पारंपरिक शस्त्र का वितरण किया



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा नेत्री पूनम साहू एवम् युवा मोर्चा जिला सोसल मीडिया प्रभारी शिबू मेहता के सौजन्य से बड़कागांव प्रखंड के कुल 8 अखाड़ा धारियों के बीच पारंपरिक शस्त्र वितरण अभियान की शुरुआत की। सभी अखाड़ा धारियों को लाठी और तलवार सौंपा। बड़कागांव प्रखंड रामनवमी पूजा समिति गुरुचट्टी, रामजनकी मंदिर पूजा समिति गुरुचट्टी, श्री रामदूत महावीर पूजा समिति मुख्य चौक, कुशवाहा रामनवमी पूजा समिति सूर्य मंदिर बड़कागांव, अवतार क्लब लोहार मोहल्ला, संगम युवा क्लब, बसरिया मोहल्ला, बसंती दुर्गा पूजा समिति बड़कागांव एवम् श्री श्री महावीर पूजा समिति, ठाकुर मोहल्ला, नापो खुर्द, नापो कला, नापो बरवानिया के रामनवमी समिति के बीच पारंपरिक शस्त्र वितरण किया गया।

अखाड़ों को शस्त्र वितरण करते हुए सांसद प्रतिनिधि पुनम साहू ने कहा कि यह पारंपरिक शस्त्र का सदुपयोग करते हुए रामनवमी के शोभा यात्रा में कला कौशल का प्रदर्शन कर भावी पीढ़ी के लिए शस्त्र परिचालन कौशल को संरक्षित करने और सौहार्दपूर्ण वातावरण में बिना किसी विवाद के नशा मुक्त होकर रामनवमी संपन्न कराने में सहयोग करने का सभी से अपील भी किया। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा युवा मोर्चा जिला सोसल मीडिया प्रभारी शिव शंकर उर्फ शिबू मेहता, उदय मेहता, सतीश कुमार, मोनी वर्मा, पंकज कुमार, अमृत कुमार, राजेंद्र कुमार, संदीप कुमार, अनिल कुमार, जतीन कुमार, कुलेश्वर कुमार, मुकेश कुमार साव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## कोर्रा महासमिति के झंडा शोभा यात्रा में शामिल हुए विधायक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिले में ऐतिहासिक रामनवमी की पुरानी परंपरा एक बार फिर जीवंत हो रही है। सनराइज ग्रुप की शोभायात्रा के तर्ज पर मंगलवार को सार्वजनिक रामनवमी महासमिति, कोर्रा द्वारा रामनवमी महापर्व को लेकर सप्तमी के अवसर पर शहर के विभिन्न मार्गो में आकर्षक झंडा शोभायात्रा निकाली गई जिसमें मशहूर महाराष्ट्र के रणबाध ढोल ताशा पथक के साथ मराठा कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति कर समाँ बांध दिया। शोभा यात्रा के दौरान महावीरी पताके और भगवा ध्वजों से पूरा शहर पट गया। पित्त परिधानों से सजी युवती और महिलाएं जहां यात्रा की अगुवाई कर रही थी, वहीं हाथों में तलवार लिए भगवा रंग में रंगी युवती रानी लक्ष्मी बाई के वेश में घोड़े पर सवार होकर शोभा यात्रा का नेतृत्व कर रही थी। शोभा यात्रा में परंपरागत कला कौशल का शानदार प्रदर्शन किया । बाल- गोपालों द्वारा भी झंडों का परचम लहराया गया। शोभायात्रा का उद्घाटन सदर विधायक मनीष जायसवाल, बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव, समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह, भाजपा नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता, दिनेश सिंह राठौड़, हरीश श्रीवास्तव, विजय कुमार, नरेंद्र कुमार, पंकज गुप्ता, अनिल गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोगों ने झंडा दिखाकर किया ।

बड़ी ही शालीनता और नियंत्रित तरीके से भगवा पताका लहराते हुए जय श्री राम के नारों से पूरे शहर को गुंजायमान करते हुए इस यात्रा ने हजार बागों के शहर में भगवा झंडों की अनोखी और अनुपम छटा बिखेर दी । मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग की रामनवमी की पुरानी परंपरा पुनः जीवंत हो रही है और दिन में झंडा शोभायात्रा के माध्यम से सनातन संस्कृति से पूरे शहर को पाट दिया जा रहा है ।

## पतरातू स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** प्रखंड परिसर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जिप सदस्य राजाराम प्रजापति,विशिष्ट अतिथि प्रखंड चिकित्सा प्रभारी डॉ नितिन तुलस्यान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर जिप सदस्य राजाराम प्रजापति ने स्वास्थ विभाग के प्रयास की तारीफ किया और कहा कि इस तरह के आयोजन से सभी को लाभ मिलता है। इसके लिए व्यापक तरीके से प्रचार प्रसार होना चाहिए। वही प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नितिन तुलस्यान ने कहा कि इस तरह के मेले का आयोजन का मकसद एक ही स्थान पर विभिन्न प्रकार की जांच सुविधा उपलब्ध कराना है। मेला में आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ कार्ड, परिवार नियोजन परामर्श, आयुष विभाग,दंत चिकित्सा जांच, कैंसर विभाग,योग परामर्श,एनसीडी बीपी एवं शुगर जांच, गायनोकोलॉजिस्ट केंद्र,नेत्र जांच, एड्स नियंत्रण समेत 18 स्टाल लगाए गए थे। मेला में डॉ मनोज गुप्ता,डॉ ऋतुराज,डॉ विशेश्वर पासवान,डॉ रिया प्रकाश,डॉ प्रीति कुमारी ने सैकड़ों महिला-पुरुष व बच्चे की स्वास्थ्य जांच की। इस दौरान जरूरतमंदों के बीच निशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। मौके पर बीपीएम मनीष कुमार, रामदयाल मिस्त्री,बुलबुल कुमारी, रिंकी कुमारी,रेखा कुमारी,सरोज तिग्गा,संजय दांगी,राजकुमार रवि आदि उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## रमजान विशेष : सदका-ए-फितर हर मुसलमान साहिबे निसाब पर है वाजिब : हाजी कारी गुलाम मोहिउद्दीन अशरफी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** अल्लाह ताला ने अपने बंदों पर रमजान शरीफ के रोजे खत्म होने की खुशी में शुक्रिया के तौर पर सदका मुकर्रर फरमाया है। उसी को सदका ए फितर कहते हैं। रमजान के रोजे खत्म होने की खुशी में जो ईद मनाई जाती है उसको इसीलिए ईद उल फितर कहा जाता है। सदका ए फितर हर मुसलमान साहिबे निसाब पर वाजिब है। हदीस शरीफ में सदका ए फितर की बहुत ताकीद की गई है। नबी ए अकरम सल्लल्लाहू अलैहे वसल्लम ने एक आदमी को मुकर्रर करके मक्का मुअज्जमा की गली कुचो में यह ऐलान कराया की सदका ए फितर हर मुसलमान पर वाजिब है। चाहे वो मर्द हो या औरत, छोटा हो या बड़ा, आजाद हो या गुलाम। सदका ए फितर गोरबा के खाने की गर्ज से मुकर्रर किया गया है। और इसलिए भी मुकर्रर किया गया है कि रोजे में जो कोताही हो गई हो वह दूर हो जाए। रोजे में कभी कोई बेहूदा बात हो जाती है वह सदका ए फितर से माफ कर दिया जाता है। जो मुसलमान इतना मालदार है के जरूरियात से ज्यादा उसके पास उतनी कीमत का माल व असबाब मौजूद है जितनी कीमत पर जकात वाजिब होती है तो उस पर ईद उल फितर के दिन सदका ए फितर वाजिब है। चाहे वह माल व अस्बाब तिजारत के लिए हो या ना हो, चाहे उस पर साल गुजरे या नहीं। गरज के सदका ए फितर के वाजिब के लिए जकात के फर्ज होने की तमाम सराय पाई जाए जरूरी नहीं है। जिसके पास 1 दिन और एक रात से जायद की खुराक अपने और अपने बाल बच्चों के लिए हो तो वह अपनी तरफ से अपने घर वालों की तरफ से सदका ए फितर अदा करें। ईद के दिन सुबह सादिक होते ही सदका फितर वाजिब हो जाता है। लिहाजा जो शख्स सुबह सादिक होने से पहले ही इंतकाल कर गया तो उस पर सदका फितर वाजिब नहीं है। और जो बच्चा सुबह सादिक से पहले पैदा हुआ है उसकी तरफ से सदका ए फितर अदा किया जाएगा। सदका ए फितर की अदायगी का असल वक्त ईद उल फितर के दिन नमाजे ईद से पहले है। अलबत्ता रमजान उल मुबारक में किसी भी वक्त अदा किया जा सकता है।

**सदका ए फितर किसे दें और किसे ना दें ?**

मदारिस, गरीब, मिस्कीन, भाई, बहन, भतीजी, भांजी, चाचा, फूफी, खाला, मामू, सौतेला बाप, सौतेली मां, सास, ससुर, साला, साली वगैरह को दिया जाना जाईज है।

वहीं मां, बाप, दादा, दादी, नाना, नानी, परदादा, परदादी, बेटा, बेटी, पोता, पोती, नाती, नतनी, मियां, बीबी वगैरह इन सब को सदका ए फितर देना नाजायज है। उक्त सारी बातें गुलजारबाग, वासेपुर, धनबाद स्थित जामिया अब्दुल हई अशरफ के प्रिंसिपल हाजी कारी गुलाम मोहिउद्दीन अशरफी ने कही।

## विधायक आवास से महज 100 मीटर की दूरी पर होता है अवैध उत्खनन, डीसी रेल लाइन को भी खतरा

- हर दिन निकलता है 35 से 40 ट्रक अवैध कोयला
- बाघमारा विधायक सदन में अवैध कोयला तस्करी को लेकर लगातार उठा रहे है मुद्दा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** एक तरफ बाघमारा विधायक ढुलू महतो सदन में कोयला चोरी को लेकर आवाज बुलंद कर सरकार को कठघरे में खड़ा किये है। वही दूसरी तरफ उनके ही पैतृक गांव चिताही टुन्डु में अवैध खनन का कारोबार फल फूल रहा है लेकिन बरोरा पुलिस व सीआईएसफ चुप्पी साधे हुए है। गठजोड़ ऐसा है कि कोई परिंदा भी पर ना मार सके। सफेदपोश से लेकर खाकी की यहां तूती बोलती है।

**विधायक आवास से 100 मीटर दूरी पर होता है अवैध खनन**

बरोरा थाना क्षेत्र के खास टुंडू में जमकर अवैध उत्खनन हो रहा है। हैरानी की बात यह है कि बाघमारा विधायक के आवास से महज कुछ ही दूरी पर यह अवैध उत्खनन हो रहा है। सोनारडीह फाटक के पहले जो रास्ता रामराज मंदिर की ओर जाता है उसमें जाने के क्रम में बाघमारा विधायक के आवास से महज 100-150 मीटर पहले सड़क के बायीं ओर अवैध मुहाना खुला है। यही नही ठीक उसके दूसरे तरफ एक टीला नुमा स्थान पर जिसे खास टुन्डु बस्ती के नाम से जाना जाता है बसा हुआ है। सूत्रों से पता चला है कि उसके इर्द गिर्द भी कोयला तस्करों द्वारा 10-12 अवैध मुहाना बना दिया गया है जिससे हर रोज तकरीबन 40 ट्रक अवैध कोयला विभिन्न क्षेत्रों के मंडियों में जाता है। लेकिन स्थानीय बरोरा पुलिस को इसकी भनक नही है।

**अवैध उत्खनन के कारण सैकड़ों परिवार की जिंदगी खतरे में**

कुछ ग्रामीणों ने बताया कि टीले पर बसा खास टुन्डु बस्ती के चारों ओर कोयला तस्करों द्वारा अवैध उत्खनन करने से जमीन खोखली हो गई है जिससे उक्त स्थल में जमीनदोज का खतरा बढ़ गया है। खास टुन्डु बस्ती के कुम्हार धौड़ा, मुंडा धौड़ा और बाउरी टोला के सैकड़ों लोग इसकी चपेट में है। यदि अवैध खनन को नहीं रोका गया तो वह दिन दूर नहीं जब हम और हमारा परिवार जमीन के भीतर समा जाएंगे। स्थानीय लोगों ने बताया कि कोयला का अवैध कारोबार करने वालों में अजय,नागेंद्र, गोवर्द्धन, बसंत,कृष्णा, गुड्डु, पीताम्बर, प्रेम, शंकर, राजा शामिल हैं। जिसके खिलाफ कई बार शिकायत कर चुके हैं लेकिन प्रशासन इन लोगों पर कोई कार्रवाई नही कर रही है। लोगों ने कहा कि कुछ बड़े नेताओं का हाथ इनके सर पर है इसलिए पुलिस कोई कार्रवाई नही करती। इतना ही नहीं इन कोयला तस्करों की दबंगई भी देखते बनती है। उक्त स्थल से कुछ ही दूरी पर एरिया 1 के शताब्दी परियोजना में संजय उद्योग आउटसोर्सिंग कंपनी कार्यरत हैं। सूत्रों से पता चला है कि इन कोयला तस्करों द्वारा रात में जबरन संजय उद्योग में कई गाड़ी घुसा दिया जाता है और वहाँ से कंपनी का कोयला अपनी गाड़ी में लोड कर बाहर भेज दिया जाता है।

**अवैध खनन को लेकर विधायक रहते हैं मुखर**

भले ही बाघमारा विधायक के नाक के नीचे कुछ ही दूरी पर अवैध कोयला खनन हो रहा है। आसपास में कई मुहाने खोल दिए गए हैं। लेकिन हो सकता है कि विधायक को इसकी जानकारी नहीं है क्योंकि हाल के दिनों में कई बार बाघमारा विधायक को अवैध कोयला खनन और कोयला चोरी का विरोध करते हुए देखा गया है। तेतुलिया की बात हो या हाल ही में तेतुलमारी के भूमि आउटसोर्सिंग में हुए चाल हादसे की बात, बाघमारा विधायक ने सदन में खुलकर इसका विरोध किया है।

## बागानघोड़ा में लगा मुफ्त नेत्र जांच शिविर

**चिरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दृष्टि आई हॉस्पिटल, निरसा के द्वारा



बागानघोड़ा, गांधी आश्रम के समीप नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जहां क्षेत्रवासियों को मुफ्त में नेत्र जांच किया जा रहा है। वही दृष्टि आई हॉस्पिटल से आई ऑप्टोमेट्रिस्ट (दृष्टि विशेषज्ञ) सलमा खातून ने बताया कि हॉस्पिटल के तरफ से मोतियाबिंद और नेत्र जांच निःशुल्क किया जा रहा है। जिनका आयुष्मान कार्ड है या जो राशन कार्डधारी हैं, उनका निःशुल्क नेत्र जांच और मोतियाबिंद का इलाज किया जाएगा। सलमा खातून के साथ प्रियंका शर्मा और सुब्रोसी राय सहयोगी उपस्थित थी। वहीं चिरकुंडा भाजपा मंडल के महामंत्री जगन्नाथ सिंह ने बताया कि आगे भी नेत्र जांच और स्वास्थ्य संबंधी जांच शिविर लगाया जाएगा जिससे क्षेत्रवासियों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा मिल सकेगी।

## रेल थाना के इंस्पेक्टर की हुई मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** रेल थाना के जीआरपी इंस्पेक्टर अमरजीत प्रसाद की मंगलवार की सुबह मौत हो गई। जिसके बाद जीआरपी में माहौल गमगीन हो गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि इंस्पेक्टर अमरजीत प्रसाद रेल थाना से पैदल ही रेल एसपी कार्यालय जा रहे थे। तभी रास्ते में ही सड़क किनारे गिर गए। जिसके बाद आसपास के दुकानदारों ने उन्हें उठाकर बगल के रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया। रेल अस्पताल से पुलिस इंस्पेक्टर को एशियन जालान ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वही बताते चलें कि प्रसाद फिलहाल निलंबित थे। इंस्पेक्टर अमरजीत प्रसाद की उम्र लगभग 52 वर्ष बताई जा रही है। इंस्पेक्टर के परिजन को मामले की जानकारी दी गई है। मामले की जानकारी मिलने पर परिजन जमशेदपुर से धनबाद के लिए रवाना हो गए।

## लाभुकों ने बकाए मजदूरी के लिए बीडीओ को दिया आवेदन

### मजदूरी नहीं मिली तो प्रखंड के सामने ही आंदोलन करेंगे मजदूर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद :** कई महीनों से अपने पीएम आवास में खुद से मजदूरी करने वाले लाभुकों ने आज माले नेताओं के सहयोग से बेंगाबाद प्रखंड के विकास पदाधिकारी को एक आवेदन देकर उनकी बकाया मजदूरी का भुगतान कराने की गुहार लगाई है।

मालूम हो इसे लेकर पिछले दिनों माले नेता राजेश यादव की मौजूदगी में शामुडीह गांव में एक बैठक भी हुई थी, जब श्री यादव ने बकाया मजदूरी भुगतान की मांग की थी। साथ ही, लाभुकों से इस मामले से बीडीओ को अवगत कराने की सलाह भी दी थी।

पार्टी के प्रखंड सचिव शिवनंदन यादव, शंभू ठाकुर आदि की पहल पर आज शामुडीह गांव के कई लाभुक प्रखंड कार्यालय पहुंचे और बीडीओ को मजदूरी भुगतान को लेकर आवेदन दिया।

मालूम हो कि, इसमें एक लाभुक परिवार (जीतू सोरेन) ऐसा भी है, जिसने अपना पीएम आवास बनाने के लिए अपना बैल, बकरी, पेड़ तक



बेच दिया है।

इधर माले नेता राजेश यादव ने कहा कि, यदि भुगतान तथा इस मामले की जांच और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो उनकी पार्टी आंदोलन करने को बाध्य होगी।

## विदेशी शराब लोड पिकअप वैन पलटा, ग्रामीणों ने किया हाथ साफ

**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत नवडीहा ओपी थाना क्षेत्र के बेंगाबाद -चतरो मुख्य मार्ग सोनारडीह टर्निंग के पास बेंगाबाद की ओर से आ रही पिकअप वैन गाड़ी संख्या बी आर 53 जी 4453 असंतुलित होकर पलट गया। गाड़ी में विदेशी शराब भारी मात्रा में लोड था। शराब माफिया प्रशासन की नजर से बचने के लिए गाड़ी के नीचे विदेशी शराब जो बंगाल प्रदेश की थी वही ऊपर में चोकर बोरा लोड करके ले जा रहा था। गाड़ी जब असंतुलित होकर पलटी तो लोगों को पता चला इसमें शराब लोड है वही स्थानीय ग्रामीण ने शराब एवं चोकर पर हाथ भी साफ किया। इधर नवडीहा ओपी दल बल के साथ पहुंचकर गाड़ी को अपने कब्जे में कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। सोचने वाली बात है की अगर गाड़ी पलटी नहीं होता तो शायद अवैध शराब तस्करी का यह मामला सामने नहीं आ पाता उम्मीद है की यहाँ से इस तस्करी का उद्भेदन करते हुवे इस तस्करी में शामिल तस्करो पर प्रशासन कड़ी करवाई करते हुवे तस्करी को रोकेंगे लेकिन वही सवाल यह भी है की क्या अभी तक इसकी जानकारी बेंगाबाद और जमुआ प्रशासन को नहीं था या संगरक्षण के तहत यह सब हो रहा था। वहीं नवडीहा ओपी थाना प्रभारी राधेश्याम पांडेय ने बताया गाड़ी से लगभग 40 पेटी विदेशी शराब एवं लगभग 8 बोरा चोकर को बरामद किए हैं इसके साथ कहा कल वरीय अधिकारी के नेतृत्व में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया जाएगा जहां पर सारी जानकारी साझा की जाएगी।

## डीआईजी उतरी छोटानागपुर ने सरिया एसडीपीओ कार्यालय का किया निरीक्षण

### अधिकारियो को अवैध उत्खनन पर कार्रवाई का दिया निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** मंगलवार को डीआईजी हजारीबाग नरेंद्र कुमार सिंह ने सरिया एसडीपीओ नौशाद आलम के कार्यलय का निरीक्षण किया ।इस दौरान डीआईजी सिंह करीब 90 मिनट तक यहां रुके सार्जेंट कामेश्वर रजक ने इन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। जानकारी के अनुसार कई मसलों पर डीआईजी ने पुलिस अधिकारियों से गम्भीरता पूर्वक विचार किया इन्होंने अधिकारियों को स्पस्ट निर्देश दिया कि रामनवमी पर्व शांति पूर्ण हो इसपर बिशेष नजर रखी जाए संवेदनशील स्थानों व व्यक्तियो की पहचान कर उस पर नजर रखी जाए । डीआईजी ने पुलिस अधिकारियों की एक बैठक ली जिसमे निर्देश दिया गया कि अवैध उत्खनन पर रोक लगाए साथ ही ऐसे स्थानों व लोगो को चिन्हित करें जो इस प्रकार के उत्खनन में शामिल रहते है। डीआईजी के निरीक्षण क्रम में एसडीपीओ नौशाद आलम,पुलिस निरीक्षक नवीन कुमार सिंह,थाना प्रभारी संतोष मौर्या, नीतीश कुमार ,अमरजीत सिंह शामिल थे।

## गया-कोडरमा-बोकारो-रांची-बिलासपुर के रास्ते पटना-सिकंदराबाद-हैदराबाद-पटना समर स्पेशल का परिचालन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु रेलवे द्वारा गया-कोडरमा-बोकारो-रांची-बिलासपुर-रायपुर-नागपुर के रास्ते पटना और सिकंदराबाद/हैदराबाद के बीच स्पेषल ट्रेन का परिचालन किया जायेगा जिनका विवरण निम्नानुसार है - 1.गाड़ी संख्या 03253 पटना-सिकंदराबाद स्पेषल ट्रेन - दिनांक 03.04.2023 से 28.06.2023 तक सप्ताह में दो दिन प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को पटना और सिकंदराबाद के बीच गाड़ी संख्या 03253 पटना-सिकंदराबाद स्पेषल टेऊन का कुल 26 फेरे परिचालन किया जायेगा । यह स्पेषल पटना जं. से 15.00 बजे खुलकर तीसरे दिन 03.30 बजे सिकंदराबाद पहुंचेगी ।

वापसी में यह स्पेषल 13 फेरे हैदराबाद से तथा 13 फेरे सिकंदराबाद से परिचालित की जायेगी जिनका विवरण



निम्नानुसार है-2.गाड़ी संख्या 07255 हैदराबाद-पटना स्पेषल ट्रेन-वापसी में गाड़ी संख्या 07255 हैदराबाद-पटना स्पेषल दिनांक 05.04.2023 से 28.06.2023 तक सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को हैदराबाद से 22.50 बजे खुलकर शुक्रवार को 11.30 बजे पटना जं. पहुंचेगी।

**3.** गाड़ी संख्या 07256 सिकंदराबाद-पटना स्पेषल ट्रेन-इसी तरह गाड़ी संख्या 07256 सिकंदराबाद-पटना स्पेषल दिनांक 07.04.2023 से 30.06.2023 तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को सिकंदराबाद से 21.00 बजे खुलकर रविवार को 09.30 बजे पटना जं. पहुंचेगी ।

## गिरिडीह कालेज अग्निवीर कैरियर काउंसिलिंग कार्यक्रम का आयोजन

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को गिरिडीह कालेज



गिरिडीह में जिला नियोजन पदाधिकारी प्रत्युष शेखर एवं एयर फोर्स पदाधिकारी एम एन प्रजापति एवं राठौर कुमार के द्वारा एयरफोर्स में अग्नीवीर के लिए कैरियर काउंसिलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वही एयर फोर्स ऑफिसर एम एन प्रजापति ने छात्रों कि जो छात्र इस क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहते हैं उसके लिए बहुत ही अच्छा विकल्प है।मौके पर गिरिडीह कालेज के प्राचार्य डॉ अजय मुरारी सर ने बताया कि ऐसे आयोजन से कालेज के छात्र छात्राओं को बहुत लाभ मिलता है और छात्र छात्राओं को कैरियर चुनाव में आसानी होती है। जिला नियोजन पदाधिकारी प्रत्युष प्रशांत ने बताया कि गिरिडीह कालेज में छात्राओं के बीच जल्द ही पर्सनालिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा जिससे लड़कियों को अपने व्यक्तित्व विकास में तथा कैरियर में निखार लाने में मिलेगी।मौके पर बीएड विभाग की प्रो विनीता कुमारी, सुशील कुमार, डॉ प्रभात कृष्णा, धर्मेन्द्र कुमार, हीरालाल मंडल,अमित कुमार यादव, जमुना प्रसाद आकर्षण गुप्ता, राहुल आदि एन सी सी एवं बी एड के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## ओवरटेक करने के चक्कर में पेड़ से टकराई स्कॉर्पियो बाल बाल बचे सवार

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** थाना क्षेत्र के ग्राम खुरजियो के समीप मंगलवार शाम पाँच बजे के करीब एक स्कॉर्पियो जिसकी संख्या जेएच 10 बीजेड 2940 एक ट्रेक्टर को ओवरटेक करने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई. जैसा कि लोगों ने बताया कि उक्त स्कार्पियो भरकट्टा बाजार की ओर से अपने घर सलैयडीह लौट रहा था. इस बीच आने के क्रम में हीं एक ट्रैक्टर को ओवरटेक करने की कोशिश किया लेकिन स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सीधे पेड़ से जा टकराई. स्कॉर्पियो पर चालक के अलावे छोटे छोटे चार बच्चे भी सवार थे, जिन्हें मामुली चोटें आई है. स्कॉर्पियो सलैयडीह ग्राम निवासी रामचन्द्र विश्वकर्मा का बताया जा रहा है . समाचार लिखे जाने तक घटना की सूचना बिरनी पुलिस को नहीं दिया गया है।

## अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा ने राहुल गांधी का जलाया पुतला



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर तेली समाज धनबाद जिला की ओर से मंगलवार को राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता समाज के संरक्षक व भाजपा के वरिष्ठ नेता जगत महतो ने किया। कार्यक्रम में भारी संख्या में तेली समाज के लोग उपस्थित थे। संरक्षक जगत महतो ने कहा कि कांग्रेस के महासचिव राहुल गांधी ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व पुरे मोदी समाज को चोर कहा है। इस बयान पर पुरे तेली समाज आहत है। इसके विरोध में तेली समाज ने राहुल गांधी के कथित बयान का विरोध करते हुए राहुल गांधी का पुतला दहन किया।

## लोकल मैनेजिंग कमिटी की बैठक संपन्न



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डी.ए.वी. स्कूल महुदा में लोकल मैनेजिंग कमेटी की वार्षिक बैठक संपन्न हुई।विदित हो कि डब्लू.जे.एरिया झरिया प्रक्षेत्र के जी.एम.श्री जे.एस.महापात्रा इस विद्यालय के चेयरमैन हैं। जी.एम.श्री जे.एस.माहापात्रा के साथ एक.जी.एम पर्सनल विनीता भी इस बैठक में शामिल रहीं।डी.ए.वी.झारखण्ड जोन -सी.और जी.के ए.आर.ओ.श्री अरूण कुमार के साथ विभिन्न डी.ए.वी.विद्यालयों के प्राचार्य गण भी शामिल रहे। इस शुभ अवसर पर सर्व प्रथम गायत्री मंत्र और डी.ए.वी.गान हुआ। विद्यालय के प्राचार्य आशीष कुमार मंडल ने बैठक में शामिल सभी आगंतुकों का स्वागत किया।

## रामभक्तों की बैठक संपन्न



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के बराकर नदी तट स्थित बाबा नंदानाथ मंदिर प्रांगण में रामनवमी उत्सव की तैयारी को ले विश्व हिंदू परिषद टुंडी प्रखंड के रामभक्तों की एक बैठक गौ रक्षा विभाग टुंडी प्रखंड प्रमुख विक्रम सिंह वीर के नेतृत्व में आज संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से कल बाबा नंदानाथ मंदिर प्रांगण से महाराजगंज तक नगर भ्रमण कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। इसे सफल बनाने हेतु टुंडी प्रखंड के सभी रामभक्तों से अधिक से अधिक संख्या में इसमें भाग लेने की अपील की गई। बैठक के बाद कार्यक्रम के सूचनार्थ इसके आयोजकगण एसडीएम ऑफिस धनबाद,टुंडी थाना व टुंडी सीईओ कार्यालय पहुंच तत्संबंधी आवेदन संबंधित प्रशासन को सौंपा ।

## प्रशासनिक व अनुशासनिक प्राधिकार के सदस्यगण की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**निरसा :** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को पंचायत प्रमुख एगारकुंड संगीता महतो की अध्यक्षता में स्नातक कोटि के वर्ग 6 से वर्ग 8 प्रखंड स्तरीय सहायक अध्यापक के संदर्भ में प्रशासनिक एवं अनुशासनिक प्राधिकार के सदस्यगण की बैठक एगारकुंड प्रखंड स्थित सभागार में आयोजित की गई। बैठक में आकूल मंडल, अनूप कुमार, मिर्धा सोमनाथ चटर्जी, तन्मय बनर्जी, कल्पना चौधरी, सुभाष साव, राजीव गोप, आशा किरण, समीर दास, सौरव चटर्जी सहायक अध्यापकों के कार्यो पर संतोषप्रद पाया गया। तदनुसार जनवरी 2023 से मानदेय में 4 फिसदी की वार्षिक वृद्धि करने का अनुमोदन की गई बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी एगारकुंड विनोद कुमार कर्मकार पंचायत समिति के शिक्षा समिति द्वारा चयनित सदस्य रंजन कुमार सिंह प्रभारी कृषि पदाधिकारी बहादुर मुर्मू प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी निरसा स्वपन कुमार मंडल क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी गोविंदपुर विनोद पांडे बीआरपी तुलसीदास तिवारी बीपीएम पवन कुमार महतो अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ निरसा - 3 के अध्यक्ष सह निर्वाचन कोषांग प्रभारी प्रमोद कुमार झा आदि उपस्थित थे। प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ एगारकुंड के अध्यक्ष आकूल मंडल ने अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रमोद कुमार झा को प्रखंड स्तरीय सहायक अध्यापक के आलोक में प्रशासनिक एवं अनुशासनिक प्राधिकार के बैठक में सकारात्मक पहल कर मानदेय में 4 फीसदी वार्षिक वृद्धि करवाने में सराहनीय सहयोग किए। इसके लिए विभिन्न विद्यालयों में पदस्थापित सहायक अध्यापक आभार व्यक्त करते हैं।

## आरएसपी कॉलेज के जर्जर भवन को लेकर एनएसयूआई ने प्राचार्य का घेराव किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मंगलवार को आरएसपी कॉलेज बेलघरिया के जर्जर भवन को देखते हुए एनएसयूआई के जिला सचिव चितरंजन कुमार सिंह ने अपनी टीम तथा छात्रों के साथ मिलकर कॉलेज प्राचार्य का घेराव करते हुए कॉलेज भवन की दुर्दशा से वाकिफ कराया। जिला सचिव चितरंजन का कहना है कि धनबाद के सबसे पुराने कॉलेज की ऐसी दुर्दशा हो गई है कि या कॉलेज नहीं बल्कि डरावना भवन प्रतीत होता है यहां छात्र-छात्राएं अपना भविष्य उज्जवल बनाने के उद्देश्य से आते हैं परंतु उन छात्रों के जान पर भी खतरा बना रहता है। क्या कॉलेज प्रशासन किसी घटना होने का इंतजार कर रही है इसके साथ ही छात्राओं का शौचालय और लाइब्रेरी की ओर ध्यान केंद्रित करते हुए प्रशासन को बताया गया की शौचालय की हालत बद से बदतर हो गई है और कॉलेज में लाइब्रेरी होते हुए भी वह कभी खुलती नहीं कॉलेज इस मामले पर अपना ध्यान केंद्रित करें



अन्यथा एनएसयूआई आंदोलन के लिए बाध्य होगी। मौके पर कॉलेज अध्यक्ष संजय तिवारी,उपाध्यक्ष अभिषेक कश्यप, महासचिव शिवम कुमार, सचिव अमित कुमार, मोहित सिंह, नेहाल अंसारी, दीक्षा, शहनाज, राजलक्ष्मी विश्वकर्मा, शीतल, खुशी एवं समस्त एनएसयूआई गण मौजूद थे।

# उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने पीटीजेड कैमरा युक्त सिटी सर्विलांस गाड़ी को किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रामनवमी को लेकर पूरे जिले में तैयारी लगभग पूरी हो गई है। जिले के सभी क्षेत्रों मे महाबीरी और भगवा ध्वज से पूरे शहर को भी सजाया गया है। जगह जगह पर लोग बाजे गाजे के साथ अभ्यास करने में जुटे हुए है। क्षेत्र के अन्य क्षेत्रों मे अस्त्र शस्त्र पूजन का भी विधान है वही अखाड़ो में युवक बूढ़े बच्चे अस्त्र शस्त्र चलाने और अभ्यास करने में जुटे हुए है। रामनवमी के त्योहार जिले भर में बड़ी धूम धाम के साथ और परंपरा के अनुसार मनाया जाता रहा है। अन्य जगहों पर कई कार्यक्रम जैसे झांकी, जुलूस, संस्कृति कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। जिसमे बिभिन्न जगहों के भक्तों का जन सैलाब उमड़ पड़ता है। जिले की पूर्व की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड़ पर है। रामनवमी के मौके पर लोगो से शांति व्यवस्था बनाने और अफवाह न फैलाने की अपील की है,पिछले कई दिनों से प्रशासन लगातार फ्लैग मार्च कर लोगो को शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील भी की है। जगह जगह लगे लाउडस्पीकर पर आपत्तिजनक गाने और बजाने पर भी पाबंदी लगाई है। ऐसे मौके पर शरारती तत्वों पर खास तरह की नजर रखा जाएगा। रामनवमी के त्योहार को देखते हुए बिभिन्न जगहों पर ड्रोन केमेरा का भी इस्तेमाल किया जाएगा। जिसे शरारती तत्वों पर कड़ी निगरानी के साथ आस पास के अलावा शहर के मौजूदा हालात का भी खबर होगी। आज इस निमित्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उपायुक्त महोदय लोहरदगा एवं पुलिस अधीक्षक महोदय लोहरदगा द्वारा विशेष केंद्रीय सहायता के तहत लोहरदगा पुलिस विभाग को उपलब्ध कराए गए एंबुलेंस एवं कैमरा युक्त सिटी सर्विलांस गाड़ी को विधिवत हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में आईटीडीए की हुई बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज समेकित जनजाति विकास अभिकरण (आइटीडीए) की बैठक हुई। बैठक में समिति द्वारा प्री-मैट्रिक छात्रवृति योजना अंतर्गत निबंधित कुल 4430 छात्र-छात्राओं का योजना का लाभ दिये जाने हेतु प्रस्तावित सूची को अनुमोदित किया गया। ई-कल्याण पोर्टल पर पंजीकृत दो संस्थानों नदिया प्लस टू हिंदू उच्च विद्यालय, लोहरदगा और कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय, लोहरदगा को पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लिए संस्थान के रूप में अनुमोदित किया गया। इसी प्रकार पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में अनुमोदित संस्थानों से छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन आवेदित 364 छात्र-छात्राओं के सूची को अनुमोदित किया गया। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, आइटीडीए परियोजना निदेशक अरविंद कुमार लाल, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, अग्रणी बैंक प्रबंधक समेत अन्य उपस्थित थे।

## कैरो प्रखंड क्षेत्र में चैती छठ, भगवान भास्कर के उदीयमान अर्घ्य से साथ व्रत का हूआ पारण



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 28 मार्च मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गाँवो मे 04 दिनो से चलने वाला लोक आस्था का महान पर्व चैती छठ महापर्व भगवान भास्कर के उदीयमान अर्घ्य के साथ हूआ पारण। इस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के गाँव खन्डा मे सुरेन्द्र साहू दोनो दम्पति, उतका मे वीरेंद्र यादव, राणा संग्राम यादव एवं कैरो मे जगदीश साहू, उमेश साहू, गौतम साहू ने अपने-अपने परिवार के साथ आज 28 मार्च मंगलवार को उदीयमान सूर्य का तालाब में अर्घ्य प्रदान कर भगवान भास्कर से सुख -शांति, स्मृद्धी की कामना कीया। विदित है कि दिनांक 25 मार्च नहाय-खाय, 26 मार्च खीरभोजन, 27 मार्च को अस्ताचलगामी सूर्य का अर्घ्य एवं 28 मार्च को उदीयमान सूर्य का अर्घ्य अर्थात 04 दिनो से चलने वाला इस महान पर्व का विधि विधान पुर्वक आचार्य कौशलकान्त त्रिपाठी, नीरज कान्त त्रिपाठी, शशि कान्त त्रिपाठी के आचार्य्त्व मे महापर्व के अनुष्ठान की सम्पन्न के साथ व्रत का हूआ पारण। इस अवसर पर घाट पर डा0 दयाल विश्वास, गंगा साहू, संतोश कुमार, विष्णु साहू, विनोद यादव, कुमार साहू, इत्यादि काफी संख्या मे श्रद्धालु छठ पुजा पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटो मे उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने की यूनिफाइड कमांड की बैठक, लंबित योजनाओं को जल्द पूर्ण करने का दिया निर्देश



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज यूनिफाइड कमांड की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में आरईओ,लोहरदगा को सनई-हपात पथ अधूरे कार्य को पूर्ण किये जाने, पाखर में पथ का निर्माण से संबंधित, पेशरार में बाधित विद्युत आपूर्ति को बहाल करने संबंधित निदेश दिए गए। पेशरार के 150 घरों में सौर ऊर्जा व स्ट्रीट लाइट की योजना की स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में पिछले बैठक में दिए गए निदेशों की समीक्षा की गई व आवश्यक निदेश दिए गए। आज की बैठक वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अपर समाहर्ता समीरा एस0, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) परमेश्वर प्रसाद, ए0एस0पी0 अभियान दीपक पांडेय, संबंधित विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, संबंधित कार्यपालक अभियंता, सभी अंचल अधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

# सामाजिक समरसता बनाते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं त्योहार : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत पंचायत सढावे मे 28 मार्च मंगलवार को सरहुल पुजा व 29 मार्च बुधवार को आज निकलेगी सढावे सरहुल की जुलूस। पंचायत क्षेत्र मे सरहुल,रमजान,व रामनवमी का त्योहार आपसी मिलजुल कर शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो,कैरो थाना पुलिस अवर निरीक्षक हरिओंध करमाली, मुखिया सुमित्रा उराँव व गाँव के सभी जाति धर्म समुदाय के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में सढाबे पंचायत भवन में बैठक आहुत की गयी। बैठक मे प्रविपदा0 श्री महतो ने कहा कि त्योहार एक दुसरे के बीच आपसी प्रेम संबंधो को और मजबूत बनाता है, आप सभी लोग एक दूसरे के त्योहार मे सहभागिता जताते हुए त्योहार को मिलजुलकर ही मनाये। वही थाना के पूअनि0 श्री करमाली ने कहा कि आपलोग किसी तरह के अफवाह में न पड़े। शोसल मिडिया पर आपतिजनक पोस्ट करने वाले व्यक्ति पर भादवि के तहत कारवाई कर जेल भेज दी जायेगी। जुलूस पारम्परिक मार्ग पर ही ले जाएँ,जुलूस मे प्रतिबंधित अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन नाबालिक को ना करने दे, जुलूस मे संदिग्ध गतिविधियों वाले व्यक्ति पर पैनी नज़र रखते हुए सूचना अविलंब प्रशासन को दे। इस अवसर पर बैठक में उपरोक्त पदाधिकारियों के अलावा समाजसेवी किशोर उराँव, पुर्व 20 सुत्रि प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र महतो, उप-मुखिया जगन्धंन भगत विधान साहू, हजारी साहू, अनिल उराँव, सुनील उराँव, विनोद साहू, भुनेश्वर साहू अन्जुमन कमिटी के सदर सरफराज अंसारी, सेक्रेटरी कयुम अंसारी, मोकतार अंसारी,पुर्व मुखिया विजय एक्का, राम उराँव, इत्यादि बैठक में उपस्थित थे।

# अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक पहुंच रही है स्वास्थ्य सुविधा : विधायक भूषण बाड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** प्रखंड के सेवई में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने किया। मौके पर पाकरटांड़ जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी मौजूद थीं। अपने संबोधन में विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि महागठबंधन सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक स्वास्थ्य की सुविधा देने के लिए लगातार कोशिश कर रही है। प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन उन महत्वाकांक्षी योजनाओं की पहल का बस एक माध्यम है। उन्?होंने कहा कि जिलेवासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा देने की दिशा में लगातार प्रयास किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि सिमडेगा में ही हर बीमारी का इलाज कम खर्च में किया जा सके। किसी को बाहर इलाज के लिए जाना न पड़े। इसके लिए भी मांग किया गया है। चिकित्सकों की कमी पूरे राज्य में है। यही कारण है कि पर्याप्त मात्रा में चिकित्सक नहीं है। लेकिन इसके लिए हमारी सरकार ने पहल किया है। राज्य में पहली बार हमारी सरकार ने चिकित्सकों की बहाली में हो रही देरी को दूर करने के लिए भी सोंचा है और बहाली करने का जिम्मा स्वास्थ्य विभाग को ही दे दिया है। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पड़े पदों की बहाली में तेजी आएगी। इसके बाद चिकित्सकों की कमी दूर हो जाएगी। मौके पर विधायक ने भी अपना खून जांच कराया। कार्यक्रम में सिमडेगा जिप सदस्य शांति बाला केरकेट्टा, बीडीओ अजय कुमार, उपप्रमुख सिलबेस्तर बाघवार, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष नवीन बिरेन तिर्की, पाकरटांड़ के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा, सेवई पंचायत मुखिया, पूर्व मुखिया शंकर महली, विनय तिग्गा, मंजू तिर्की, नीला नाग आदि उपस्थित थे। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सजल जकीरा, डॉ.शिफा खातून, डॉ.शमशाद, डॉ. ऋतुराज आदि ने मरीजों का निःशुल्क इलाज किया।

## मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत बाजार डांडू में रामनवमी मेला का हुआ आयोजन, निकला जुलूस



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैत शुक्ल सप्तमी को विधिवत पूजा अर्चना कर निकाला गया जुलूस। प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत बाजार डाँडू में रामनवमी के मेला आयोजित करने को लेकर मंगलवार को सुबह ग्रामीण राम भक्तो द्वारा चैत शुक्ल पक्ष सप्तमी के अवसर पर अपने अपने घरों में विधिव हनुमानजी का पूजन कर जुलूस निकाला गया। जुलूस मन्हे, साइटोली, गढकस्मार, तुरियाडिह, फतेहपुर, नवाडीह, आरा, जामुनटोली, बगालटोली, टेतरटोलीकदमटोली, उरु, साके, चटकपुर का भ्रमण करते हुए अपने गंतव्य जगह बाजार डाँडू वापस आया। 1970 ईसवी से बाजार डाँडू में मेला लगाया जा रहा है। जिसमें पूर्व परम्परा के अनुसार सप्तमी के दिन से ही रामनवमी मेला का जुलूस भ्रमण करता है। जुलूस में पारंपरिक हथियार, ढोल, नगाड़ा, डीजे, बैंड और महावीरी झंडा लेकर नाचते हुए लोग घूमते हैं।तथा लाठी,डंडा,भला,तलवार का भी खेल प्रदर्ज़हन किया जाता है।साथ ही जुलूस भ्रमण करते हुए आगे बढ़ता है। वैसे ही काफिला भी बढ़ते जाता है। वही जगह जगह ग्रामीणों द्वारा जुलूस में भ्रमण करने वाले भक्तो का गुड़,चना,सरबत देकर स्वागत किया जाता है। ग्रामीणो द्वारा बताया जाता है। कि प्रत्येक वर्ष मेला आयोजन को लेकर सप्तमी के दिन से रामनवमी का जुलूस भ्रमण करता है। जिसे जुलूस जहाँ जहाँ भ्रमण करते हुए जाता है। वहाँ से लोग नवमी को बाजार डाँडू में मेला के लिये आते हैं। ग्रामीणों का कहना है। कि मेला लगाने का यह निमंत्रण देने का पारंपरिक सौहार्द है। साथ ही बताया जाता है। कि मेला प्रारम्भ से ही प्रत्येक वर्ष शांति,सौहार्द ऑफ भाईचारगी से बाजार डाँडू में सम्पन्न होते आ रहा है। वही मेला में दूर दूर से भी लोग खिलौना, मिठाई व अन्य चीजों का दुकान लेकर आते हैं। और मेला का लुफ्त उठाते हैं।

## रामनवमी त्योहार को लेकर निकला फ्लैग मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** शांतिपूर्ण रुप से रामनवमी का त्योहार संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को भंडरा प्रखंड प्रशासन व पुलिस अधिकारियों द्वारा भंडरा प्रखंड के भंडरा, भौंरो, मसमानो, टोटो, कुम्हरिया गांव में फ्लैग मार्च चलाया गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व कर रहे बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि रामनवमी व रमजान का त्योहार आपसी सौहार्द से मनाएं। आम जनता को किसी भी तरह की परेशानियों का सामना करना ना पड़े। इसके लिए प्रखंड प्रशासन तैयार है। उन्होंने आम जनता के साथ बैठक कर भी क्षेत्र में शांति व्यवस्था बरकारर रखने की अपील की है। सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता ने भी ग्रामीणों के साथ बैठक कर आपसी भाईचारगी के साथ त्योहार मनाने को लेकर चर्चा की। साथ ही किसी भी तरह की परेशानी होने पर अविलंब भंडरा थाना को सूचना देने को लेकर निर्देश दिया है। इसके अलावे भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा कि रामनवमी व रमजान का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने गांव के बुद्धिजीवियों से बात कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया है।

# बीडीओ ने प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य शिविर का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा व प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर संजय कुमार ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाओं का हाल जाना। मौके पर मुख्य अतिथि बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं को लेकर अलग-अलग स्टॉल लगाया गया है। इससे मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लेने में काफी सहूलियत हो रही है। इस दौरान उन्होंने दो लोगों को आयुष्मान कार्ड, पांच फाईलेरिया रोगी को टब, साबुन व पांच आंख से कमजोर लोगों के बीच चश्मा का वितरण किया। मौके पर डॉक्टर संजय कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराना है। उन्होंने कहा कि भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर के सभी सुविधा उपलब्ध है। दवा भी पर्याप्त मात्रा में है।

# ठेठईटांगर के जोराम में अवैध शराब की बिक्री पर पुलिस ने की कारवाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटांगर :** ठेठईटाँगर पुलिस लगातार अवैध शराब के विरूद्ध छापामारी अभियान चला रही है।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर और थाना प्रभारी ठेठईटाँगर की अगुवाई में ठेठईटाँगर पुलिस ने मंगलवार को अवैध शराब के विरूद्ध छापामारी ऑपरेशन चलाया। पुलिस ने मंगलवार को ठेठईटाँगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत जोराम और राइबाहर लालटोली में अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापामारी की। छापामारी के क्रम में पुलिस ने यहां बहुल मात्रा में जावा महुआ नष्ट किया। साथ ही शराब बनाने वाले बर्तनों को नष्ट भी कर दिया और यह चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसा ना करे अन्यथा क़ानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## अमिताभ चक्रवर्ती ने चैती दुर्गा पूजा पंडाल का किया उद्घाटन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैती दुर्गा पूजा समिति बाबा मठ का 41वा पूजा पंडाल का आज उद्घाटन हिंडाल्को के (अकाउंट हेड) अमिताभ चक्रवर्ती के द्वारा किया गया मां अंबे का विधिवत पूजा एवं आरती के साथ पट खोला गया पट उद्घाटन में समिति के अध्यक्ष संतोष लकड़ा, केंद्रीय महावीर मंडल के अध्यक्ष रोहित साहू सहित पूजा पंडाल समिति के सभी पदाधिकारी एवं केंद्रीय महावीर मंडल के संरक्षक एवं पदाधिकारी एवं हिंडाल्को के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# प्रखंड प्रशासन व जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से स्वास्थ्य मेला का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा के प्रांगण में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मंगलवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। आयोजित स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख फुलझरी देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा, मुखिया धनबाज उरांव, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिव्यां निशी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर प्रमुख फुलझ री देवी ने कहा की स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है। इसमें शरीर की तमाम सभी बीमारीयों का इलाज किया जा रहा है। अप स्वास्थ्य मेला में पहुंचकर इलाज कराएं और लाभ उठाएं। प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि हम क्यों बीमार हो रहें हैं, बीमार होने से पहले बीमारी से बचाव का तरीका को आप अपनाये, जांच करा कर दवा का सेवन करें, गांव देहात में बहुत ज्यादा मात्रा में झोलाछाप डॉक्टर घूम रहे उनसे दवा लेने से परहेज करें वह बीमारी को और बढ़ा देता है। आप जांच करा लें उसके बाद ही दवा ले लेकिन निरोग रहने के लिए आपको कुछ छोटी-छोटी सावधानियां को अपनाना होगा जैसे शौच के बाद हाथ को धोना खाने से पूर्व हाथ को धोना नित्य दिन स्नान करना, मोहल्ला गांव को साफ सफाई रखना, ताजा भोजन का सेवन करना और ध्यान रहे कि सूरज निकलने से पहले उठना इससे आपकी बचाव और स्वास्थ्य में लाभदायक होगा। यह काम आप करेंगे तो आपकी उम्र में बढ़ोतरी होगी और आप निरोग रहेंगे। 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम ने कहा कि जो यहां पर इलाज कराने आए हैं। वे घर जा कर जरूर अपने आसपास के लोगों को बताएं कि स्वास्थ्य मेला में निशुल्क इलाज कर दवा दिया जा रहा है। और सरकार द्वारा बेहतर व्यवस्था की गई है। ताकि लोग आकर लाभ ले सके। वही मुखिया धनबाज उरांव ने कहा कि पंचायत में स्वास्थ्य मेला का आयोजन बड़े पैमाने पर रखा गया है। और इसमें काफी संख्या में लोग आए हुए हैं।

## बिजली विभाग के भेजे बिल देखकर ग्रामीणों के उड़े होश

# भारी भरकम बिल आने के भय से सो नही पा रहे हैं ग्रामीण

➲सांसद प्रतिनिधि सुजान मुण्डा ने कहा बिजली विभाग के खिलाफ करेंगे उग्र आंदोलन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा प्रखंड के केलुगा, मयोमडेगा, तुरूपडेगा, बाड़ीबृंगा, तितलिंग, खरवागड़ा, गट्टीगड़ा आदि गांवों के सैकड़ों ग्रामीणों ने बिजली विभाग द्वारा भेजे गए भारी भरकम बिल के विरोध में बैठक किया। बैठक में सांसद प्रतिनिधि सुजान मुण्डा ने कहा कि ये बिजली विभाग का सरासर अन्याय है एवं गरीबो का शोषण है। सुजान मुण्डा ने कहा कि गाँव वाले बमुश्किल एक या दो बल्ब जलाते हैं एवं ज्यादातर गांव में बिजली कई दिनों तक नदारत रहती है बावजूद इसके इतना भारी बिल भेजना बिजली विभाग द्वारा गरीब का शोषण है जो कतई बर्दाश्त नहीं किया कई ग्रामीणों के बिजली बिल 15 हजार से 24 हजार रुपये तक है ऐसे में ये गरीब ग्रामीण बिल का भुगतान कैसे करेंगे। सुजान मुण्डा ने कहा कि बिजली बिल में अविलंब सुधार किया जाए एवं जो वास्तविक बिल है उसे ग्रामीणों को दिया जाए जिसका भुगतान करने के लिए ग्रामीण तैयार हैं अगर बिजली विभाग अपनी कार्यप्रणाली में सुधार नही करती है एवं एक महीने के अंदर बिल में सुधार नही किया जाता है तो विभाग के खिलाफ उग्र आंदोलन किया जएगा। सुजान मुण्डा ने कहा कि इस विषय मे वरीय अधिकारियों को ज्ञापन दिया जाएगा एवं ग्रामीणों की समस्या के लिए उनके स्तर से हरसंभव प्रयास किया जाएगा। इस मामले को उन्होंने खूंटी सांसद सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के समक्ष रखने की बात कही।

**कई लोगों को एक नाम से मिले दो बिजली बिल :** ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि बिजली विभाग द्वारा लापरवाही की हद करते हुए एक ही व्यक्ति के नाम से दो बिजली बिल भेजा गया है। मयोमडेगा निवासी अनिता तोपनो ने कहा कि उनके ससुर के ही दो नाम सुमन लुगुन के 68245 रु एवं सुमन मुण्डा के नाम पर 15354 रु का बिल भेजा गया है जबकि मंजीत लुगुन के नाम पर भी 9424 एवं 21656 का बिल भेजा गया है जबकि ऐसा ही मामला अन्य कई ग्रामीणों के साथ भी हुआ है। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि उनका अभी तक एक भी बिल नही आया है किंतु अन्य ग्रामीणों के बिल को देखकर उनकी नींद उड़ी हुई है उनका कहना है कि अगर उनका भी बिल इस प्रकार आया तो कहां से चुका पाएंगे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की हुई बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज खनन टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त द्वारा खनन पदाधिकारी के ओर से अवैर्ध इंट-भट्ठों के संचालन के विरूद्ध कार्रवाई, अवैध रूप से बालू उठाव/परिवहन पर कार्रवाई, अवैध रूप से पत्थर का खनन करनेवालों के विरूद्ध कार्रवाई की समीक्षा की। सभी संबंधित अंचल अधिकारियों को पंचायत स्तरीय बालू घाटों को प्रारंभ कराने का निदेश दिया गया। साथ ही,निदेश दिया गया कि पंचायत स्तरीय बालू घाट से निकाले गये बालू का व्यवसायिक उपयोग ना हो। बैठक में बालू के स्टॉक की भी समीक्षा की गई। आज की बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार,अपर समाहर्ता समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, खनन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि, अंचल अधिकारी सेन्हा/कैरो/भण्डरा/किस्को समेत अन्य उपस्थित थे।

चलते चलते एक नजर

## जियाडा क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करें : हेमंत



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी, जियाडा की 11 वीं बोर्ड बैठक हुई। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि जियाडा के अंतर्गत आने वाली जमीन का सीमांकन और बोर्ड लगाने का निर्देश दिया, ताकि उसका अतिक्रमण नहीं हो। उन्होंने जियाडा क्षेत्र में बिजली -पानी- सड़क जैसी इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जियाडा में जिन कंपनियों को भूमि आवंटित किया गया है, लेकिन उनके द्वारा यहां कोई प्लांट स्थापित नहीं किया गया है, उन्हो नोटिस जारी करें । उन्होंने यह भी कहा कि जियाडा परिसर के आसपास के क्षेत्रों में जिन उत्पादों की ज्यादा डिमांड और उत्पादन होता है, वैसे ही उत्पादों से जुड़े सामग्री बनाने वालों को जियाडा परिसर में जमीन आवंटित करने में प्राथमिकता दी जाय।

**15 एजेंडों पर हुई चर्चा** : जियाडा की बोर्ड मीटिंग में 15 एजेंडों पर चर्चा हुई। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि राज्य में जियाडा के बोकारो, आदित्यपुर, रांची और संथाल परगना प्रक्षेत्र में कुल 132 इंडस्ट्रियल एरिया में 3484 इंडस्ट्रियल यूनिट हैं । वहीं, जियाडा के अधीन 9013 एकड़ जमीन है, जिसमें 8021 एकड़ जमीन इंडस्ट्रियल यूनिट के लिए आवंटित की गई है।

**इनकी रही उपस्थिति:** इस बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना डाडेल, वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव केके सोन, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, उद्योग सचिव जितेंद्र कुमार सिंह, निदेशक उद्योग घोलप रमेश और जियाडा रांची, बोकारो, आदित्यपुर और संथाल परगना के क्षेत्रीय निदेशक मौजूद थे।

## देवेंद्र फडणवीस के घर के बाहर बम रखे जाने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

**मुंबई (एजेंसी):** उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नागपुर स्थित घर के सामने बम रखे जाने की धमकी देने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस धमकी को देखते हुए देवेंद्र फडणवीस के आवास की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस के अनुसार सोमवार को आधी रात में अज्ञात व्यक्ति ने नागपुर पुलिस कंट्रोल रूम को फोन कर देवेंद्र फडणवीस के घर के सामने बम रखने की धमकी दी थी।

# सांसद ने रेलवे क्रासिंग पर एलएचएस निर्माण कराने से संबंधित मामले को उठाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर:** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में नियम 377 के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत क्रमशः दोनों जिले पलामू एवं गढ़वा में कतिपय रेलवे क्रासिंग पर एलएचएस निर्माण कराने से संबंधित अति महत्वपूर्ण मामले को उठाया। सांसद श्री राम ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत कतिपय रेलवे क्रासिंग पर एलएचएस बनाने की आवश्यकता है। उल्लेखनीय है कि इन स्थानों की रेलवे क्रासिंग अधिकृत नही है।




अतः रेलवे मंत्रालय इन स्थानों पर एलएचएस बनाने के लिए इच्छुक नही है और मंत्रालय का कहना है कि राज्य सरकार चाहे तो इन स्थानों पर कंपोजिट स्कीम के अन्तर्गत एलएचएस बना सकती है। उल्लेखनीय है कि एक एलएचएस बनाने में 4 करोड़ से 5 करोड़ की अनुमानित राशि लगती है। रेलवे या राज्य सरकारों के लिए यह बहुत बड़ी राशि जनता को आवागमन में हो रही कठिनाइयों को देखते हुए अधिक नही लगती है।

सांसद ने कहा कि फिर भी मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री से माँग करता हूँ कि आकांक्षी जिलों के लिए यह कार्य रेल मंत्रालय के द्वारा कर दिया जाय।

मेरे संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत ऐसे एलएचएस की आवश्यकता पलामू जिला के लालगढ़, पंजरीकला, डाली, कजरात नावाडीह, टोला बुढवापीपर सुआ, बखारी एवं गढ़वा जिला के सोनपुरवा, अहिरपुरवा, मेराल कुम्भी में है। उन्होंने इस मामले में विचार करने का आग्रह किया है।

## नकली दवाइयां बनाने वाली 18 फार्मा कंपनियों के लाइसेंस किए गए रद्द

**नई दिल्ली :** नकली दवाओं के निर्माण से जुड़ी देश भर की फार्मा कंपनियों पर केन्द्र सरकार ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 18 फार्मा कंपनियों के लाइसेंस रद्द कर दिए हैं। भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) ने 20 राज्यों के 76 दवा कंपनियों का निरीक्षण किया था। डीसीजीआई के सूत्रों के अनुसार नकली दवाओं पर कार्रवाई के दौरान हिमाचल प्रदेश में 70 कंपनियां, उत्तराखंड में 45 कंपनियां और मध्य प्रदेश में 23 कंपनियों पर कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार डीसीजीआई की ओर से इस दिशा में कार्रवाई जारी है। लिहाजा फार्मा कंपनियों की संख्या बढ़ भी सकती है।

## सत्याग्रह से डर गई है केन्द्र सरकार : कांग्रेस



एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस ने कहा है कि केन्द्र सरकार कांग्रेस पार्टी के सत्याग्रह से डर गई है, इसलिए दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस के मशाल मार्च को रोक दिया। कांग्रेस पार्टी ने एक ट्वीट कर कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने कांग्रेस के शांतिपूर्ण प्रदर्शन को मंगलवार को रोका। पार्टी का आरोप है कि दिल्ली पुलिस ने मशाल मार्च निकाल रहे कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने मीडिया से बातचीत में कहा कि शांतिपूर्ण मार्च को रोका जाना ठीक नहीं है। यह लोकतंत्र की हत्या है। हमने मशालें जलाई लेकिन हमें रोका गया। पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है लेकिन हम रुकेंगे नहीं। उल्लेखनीय है कि मंगलवार शाम दिल्ली में कांग्रेस ने मशाल मार्च निकाला। इस दौरान पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारे लगाए और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता खत्म किए जाने का विरोध किया।

## योद्ध सिंह नामधारी मार्ग का अनावरण करना मेरे लिए सौभाग्य की बात : महापौर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** महापौर अरुणा शंकर एवं उप महापौर मंगल सिंह ने स्वर्गीय अनिल सिन्हा चौक (विमेंस कॉलेज रोड से) महापौर आवास तक के मार्ग का बोर्ड द्वारा पारित योद्ध सिंह नामधारी मार्ग के शीलापट का अनावरण किया। महापौर अरुणा शंकर ने इस अवसर पर कहा कि यह हमारे लिए गौरव का पल है। जिनके नाम से हमारे प्रमंडल में एकमात्र महिला कॉलेज उस वक्त खोला गया, जब महिलाएं कॉलेज जाने में डरती थी। ताकि महिलाएं ज्यादा से ज्यादा शिक्षा ले सके। उस महापुरुष के नाम से आज इस मार्ग का नामकरण कर हम सब गौरवान्वित हैं। इस




अवसर पर वार्ड पार्षद प्रदीप कुमार अकेला के अलावे नामधारी परिवार से संतोष सिंह नामधारी, समाजसेवी सोनू सिंह नामधारी तथा कई नामधारी परिवार के महिला एवं बच्चे भी उपस्थित हुए। महापौर ने कहा कि कुछ लोग इतिहास मिटाने पर विश्वास करते हैं। मैं इतिहास को जन्म जन्म तक लोग याद रखें, इस पर विश्वास करती हूं। महापौर ने कहा कि जल्द संविधान सभा के सदस्य गोपा बाबू के नाम अग्रसेन चौक से मरीन ड्राइव तक के रोड का नामकरण गोपा बाबू मार्ग, जेलहाता ओवर ब्रिज चौक से पूर्व चौक का नामकरण संविधान सभा के सदस्य स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय यदुवंश सहाय चौक, मनोहरपोथी एवं पलामू का इतिहास लिखने वाले हवलदारीराम हलदर के नाम लाल कोठा मोड का नाम हवलदारीराम हलदर चौक एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश रहे स्वर्गीय बैजनाथ सिंह के याद में भारत माता चौक (साहित्य समाज चौक) से पत्थर मिल चौक तक के मार्ग का नाम बैजनाथ सिंह मार्ग बोर्ड द्वारा पारित किया जा चुका है। जिसका जल्द अनावरण कर मैं गौरवान्वित महसूस करूंगी। महापौर ने कहा कि जल्द कई और भी चौक चौराहे या रोड स्वतंत्रता सेनानी तथा समाजसेवियों के नाम से नामित किए जाएंगे।ताकि आने वाली पीढ़ी उन्हें याद रखे।